CMYK

सूर्योदय : 6:16
सूर्यास्त : 6:14
अधिकतम तापमान : 32.5
न्यूनतम : 19.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-266 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 18 मार्च 2026
28 रमज़ान 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com






CMYK

# बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा क्षेत्र के धौरहरा बाईपास के पास सोमवार की रात करीब आठ बजे ससुराल जा रहे बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के समय युवक की ममेरी बहन भी बाइक पर सवार थी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी ममेरी बहन का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बहराइच जिले के थाना सुजौली क्षेत्र के गांव चफरिया निवासी इतवारी का 25 वर्षीय बेटा लालू सोमवार की शाम बाइक से ममेरी बहन के साथ धौरहरा कस्बे में स्थित अपनी ससुराल आ रहा था।बताते हैं कि रात करीब आठ बजे जैसे ही वह धौरहरा बाईपास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसको टक्कर ने मार दी। हादसे में लालू की मौत हो गई, जबकि उसकी ममेरी बहन का इलाज जिला अस्पताल में गंभीर घायल हालत में जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बाघ के हमले से हुई मनोज की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

### नाराज ग्रामीणों ने शव रोड पर रखकर लगाया जाम

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** महेशपुर मे बाघ के हमले से हुई मनोज की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हैं। मंगलवार दोपहर ढाई बजे जैसे ही मनोज का शव पोस्टमार्टम के बाद लाया गया, नाराज ग्रामीणों ने शव रोड पर रखकर जाम लगा दिया। गांव वालों ने मोहम्मदी-लखीमपुर हाईवे और लखीमपुर-अजान रोड को बंद कर दिया है।

मौके पर भारी फोर्स मौजूद है। पर गांव वाले रोड खोलने को राजी नहीं हैं। वे हाथों में लाठी-डंडे लेकर डटे हुए हैं।महेशपुर वन रेंज के आंवला बीट के गांव नंदलालपुर निवासी गजोधर लाल का बेटा मनोज कुमार सोमवार को अपने खेत में सरसों की फसल काट रहा था उसी दौरान दोपहर बाद अचानक पीछे से आए बाघ ने उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद 112 पुलिस की मदद से घायल युवक को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाघ के हमले के बाद वन विभाग हरकत में आ गया है। डीएफओ तापस मिहिर ने बताया कि बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए महेशपुर रेंज में पिंजरा लगाया गया है। लगातार काबिंग ऑपरेशन चल रहा है, जिसमें ड्रोन और कैमरा ट्रैप का भी इस्तेमाल किया जा रहा। उधर वन विभाग के प्रयासों से इतर गांव वालों में गुस्सा है। गांव वालों ने मनोज का शव रखकर हाईवे व लिंक रोड को बंद कर दिया है। वे परिवार को मुआवजा, एक सदस्य को नौकरी देने की मांग कर रहे हैं।

## 8.50 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.50 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपी पड़ोसी देश नेपाल के कैलाली जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया है। चेकिंग के दौरान एक पल्सर बाइक को रोका। तलाशी में बाइक सवार तीन युवकों के पास से काले रंग की पन्नी में बनी 13 पुड़ियों में कुल 8.50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।पकड़े गए आरोपियों के नाम बिमल चन्द, विनोद पुनमगर और प्रदीप चोखल हैं, जो सभी नेपाल के जिला कैलाली के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं।

## यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो रहा है। मूल्यांकन केन्द्रों पर व्यवस्थाएं कंपलीट हो गई हैं। मूल्यांकन केन्द्रों की मानीटरिंग के लिए मंडल स्तर पर भी कंट्रोल रूम खोला गया है। जहां से लखनऊ मंडल के सभी जिलों में मूल्यांकन पर नजर रखी जाएगी। शहर के राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज और गांधी विद्यालय इंटर कालेज को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। बुधवार से मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। मूल्यांकन कार्य के अनुश्रवण के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ मण्डल डॉ.प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में लखनऊ मण्डल के सभी छह जिलों लखीमपुर, सीतापुर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली व हरदोई में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के उत्तर पुस्तिकाओं के समयबद्ध मूल्यांकन के लिए मण्डलीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है।यह कंट्रोल रूम जेडी कार्यालय शिक्षा भवन लखनऊ में खोला गया है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार को नियंत्रण कक्ष का नोडल बनाया गया है। मण्डलीय कण्ट्रोल रूम में वन्दना तिवारी, नीलिमा द्विवेदी, प्रवेश सोनी व अनुप्रिया तिवारी को नियुक्त किया गया है। मंडलीय कंट्रोल रूम से सभी जिलों के मूल्यांकन केन्द्रों पर नजर रखी जाएगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक मूल्यांकन की प्रगति से मण्डलीय कन्ट्रोल रूम को लगातार सूचित करने के निर्देश दिये हैं।

## नजीबाबाद नगर पालिका परिषद के सरकार द्वारा नामित सभासद बने नमन गुप्ता



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जनता पार्टी के नजीबाबाद निवासी युवा नेता नमन गुप्ता को सरकार ने नगर पालिका परिषद नजीबाबाद का नामित सभासद नियुक्त किया यह खबर सुनते ही शहर में खुशी का माहौल नज़र आया और वही नमन गुप्ता के समर्थकों ने उन्हें हर्षोल्लास के साथ बधाई दी। नमन गुप्ता से बातचीत करने के दौरान उन्होंने बताया कि मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है मैं उसका अपनी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करुंगा। इसी के साथ नगर में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के महामंत्री अभिषेक यादव को भी नामित सभासद बनाया गया।

## नमाज़ियों ने देश में अमन-शांति व खुशहाली के लिए की दुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**महोबा।** रमजानुल मुबारक की 27वी शब को मुहल्ला चौसियापुरा की मस्जिद में हाफिज कारी मुईन साहब ने तरावीह पढ़कर कुरआन मुकम्मल किया गया। तरावीह खत्म होने के बाद हाफिज ने रमजान की फजीलत पर तकरीर की गई, इसके बाद फातिहा पढ़ी गई और मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारा बनाए रखने के साथ साथ बीमार लोगों को शिफा के लिए दुआएं की गई। तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज साहब को मस्जिद की कमेटी के लोगों ने फूल माला पहलनाकर 60786 रुपये नजराना पेश किया। आखिर में आए हुए सभी लोगों को तबर्रूख दिया गया। शहर के मुहल्ला चौसियापुरा में इशा की नमाज के बाद हाफिज ने तरावीर में कुरआन का तीसवां पारा पढ़कर तरावीह मुकम्मल की। तरावीह के बाद नातिया कलाम पेश किए गए, जिसे लोगां ने खमोशी के साथ सुना। इसके बाद फातिहा पढ़ी गई और देश की तरक्की और आपसी भाईचारे के साथ लोगों को हर परेशानी और बीमारियों से शिफा की दुआं मांगी गई। मस्जिद की कमेटी नं तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज का फूल माला पहनाकर इस्तिकबाल किया गया साथ ही 60786 नगद राशि, कपड़े मिठाई आदि नजराने के तौर पर दिया गया। तरावीह सुनने वालों ने भी हाफिज ए कुरआन से मुसाफा कर उनके गले मिले और इत्र लगाया। तरावीह मुकम्मल होने के बाद दावते इस्लामी के मैराज अत्तारी ने मुस्लिमों से अपने बच्चों को हाफिज ए कुरान बनाए जाने पर जोर दिया, जिससे उस बच्चे के हाफिज बनने से उसका बेड़ा पार होगा साथ ही उसक मां बाप को भी जन्नती लिबास पहनाया जाएगा।

## मौलाना डॉ. फुरकान ने दी ईद की मुबारकबाद, गोरखपुर-पानीपत एक्सप्रेसवे को बताया विकास की नई राह



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** मौलाना डॉ. फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने देशवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम है और यह त्योहार मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ईद की नमाज़ से पहले गरीबों में फितरा बांटें, ताकि ग़रीब लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। मौलाना ने साथ ही 747 किलोमीटर लंबे गोरखपुर-पानीपत एक्सप्रेसवे को मंजूरी मिलने को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कुल 22 जिले को जोड़ेगा जो शामली जिले के गोगवान जलालपुर के पास से शुरू होकर गोरखपुर तक प्रस्तावित है। इसमें कुशीनगर, गोरखपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, बरेली, संभल, अमरोहा, मेरठ, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली से होते हुए हरियाणा के पानीपत तक करीब 22 जिलों से होकर गुजरेगा। जिसे प्रदेश के साथ कई अन्य राज्यों तक सफर आसान बना रहे हैं। सड़क मार्ग के निर्माण से दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक का सफर आसान होगा। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है। मौलाना डॉ. फुरकान ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा लिखी किताब एक मजलिस की तीन तलाक़ एक वाक्या होती है तीन नहीं पर मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी हैदराबाद के चांसलर फिरोज बख्त अहमद ने इसे कुरान व सुन्नत की रोशनी में समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

फिरोज बख्त अहमद के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी इस किताब की तारीफ़ की है। मौलाना डॉ. फुरकान के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी राय दी थी कि यह किताब मदरसों और हर उर्दू लाइब्रेरी में उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि तलाक़ के बारे में और इस्लाम में हलाला मुरवज्जा के नाजायज़ व हराम होने के बारे में लोगों को सही जानकारी मिल सके। उनका मानना है कि यह किताब मुस्लिम समाज में जागरूकता लाने और महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

मौलाना ने देश में अमन-ओ-सलामती, भाईचारा और आपसी मोहब्बत कायम रहने की दुआ की। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सौहार्द और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना ही देश को मज़बूत बनाती है। और इस मौके पर मेरी तमाम मुसलमान भाईयों से अपील है कि वह सड़कों पर हरगिज़ नमाज़ न पढ़ें चाहे मस्जिदों में दो बार नमाज़ पढ़नी पड़े और हरगिज़ कोई ऐसा काम न करें के जिससे कानून व्यवस्था खराब हो।

## चैयरमेन ने अफसरों के साथ किया ईदगाह का जायज़ा



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** इंजीनियर मौज़्ज़म खां ने उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के साथ मिलकर ईदगाह का जायज़ा लिया। इस दौरान चैयरमेन साहब ने ईद की नमाज के लिए बड़ी संख्या में ईदगाह पर लोग नमाज पढ़ने आते हैं जिससे नमाज के दौरान नमाजियों को कोई दिक्कत परेशानी ना हो इसको चलते हुए उन्होंने शहर के अफसरो के साथ मिलकर साफ सफाई और पुताई का जायज़ा लेकर सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि ईद के मौके पर सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए।

## जाति,जनजाति संघर्षो व विकास की थीम पर मनाया गया जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव अस्तित्व



*अवधनामा संवाददाता*

**पीलीभीत।** गैस चौराहा स्थित जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजय सिंह गंगवार जी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद जी व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. कार्यक्रम भारत के विभिन्न राज्यों के जाति जनजाति संघर्ष व विकास पर आधारित थीम पर मनाया गया। विद्यालय की फाउंडर प्रिंसिपल व निदेशक डॉ. गुंजन तिवारी ने स्वागत स्पीच प्रस्तुत की । भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी की जीवन कथा पर आधारित नाटक ने सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम ऐतिहासिक थीम पर आधारित था जिसमें प्रसिद्ध लोक कथाओं जैसे आसाम का झूमर नृत्य, डेजर्ट ट्राइब्स, उड़ीसा के खानाबदोश जाति के संघर्ष , विरसा मुंडा के बलिदान आदि का मंचन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में सफल होने के लिए पुरस्कार दिए गए. जेएमबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अंचल गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय के स्टाफ तथा बच्चों को बधाई दी तथा जेएमबी ग्रुप के नए उपक्रमों के बारे में अवगत कराया. विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ उदिता अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट के रूप में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों को उजागर किया. विद्यालय की इंचार्ज श्रीमती प्राची गुप्ता ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया. कार्यक्रम की कोरियोग्राफी मुश्ताक रजा द्वारा की गई कार्यक्रम में जगदीश बाबू गुप्ता, डॉ. संजय गुप्ता, दीपेश अग्रवाल, नितिन गुप्ता, अरविंद गुप्ता , डॉ. एस.पी.एस संधू, राजवीर सिंह, लक्ष्मीकांत शर्मा, एडवोकेट विवेक अवस्थी, विवेक शर्मा, रतन नाथ मिश्र,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विराट वर्मा, निशांत गंगवार, पारुषि अग्रवाल, आराध्या शर्मा, लाव्या गंगवार, विहान राजपूत, श्रेयांशी कटियार सहित लगभग 260 बच्चों ने प्रतिभा किया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के एक वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**महोबा।** भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के मौके पर पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता के अलावा बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने भगवान श्रीराम व बजरंगबली की आराधना कर संगठन की निरंतर प्रगति और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को उनके सफल एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और संगठन के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड का पाठ भगवान राम और हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के अलावा सकारात्मक ऊर्जा फैलाने व धार्मिक माहौल बनाने के उद्देश्य किया गया।

## सीओ कुलपहाड़ ने थाना अजनर के उपनिरीक्षकों, विवेचकों के साथ की बैठक, लंबित विवेचनाओं व कानून व्यवस्था की समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*



**महोबा।** पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड़ ने थाना अजनर के उपनिरीक्षकों, विवेचकों के साथ बैठक करते हुए लंबित विवेचनाओं व कानून व्यवस्था की समीक्षा। बैठक दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीकेक से संपन्न कराए जाने से संबन्धित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने प्रचलित अभियानों की स्थिति, लंबित प्रार्थना पत्रों, आईजीआरएस, शस्त्र लाइसेंस संबन्धी प्रकरणों, गुमशुदगी, बरामदगी के अलावा निरोधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की। उनहोंने संबन्धित विवेचकों को सभी लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक दौरान पुलिस की डिजिटल कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए यक्ष ऐप, ईसम्मन, ईसाक्ष्य व एसआईडी पोर्टल पर सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं शत प्रतिशत अद्यतन करने के निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी, चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने, प्रभावी गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग करने के अलावा स्थानीय स्तर पर संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति को तत्काल नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। इस मौके पर थाना अजनर के उपनिरीक्षक सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## शब-ए-कद्र की रात मस्जिदें लोगों से रही गुलजार, पूरी रात जागकर लोगों ने की इबादत तिलावत



**महोबा। (अवधनामा संवाददाता)** मुकद्दस माह रमजान शब-ए-कद्र पर मस्जिदें लोगों से गुलजार रहीं। लोगों ने पूरी रात जागकर इबादत तिलावत की। इस रात की बेइंतहा फजिलत होने के कारण लोग नींद की परवाह न करते हुए रात में दस बजे से मस्जिदों में नमाज, इबादत, तिलावत करने में मशगूल हो गए और अल्लाह ताआला से अपने गुनाहों की माफी के लिए दुआ मांगी। बताया जाता है कि इस रात को अल्लाह ताआला अपने बंदों की जायज मुरादों को पूरा करता है, इसलिए रमजान के आखिरी अशरे को निजात का अशरा कहा जाता है। रमजानुल मुबारक माह की शब-ए-कद्र का बड़ा महत्व है। शब का मतलब है रात और कद्र का मतलब सम्मान। इस तरह शब-ए-कद्र का मायना हुआ सम्मान की रात। रमजान की 27वीं शब पर शहर के विभिन्न मस्जिदों और घरों में लोग इबादत तिलावत में मशगूल रहे। शब-ए-कद्र के चलते मस्जिदों में पूरी रात चहल पहल रही। कोई नफिल नमाज, तो कोई कुरआन की तिलावत करता है। शब-ए-कद्र दौरान सलातो तसबीह और तहाजुद की नमाज पढ़ाई गई। कुछ लोग जिक्र-ए-इलाही तो कुछ लोग दरूद शरीफ पढ़कर पूरा रात इबादत कर काटी। लोगों ने अल्लाह तआला से अपने गुनाहों की मांफी और खैरो बरकत की दुआएं मांगी गई। मस्जिद कमेटियों ने शब-ए-कद्र में इबादत तिलावत करने वाले लोगों के लिए कहीं पर सहरी तो कहीं पर चाय आदि का भी इंतजाम किया गया। रोजेदारों ने समय पर सहरी की और नियत कर रोजा रखा।

## विधायक की अध्यक्षता में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई

*अवधनामा संवाददाता*



**फर्रुखाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति व जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि वह ग्राहकों को अनावश्यक रूप से परेशान ना करें यदि कोई ग्राहक एक बार लोन का पैसा जमा कर देता है और दोबारा लोन के लिए अप्लाई कर देता है तो उसे दोबारा लोन मिलना उचित है पंजाब नेशनल बैंक में 5फाइल पेंडिंग पडी है बैंकों की टालमटोल के रवैया को देखकर जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक निदेशक को पत्र लिखा जाए आईडीबीआई का भी एक प्रकरण पेंडिंग है बंधन बैंक में तीन प्रकरण पेंडिंग है इंडियन ओवरसीज में भी तीन प्रकरण पेंडिंग है सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ने अच्छा कार्य किया है मुख्य मंत्री युवा योजना में लक्ष्य से अधिक कार्य किया है ग्रामीण बैंक की पेंडेंसी भी अधिक है विधायक अमृतपुर ने कहा की यूनियन बैंक का भी प्रदर्शन खराब है बैंक आफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन खराब पाया गया कोऑपरेटिव बैंक के प्रतिनिधि अनुपस्थित थे कुल मिलाकर ग्रामीण बैंक का कार्य बेहतर है अटल पेंशन योजना 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के लोगों के लिए है आईसीआईसीआई बैंक में एक भी फॉर्म नहीं भराया इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के बाद अधिकतम ?5000 की पेंशन मिलने की क्रियाविधि है कल एक कैंप लगेगा कैंप में पात्र व्यक्तियों को जिन्होंने आवेदन किया है उन्हें लोन वितरण किया जाएगा लक्ष्य है।

## जल महोत्सव पर जल अर्पण कार्यक्रम के मौके पर जिलाधिकारी द्वारा जल के महत्व पर प्रकाश डाला गया



**फर्रुखाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत रम्पुरा विकास खण्ड बढ़पुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित पेयजल योजना पर जल महोत्सव पखवाड़ा के अन्तर्गत जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जल अर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय फर्रूखाबाद द्वारा जल के महत्व एवं जल संचयन के संबंध में ग्रामवासियों को अवगत कराया गया एवं जिलाधिकारी महोदय व मुख्य विकास अधिकारी महोदय फर्रूखाबाद द्वारा योजना का जलार्पण किया गया साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त ग्रामवासियों को पेयजल का सीमित उपयोग करने एवं पेयजल की रक्षा करने हेतु शपथ दिलाई गई। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा ग्राम में निर्मित पेयजल योजना के संबंध में ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री विनोद कुमार गौड़, मुख्य विकास अधिकारी (विशेष अतिथि), अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), श्री सजन कुमार, सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) नितिन वर्मा, जूनियर इंजीनियर अंकुर सक्सेना, जूनियर इंजीनियर अखिलेश कुमार, कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर अभय सिंह, जिला प्रोजेक्ट मैनेजर विकास राय एवं खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर, श्री योगेश कुमार पाण्डेय एवं ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों की गरिमायी उपस्थिति रही।

## सेवानिवृत्ति शिक्षक विनोद पाठक एवं अशोक वर्मा को सम्मानित किया गया



*अवधनामा संवाददाता*

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र की न्याय पंचायत मुडौल मे शिक्षक संकुल बैठक में विनोद पाठक, अशोक वर्मा को किया सम्मानित - न्याय पंचायत मुडौल की मासिक बैठक में इस सत्र में सेवानिवृत्त हो रहे विनोद पाठक और अशोक वर्मा का माल्यार्पण कर,शाल उड़ाकर, गीता की पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने खट्टे मीठे अनुभव शेयर करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। वैधानिक व्यवस्था के तहत उसे रिटायरमेंट दिया जाता है किन्तु शिक्षकों को अपने अनुभव से शिक्षा विभाग और समाज में सदैव सक्रिय बनकर अपनी सेवाएं देते रहना चाहिए।इस अवसर पर अरविंद मिश्रा, अनुराग पाठक, मनोज कुमार, विनोद गंगवार, विक्रांत पाठक,रवि गुप्ता, ब्रजेश दीक्षित,संजू दीक्षित, नारायण दीक्षित , ओमदत्त शर्मा, जसविंदर गंगवार,अनुपम सक्सेना,, हेमलता वर्मा, अनीता यादव ने संबोधित किया। विशेष अल्पाहार और केक काटकर मनाया गया विदाई समारोह।

CMYK

सूर्योदय : 6:13
सूर्यास्त : 6:15
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-266 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 18 मार्च 2026
28 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# होर्मुज में फंसे हैं एलपीजी से लदे जहाज

■ ईरान से चल रही भारत की बात




**नई दिल्ली।** मंगलवार सुबह एलपीजी से लदा एक और जहाज भारतीय तट पर पहुंच गया, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को लेकर चिंता बरकरार है। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की ओर से आयोजित एक उच्चस्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ संकेत दिए गए कि मौजूदा हालात अभी स्थिर नहीं हैं और अगले कुछ दिनों के भीतर बाहर से एलपीजी टैंकर भारतीय रिफाइनरियों पर नहीं पहुंचते हैं तो आने वाले दिनों में संकट और बढ़ सकता है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को दो बार दोहराया कि देश में एलपीजी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। होर्मुज जलडमरुमध्य में फंसे एलजीपी व क्रूड टैंकर से लदे एक दर्जन भारतीय जहाजों की स्थिति मंगलवार देर रात खबर लिखे जाने तक अस्पष्ट थी, हालांकि विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस बारे में ईरान के साथ बातचीत की जा रही है।

सरकार की तरफ से बताया गया है कि होर्मुज मार्ग से एलपीजी से लदा जहाज शिवालिक मुंद्रा पोर्ट पर मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे पहुंच गया। सोमवार शाम को एक और एलपीजी वाहक जहाज पहुंचा था। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इनसे केवल सीमित और अस्थायी राहत ही मिल पाएगी।

भारत की विशाल खपत के मुकाबले इन जहाजों की आपूर्ति बेहद कम है। देश में रोजाना करीब 60 हजार टन एलपीजी की जरूरत होती है, जबकि उक्त दोनों जहाजों में संयुक्त तौर पर 93 हजार टन एलपीजी होने की बात सामने आई है। इससे दीर्घकालिक राहत की उम्मीद नहीं की जा सकती।

दीर्घकालिक राहत तभी मिलेगी जब होर्मुज पूरी तरह से खुल जाए या दूसरे समुद्री मार्ग से एलपीजी की आपूर्ति लगातार शुरू हो जाए। खाड़ी क्षेत्र के कई एलपीजी उत्पादक देशों की स्थिति भी स्पष्ट है और उनके दर्जनों एलपीजी टैंकर विभिन्न बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। एलपीजी की आवक को लेकर स्पष्टता का नहीं होना एक बड़ी समस्या है। पेट्रोलियम मंत्रालय का डाटा बताता है कि अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 तक भारत ने 1.89 करोड़ मैट्रिक टन एलपीजी आयात किया है और 1.1 करोड़ मैट्रिक टन एलपीजी उत्पादन किया है।

सूत्रों का कहना है कि पश्चिम एशिया तनाव के बाद दुनिया में दो सबसे बड़े उपभोक्ता देश चीन व भारत की तरफ से एलपीजी खरीदने की कोशिश हो रही है। भारतीय कंपनियों को सौदा का अंतिम रूप देने में चीनी कंपनियों की आक्रामक बिडिंग का सामना करना पड़ रहा है।

पश्चिम एशिया समस्या ने जिस तरह से एलपीजी को लेकर चिंता पैदा की है उसको देखते हुए सरकार ने पूरे देश में पीएनजी बिछाने के काम को युद्ध स्तर पर लागू करने का फैसला किया है। राज्यों को कहा गया है कि वो मौजूदा हालात में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने व कनेक्शन देने के नियमों को ज्यादा से ज्यादा उदार बनायें। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव शर्मा ने कहा कि एलपीजी की स्थिति चिंताजनक है।

### घरेलू एलपीजी उत्पादन को प्राथमिकता

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका से एलपीजी खरीदा गया है लेकिन अमेरिकी एलपीजी के भारतीय रिफाइनरियों तक पहुंचने में चार से पांच हफ्ते का समय लगता है। रूस से एलएनजी खरीदने की भी सूचना है लेकिन उसे एलपीजी में बदलने की प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें अतिरिक्त समय लगेगा। ऐसे में राहत की एक मात्र बात यह है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने पहले ही फौरी तौर पर देश की रिफाइनरियों को घरेलू एलपीजी उत्पादन को प्राथमिकता देने की बात कही है। सोमवार तक रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन 38 फीसद तक बढ़ा दिया गया है। समस्या यह है कि घरेलू उत्पादन सीमित स्तर तक ही बढ़ाया जा सकता है। भारत घरेलू जरूरत का 60 फीसद आयात करता है और 40 फीसद घरेलू स्तर पर उत्पादित करता है। आयात होने वाले कुल एलपीजी का 90 फीसद होर्मुज मार्ग से आता है।

# 24 घंटे में हटाएं सोशल मीडिया पोस्ट

**एप्स्टीन मामला**

■ मंत्री हरदीप पुरी की बेटी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा आदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को दोषी अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा ने उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया मंचों पर किसी भी तरह से ऐसी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करने से भी रोका। हिमायनी पुरी द्वारा दायर एक मुकदमे की सुनवाई कर रहीं न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता पोस्ट नहीं हटाते हैं, तो मंच ऐसी सामग्री को हटा देंगे या उस तक पहुंच को अवरुद्ध कर देंगे।

अदालत ने कहा कि हिमायनी पुरी के पक्ष में प्रथम दृष्टया मामला बनता है और यदि अंतरिम राहत नहीं दी गई तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी। उच्च न्यायालय ने कहा, परिणामस्वरूप, अगली सुनवाई की तारीख तक निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं। अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई अगस्त में तय की। वादी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि वित्त पेशेवर के रूप में उनकी मुवक्किल की वैश्विक प्रतिष्ठा है जिसकी रक्षा करने की जरूरत है और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे, बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि मानहानिकारक सामग्री उन उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रकाशित और साझा की गई थी जो स्वयं को पत्रकार या 'कंटेंट क्रिएटर' बताते हैं। जेठमलानी ने अदालत को यह भी बताया कि वादी न्यूयॉर्क की निवासी हैं और उन्होंने अदालत से वैश्विक स्तर पर मानहानिकारक सामग्री को अवरुद्ध करने का आदेश पारित करने का आग्रह किया। मेटा प्लेटफॉर्म्स की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने दलील दी कि इस तरह के आदेश किसी भी देश में पारित नहीं किए गए हैं और आपत्तिजनक सामग्री को देश-विशेष के आधार पर ही ब्लॉक किया जाता है।

उन्होंने अदालत को बताया कि वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया सामग्री को हटाने का मुद्दा उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष लंबित है। फिलहाल सोशल मीडिया सामग्री हटाने के आदेश को भारत तक सीमित रखते हुए अदालत ने उपयोगकर्ताओं और सोशल मीडिया मंचों को समन जारी किए।




28 रमज़ान 18.03.2026

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:49 | 06:17 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:42 | 06:29 |

# सीएम योगी ने निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

■ गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं, 31 मई तक हर हाल में पूरा हो निर्माण




**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को 31 मई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने परिसर में मौलिश्री का पौधा रोपित किया और अकादमिक व प्रशासनिक ब्लॉकों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 31 मई तक हर हाल में विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। साथ ही परिसर के अंदर सड़कों का निर्माण और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने साफ किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

योगी ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि यहां ऐसे पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं, जो युवाओं को कौशल विकास के साथ रोजगार से भी जोड़ें। उन्होंने कहा कि इसका लाभ खासतौर पर मीरजापुर, सोनभद्र और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को मिलना चाहिए। तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर भी शासन स्तर से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और सरकार ने मां विंध्यवासिनी के नाम पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना कर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि वर्षाकाल में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाए। उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सहभागिता से परिसर और आसपास हरियाली बढ़ाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री के आगमन पर कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## मां विंध्यवासिनी के दरबार में लगाई हाजिरी

■ विंध्यधाम पहुंचे मुख्यमंत्री, नवरात्र मेले की तैयारियों का लिया जायजा



**मिर्जापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी व अपनी कुलदेवी मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। उन्होने 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पूरे मंदिर परिसर को फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया था।

मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका कुलदेवी के धाम में यह अठारहवां दौरा बताया गया। मुख्यमंत्री के विंध्यधाम पहुंचने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। उनके दर्शन-पूजन के दौरान आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन अस्थायी रूप से रोक दिए गए थे। मुख्यमंत्री के धार्मिक अनुष्ठान स्थानीय भाजपा विधायक एवं पुरोहित रत्नाकर मिश्र और उनकी टीम ने संपन्न कराए।

## केसी त्यागी ने जदयू छोड़ा, कहा-भविष्य को लेकर जल्द फैसला करेंगे

**नई दिल्ली।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पार्टी छोड़ दी है और अपने भविष्य के कदम को लेकर जल्द फैसला करेंगे। के.सी. त्यागी समता पार्टी और जनता दल के विलय से अक्टूबर 2003 में अस्तित्व में आई पार्टी जदयू से जुड़े हुए थे।

उन्होंने जदयू में मुख्य महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और सलाहकार सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया था। के.सी. त्यागी ने बताया कि मैंने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व राज्यसभा सदस्य ने कहा, पार्टी का सदस्यता अभियान समाप्त हो गया है। इस बार मैंने पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया है। उन्होंने रेखांकित किया कि समाज के वंचित वर्गों सहित दलितों, किसानों और कृषि श्रमिकों के हितों से संबंधित व्यापक वैचारिक मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह ही दृढ़ है।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

■ बच्चा गोद लेने वाली मां को भी मिलेगी 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महिलाओं के हक में एक एतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि अब बच्चा गोद लेने पर भी मां को 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव दी जाएगी।

कोर्ट ने कहा कि गोद लिए गए बच्चे की उम्र चाहे जो भी हो, मां को पूरे 12 हफ्ते की छुट्टी दी जाएगी। कोर्ट ने उस कानूनी प्रावधान को निरस्त कर दिया है, जिसमें सिर्फ तीन महीने तक की उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही मैटरनिटी लीव की अनुमति थी, लेकिन अब ऐसी कोई शर्त नहीं है। मौजूदा समय में यह नियम है कि बच्चा गोद लेने वाली मां को 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव तभी मिलेगी जब गोद लिया गया बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि एक बायोलॉजिकल मां की तरह ही गोद लिए गए बच्चे की मां को भी मैटरनिटी लीव मिलने चाहिए। कोर्ट का मानना है कि मैटरनिटी का अधिकार और बच्चे की देखभाल की जरूरत उम्र पर निर्भर नहीं करती। कोर्ट ने तीन महीने की उम्र सीमा को हटाते हुए कहा कि ये भेदभाव करता है। कोर्ट ने माना कि बच्चे को गोद लेने वाली मां को भी बच्चे के साथ इमोशनल तालमेल बिठाने और उसकी देखभाल के लिए समय की जरूरत होती है। इसके अलावा कोर्ट ने इस प्रक्रिया में पिताओं की भूमिका पर भी बात की। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वो पितृत्व अवकाश पर भी एक ठोस नीति बनाने पर विचार करे। कोर्ट का मानना है कि बच्चे के पालन पोषण में पिता की भागीदारी भी उतनी अहम है।

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस सख्त

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन विधायकों रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को वोट दिया था, जिसके चलते कांग्रेस और बीजद के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी इसकी जानकारी दी गई है। भक्त चरण दास ने विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने पर हैरानी जताई।

# मायावती का सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला

■ कहा- बीएसपी को खुश करने में लगी हैं सपा-कांग्रेस



**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। इसे लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधा है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सपा व कांग्रेस आदि ये दलित-विरोधी पार्टियां, इस बार यूपी में विधानसभा आम चुनाव के नजदीक आते ही, इनके वोटों के स्वार्थ में बीएसपी के संस्थापक कांशीराम की सोची-समझी रणनीति के तहत जयंती मनाकर तथा कांग्रेस पार्टी तो अपनी केंद्र की सरकार में रहकर इनको 'भारत रत्न' की उपाधि न देकर, अब दूसरी पार्टी की सरकार से देने की मांग कर रही है, यह हास्यास्पद नहीं है तो क्या है? उन्होंने कहा कि ये पार्टियां शुरू से ही बीएसपी को खत्म करने में लगी रही हैं, जिस पार्टी की कांशीराम ने खुद नींव रखी है, जिसे इनकी एकमात्र उत्तराधिकारी एवं बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के जीते-जी कोई हिला नहीं सकता है। इतना ही नहीं, बल्कि इससे ऐसा भी लगता है कि इन पार्टियों के महापुरुषों में कोई जान नहीं है, जो अब ये हमारे महापुरुषों को भुनाने में लगे हैं, जिन्होंने कांशीराम के जीते-जी हर मामले में हमेशा इनकी उपेक्षा की है।

मायावती ने आगे कहा कि इनके सम्मान में बीएसपी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को भी सपा सरकार द्वारा अधिकांशतः बदल दिया गया है। यह है इन पार्टियों का इनके प्रति दोगला चाल व चरित्र, इसलिए यदि सपा व कांग्रेस आदि के खासकर दलित चमचे चुप रहें तो उनके लिए यह बेहतर होगा। यही सलाह है। हालांकि, ऐसे लोगों से दूरी बनाने के लिए ही कांशीराम ने 'चमचा युग' के नाम से अंग्रेजी में एक किताब भी लिखी है।

**ट्रंप को झटका** अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

# इस्राइल के दबाव में किया ईरान पर हमला : जो केंट



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया।

जो केंट ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं बल्कि इस्राइल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लॉबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए।

जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। जो केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया।

जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वॉशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं। जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रंप प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली।

जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इस्राइल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। इससे अमेरिका की ईरान नीति पर नए सवाल खड़े हो सकते हैं।

### आईडीएफ का दावा- हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत

**तेहरान।** इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इस्राइली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था। लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। बासिज फोर्स के कमांडर की भी मौत का दावा इन हमलों में इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है।

# पश्चिम एशिया संकट से भुखमरी का खतरा

■ दुनिया भर में 4.5 करोड़ अतिरिक्त लोग हो सकते हैं प्रभावित



**रोम।** संयुक्त राष्ट्र के संगठन विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूयईपी) ने मंगलवार को एक गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अधिक बढ़ता है, तो साल 2026 में वैश्विक खाद्य असुरक्षा अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। डब्ल्यूएफपी की यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। संगठन के नए विश्लेषण के अनुसार, युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता आने से करोड़ों लोग 'गंभीर भुखमरी' की चपेट में आ सकते हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि अगर यह संघर्ष साल के मध्य तक समाप्त नहीं होता और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो लगभग 4.5 करोड़ अतिरिक्त लोग खाद्य असुरक्षा के दायरे में आ जाएंगे। वर्तमान में दुनिया भर में 31.8 करोड़ लोग पहले से ही खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। नया संकट इस संख्या को यूक्रेन युद्ध के समय देखे गए 34.9 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर के करीब ले जा सकता है। इसमें कहा गया है कि पश्चिम एशिया हालांकि मध्य पूर्व मुख्य रूप से 'एनर्जी हब' है न कि अनाज भंडार, लेकिन ऊर्जा की कीमतों में उछाल का सीधा असर परिवहन और खेती की लागत पर पड़ता है, जिससे खाद्य सामग्री महंगी हो जाती है। आयात पर निर्भर रहने वाले एशिया के देशों पर इसका बुरा असर पड़ेगा। अकेले एशिया में खाद्य असुरक्षित लोगों की संख्या में 24 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। जबकि पश्चिम और मध्य अफ्रीका में 21 प्रतिशत और दक्षिणी अफ्रीका में 17 फीसदी की वृद्धि का पूर्वानुमान है। सूडान जैसे देश, जो अपनी जरूरत का 80 फीसदी गेहूं आयात करते हैं, और सूखे से जूझ रहे सोमालिया जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है।

### संघर्ष लोगों को प्रभावित करेगा

डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काउ ने कहा, यह संघर्ष वैश्विक स्तर पर लोगों को प्रभावित करेगा और उन परिवारों को ज्यादा चोट पहुँचाएगा जो पहले से ही अपने अगले भोजन का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मानवीय सहायता के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं मिली, तो यह करोड़ों लोगों के लिए तबाही का कारण बन सकता है।

CMYK

## दादा मियां मस्जिद गेरोंडा में हाफिज हैदर अली ने तरावीह में कुरआन मुकम्मल किया

रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) माह ए रमजान का मुकद्दस महीना चल रहा है। क्षेत्र की मस्जिदों में दौरे तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। इस मुकद्दस माह में तहसील रुदौली ग्राम पंचायत गेरौडा की दादा मियां मस्जिद में मदरसा खानकाह चिश्तिया रूदौली से फारिग हाफिज हैदर अली इब्न लियाकत अली ने नमाज़-ए-तरावीह में कुरआन मुकम्मल किया। इस मौके पर गांव के बड़ी तादाद में अहले ईमान ने शिरकत कर कुरआन-ए-मुकद्दस को मुकम्मल सुना। खत्म-ए-तरावीह के बाद कारी अदनान ने आलम-ए-इस्लाम में अमन,चैन और सुकून के लिए खास दुआएं की।कारी फजील ने कुरआन मजीद की अजमत और बरकत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरआन मजीद सारी दुनियां के लिए सरापा हिदायत है। और इसका पढ़ना व सुनना दोनों इबादत हैं।

## अवैध कब्जे के आरोप में तहसील प्रशासन पर सवाल, पीड़िता ने की कार्रवाई की मांग



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जनपद के बीकापुर तहसील क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक महिला ने प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता रमिता निवासी सीताराम मिश्र का पुरवा, तेंदुआ माफी बीकापुर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से वह खुद को ठगा महसूस कर रही है।पीड़िता के अनुसार, सन्दर्भ संख्या 60000260008352, 40017726007555 और 60000260036009 के तहत कई बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल ने पूर्व में झूठी रिपोर्ट लगाकर उसकी खतौनी की जमीन पर राम उजागिर द्वारा अवैध कब्जा करा दिया। बाद में जब शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंची, तो लेखपाल ने खुद ही गलती स्वीकार कर ली।रमिता का कहना है कि पहले लेखपाल ने धारा 30(2) का हवाला देकर कार्रवाई से बचते हुए कब्जा करा दिया, वहीं अब तहसील प्रशासन उसे सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की सलाह दे रहा है। इससे पीड़िता को आर्थिक और मानसिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि बीकापुर तहसील प्रशासन ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 164, 165 तथा एंटी भू-माफिया कानून के तहत कार्रवाई नहीं की, जबकि इस मामले में यह कदम उठाया जाना चाहिए था। रमिता के मुताबिक, वह कई बार अधिकारियों के चक्कर लगा चुकी हैं। आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी गई है, लेकिन अभी तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई है और न ही उन्हें न्याय मिल सका है।मामले में प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

## समाजसेवी निहाल खान नीलू मेदांता में भर्ती

रुदौली (अयोध्या)। समाजसेवी निहाल खान नीलू मेदांता में भर्ती, हाल जानने वालों का लगा तांता

रुदौली के जाने-माने समाजसेवी निहाल खान नीलू को निमोनिया और संक्रमण की शिकायत के चलते मेदांता अस्पताल, लखनऊ में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी में इलाज कर रही है।

उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए कई गणमान्य लोगों ने फोन कर हालचाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इनमें उमर अंसारी, खान अनवर, अर्चित परमार, विधायक अब्बास अली जैदी, सर्वजीत सिंह, पूर्व मंत्री शकील खान, विमल सिंह ÷राजू भैया÷ व अभिजीत प्रकाश सहित अन्य लोग शामिल रहे।परिजनों और शुभचिंतकों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ की है।

## राम यंत्र प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या पहुंचीं अम्मा विभाजित दुनिया में करुणा का संदेश दिया

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) मंगलवार को अयोध्या पहुंचीं। वे 19 मार्च को श्रीराम मंदिर में होने वाले श्री राम यंत्र प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगी। यह आयोजन चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के साथ आयोजित किया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण पर अम्मा इस भव्य समारोह में शामिल हो रही हैं। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सहित कई प्रमुख संत और आध्यात्मिक नेता भी उपस्थित रहेंगे। मंदिर में पवित्र यंत्र की स्थापना को इसके आध्यात्मिक विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। करीब 1,200 भक्तों और संन्यासियों के साथ अम्मा का अयोध्या आगमन इस आयोजन को विशेष आध्यात्मिक आयाम प्रदान कर रहा है। इस समारोह में देशभर से आए वैदिक



आचार्यों द्वारा अनुष्ठान किए जा रहे हैं, वहीं 7,000 से अधिक विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है।

## पुआल में छिपाकर रखी गई 32 बोटा बरामद

मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज अंतर्गत खोस्टा बीट क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने सोमवार को छापेमारी कर पुआल में छिपाकर रखी गई 32 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की। बरामद लकड़ी को कब्जे में लेकर विभाग ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सभा पिपरा सोनाड़ी टोला पश्चिम निवासी शैलेश पटेल के घर के पीछे स्थित खलिहान में पुआल से ढककर सागौन की लकड़ी के 32 बोटे रखे गए थे। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान पुआल में छिपाकर रखी लकड़ी बरामद कर ली। वन विभाग की टीम ने बरामद सभी बोटों को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय भिजवा दिया है। मामले में वन अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दक्षिणी चौक रेंज के वनक्षेत्राधिकारी ऋषभ नायक ने बताया कि बरामद लकड़ी को विभाग ने कब्जे में ले लिया है। इस मामले में शैलेश पुत्र पारस के खिलाफ वन अधिनियम के तहत 10/4 व 3/28 कार्रवाई की गई है। इस दौरान वन दरोगा नित्यानंद मौर्या, तरंग तिवारी मौजूद रहे।

## कच्चा मकान गिरा, गरीब मजदूर परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

अवधनामा संवाददाता

रूदौली-अयोध्या। मवई ब्लॉक के ग्राम पंचायत मैरामऊ में एक गरीब मजदूर परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनका कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। इस हादसे में अजय कुमार रावत, पुत्र रामराज रावत, का आशियाना पूरी तरह से नष्ट हो गया, जिससे उनका परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हो गया है। बताया जा रहा है कि अजय कुमार रावत दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर होने के कारण वह अपने मकान की मरम्मत कराने में असमर्थ थे। मकान गिर गया, जिससे परिवार के पास सिर छुपाने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। खाने-पीने से लेकर बच्चों के रहने तक की समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, परिवार को तत्काल राहत और आवास की आवश्यकता है, ताकि उन्हें सुरक्षित ठिकाना मिल सके। मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान बैजनाथ ने बताया कि हल्का लेखपाल मुकेश सिंह और ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक सिंह को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अजय कुमार बहुत ही गरीब है लेकिन अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है।

## नफीस खान को मिली पी एच डी की उपाधि

मवई- अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) दल्ली विश्व विद्यालय (उर्दू) विभाग के दीक्षांत समारोह में रुदौली तहसील के ग्राम झलिया मजरे सरैठा निवासी सेवा निवृत्ति उप चकबंदी अधिकारी दिलशाद अहमद खान के पुत्र नफीस खान को उर्दू विषय में पी एच डी की मानद उपाधि प्रदान की गई।इनके शोध का विषय आजादी के बाद उर्दू गजल के बदलते हुए मौजूवात पर ( अवध के तनाजुर) में रहा।यह शोध कार्य प्रोफेसर जहीर अली खान डाक्टर जाकिर हुसैन दिल्ली विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया गया।इस शोध में आजादी के बाद उर्दू गजल में आए विषयगत परिवर्तनों तथा उनके सामाजिक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन किया गया।इस शोध कार्य में कालेज तथा विश्व विद्यालय के छात्रों शोधार्थियों के लिए मार्ग दर्शन तथा सरलता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## श्रीमद् भागवत कथा में बड़े धूमधाम से निकली भगवान श्रीकृष्ण की बारात

अवधनामा संवाददाता

रूदौली -अयोध्या। मवई क्षेत्र के बाबूपुर मजरे पूरे काजी में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की बारात बड़े ही भव्य और उल्लासपूर्ण वातावरण में निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंग दिया। बारात में शामिल श्रद्धालुओं ने जयकारों, भजनों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए भगवान श्रीकृष्ण के विवाह उत्सव का आनंद लिया। श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचनकर्ता कथा व्यास योगेश यादव महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और मनमोहक वर्णन किया। उनके मधुर प्रवचनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण की बारात निकलने की घोषणा हुई, पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। बारात में सजे-धजे घोड़े, रंग-बिरंगी झांकियां, भक्ति गीतों की गूंज और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बारात में शामिल भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप के साथ पूरे गांव की गलियों में भ्रमण किया। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया और प्रसाद वितरण भी किया गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। पूरे वातावरण में ÷राधे-राधे÷ और ÷जय श्रीकृष्ण÷ के जयकारे गूंजते रहे।

इस अवसर पर राजकमल परीक्षित, सहज राम यादव, शिवकुमार यादव, डॉ. मानसिंह यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, शुभकरन यादव सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई और श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन गांव में आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा मिलती है। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कार्यक्रम कई दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन कथा, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। कथा में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## अधिवक्ताओं के आंदोलन के बाद तहसील में गैस वितरण शुरू

नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) नौतनवा तहसील में एलपीजी गैस वितरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर हंगामा किया और गैस एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में गैस उपलब्ध कराने की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी नवीन प्रसाद ने हस्तक्षेप कर तत्काल व्यवस्था कराई, जिसके बाद करीब दो सप्ताह से गैस के इंतजार में रहे 50 से अधिक अधिवक्ताओं को सिलेंडर वितरित किया गया। गैस मिलने पर अधिवक्ताओं में खुशी देखी गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगे भी समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई गई तो गैस एजेंसी के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वितरण के समय बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## काला झंडा प्रकरण में हिरासत से भड़के समर्थक, निष्पक्ष जांच की मांग

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) जनपद मुख्यालय पर 16 मार्च को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ओपी राजभर के विरोध में जनहित किसान पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा दिखाए जाने के बाद विवाद गहरा गया। इस दौरान मारपीट की घटना का आरोप सामने आया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पार्टी के अनुसार, कार्यकर्ता धर्मराज चौरसिया के साथ मारपीट की गई, लेकिन कार्रवाई के बजाय पुलिस ने उन्हें ही हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस घटना से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। मामले को लेकर आनंद चौधरी, राघव चौधरी, युवराज चौधरी सहित कई लोगों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। समर्थकों का कहना है कि विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन अब विरोध करने वालों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। जनहित किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामसुंदर दास ने जिलाधिकारी से धर्मराज चौरसिया की रिहाई और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने जांच के आधार पर कार्रवाई की बात कही है, जबकि प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## रमज़ान में इबादत के साथ दिखा भाईचारे का पैगाम

### सुलेमानपुर मोहम्मद आरिफ के आवास पर इफ्तार में उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता

रुदौली- अयोध्या। रमज़ान के पाक और बरकत भरे महीने में जहां हर ओर इबादत, रहमत और भाईचारे की फिज़ा देखने को मिल रही है, वहीं रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा ग्राम पंचायत गनौली मजरे सुलेमानपुर में वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आरिफ के आवास पर आयोजित इफ्तार कार्यक्रम ने आपसी मोहब्बत और इंसानियत की खूबसूरत मिसाल पेश की। रोजेदारों और क्षेत्रवासियों की बड़ी मौजूदगी के बीच इफ्तार की यह महफिल न सिर्फ रोजा खोलने का जरिया बनी, बल्कि दिलों को जोड़ने और समाज में भाईचारे का पैगाम देने का माध्यम भी बनी। इफ्तार कार्यक्रम की व्यवस्था समाजवादी नेता मोहम्मद आरिफ ने अपने आवास पर की थी, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों, पार्टी पदाधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों ने शिरकत की। सभी ने मिलकर रोजा खोला और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सरफराज नसरुल्ला, नगर पालिका परिषद रुदौली अध्यक्ष जब्बार अली, मोहम्मद रईस ,पूर्व प्रधान अब्दुल कय्यूम, गुलजार अहमद, मास्टर निसार अहमद , एहरार अहमद, गुड्डू सिद्दीकी सहित अन्य कार्यकर्ता व भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।इफ्तार के बाद मौलाना मोहम्मद रफीक अलीआबादी ने नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की के लिए खास दुआ की गई। सांसद प्रतिनिधि सरफराज नसरुल्लाह ने कहा कि रमज़ान का महीना सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। यह महीना हमें आपसी मोहब्बत, भाईचारे और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है।वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आरिफ ने कहा कि इफ्तार जैसे कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का जरिया बनते हैं। रमज़ान हमें इंसानियत, सब्र और एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देता है।समाज सेवी मोहम्मद आसिफ ने कहा कि रमज़ान रहमत और बरकत का महीना है। इस महीने में इबादत के साथ-साथ लोगों के दिलों में मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अफतार पार्टी में हाफिज मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद कसीम, जियाउद्दीन, अलाउद्दीन , इसरार अहमद, आजाद अली , हाजी शेर मोहम्मद, मौलाना जान मोहम्मद, मोहम्मद लतीफ , मोहम्मद कलीम, प्रधान इश्तियाक अहमद, मुफीद अहमद , पूर्व प्रधान मोहम्मद इब्राहिम , मोहम्मद आफताब, पूर्व प्रधान मेराज अहमद, मुनीर अहमद अंसारी मौजूद रहे।

## दो खिलाड़ियों ने प्री-नेशनल में किया कमाल, नेशनल के लिए हुए क्वालिफाई

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) जनपद के दो होनहार खिलाड़ियों ज्योत्सना सिंह और सिद्धार्थ ने इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता (प्री-नेशनल) में शानदार प्रदर्शन कर अयोध्या का मान बढ़ाया है। दोनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है।जिला रायफल क्लब, अयोध्या के इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान उच्च अंक प्राप्त कर अपनी क्षमता का बेहतरीन परिचय दिया। उनकी इस सफलता से न केवल क्लब बल्कि पूरे जनपद में खुशी की लहर है।क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतिदिन लगभग 8 घंटे कड़ी मेहनत और अनुशासित अभ्यास किया।

## सियासी गलियारों में तलाशे जा रहे निहितार्थ

रूदौली- अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से विधायक रामचंद्र यादव की नजदीकियां अब अटकलों तक सीमित नहीं। विधायक ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अपनी मुलाकात की तस्वीर फेसबुक पेज पर साझा की। साझा फोटो ने जिले की राजनीति में उन क्षत्रपों के समर्थकों को चौंकाया है जो दिल्ली तक अपने नेता की सांगठनिक पहचान के बखान को लेकर नहीं थकते थे। साझा तस्वीर से पहले राष्ट्रीय नेतृत्व से उनकी नजदीकियों को पंख तब लगे जब डेढ़ माह पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के चुनाव में प्रदेश के प्रस्तावकों में शामिल हुए। उसी समय जिले क्षत्रपों के कान खड़े हो गये थे। राष्ट्रीय नेतृत्व में बढ़ती उनकी पकड़ की कानाफूसी तेज होने लगी। केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात की साझा तस्वीर से जिले की सियासत में हलचल तो बढ़ना ही था। अमित शाह से उनकी मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से सामान्य नहीं माना जा रहा है। भाजपा में शाह की राजनीति ताकत जगजाहिर है। उनके फैसले को ही प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय माना जाता है। कुछ समर्थक इसे मंत्रिमंडल के फेरबदल से जोड़ कर देखने लगे हैं तो कुछ का कहना है कि केंद्रीय गृहमंत्री के बुलावे पर दिल्ली मिलने गये थे। गृहमंत्री ने जरूर कोई राजनीतिक आइडिया साझा की होगी जिसे वह नहीं बता रहे हैं। संभवतः उनको कोई नई जिम्मेदारी सौंपने की होगी। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ विधायक मुलाकात को शिष्टाचार बताते हैं। लेकिन उनके समर्थकों व पार्टी के अन्य क्षत्रपों को आसानी से हजम में नहीं रहा। रामचंद्र यादव पांचवीं बार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। इनमें तीन बार रुदौली से व दो बार मिल्कीपुर से जो अब सुरक्षित सीट है।

## साकेत महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद की चुनाव प्रक्रिया घोषणा की गई

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) अयोध्या, का. सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के चुनाव प्रक्रिया घोषणा की गई है मुख्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर अभिषेक दत्त त्रिपाठी ने बताया की दिनांक 23 मार्च 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा दिनांक 24 मार्च को नामांकन पत्र वितराण होगा एवं 25 मार्च को नामांकन जमा किए जा सकेंगे। उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत नाम वापसी एवं अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी तथा यदि आवश्यक हुआ तो मतदान एवं मतगणना दिनांक 30 मार्च 2026 को कराई जाएगी मुख्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर अभिषेक दत्त त्रिपाठी चुनाव अधिकारी प्रोफेसर अजय कुमार सिंह एवं सहायक चुनाव अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव तथा सहायक चुनाव अधिकारी राजेंद्र नाथ यादव ने सभी मतदाताओं एवं संभावित प्रत्याशियों से स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु सहयोग करने की अपील की है।

## जटिल स्थिति में भी बिना सर्जरी जुड़वां बच्चों की सफल डिलीवरी, मां-बच्चे स्वस्थ

### निजी अस्पताल में डॉक्टर अन्वेषिका श्रीवास्तव की बड़ी सफलता



अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। सिद्धार्थनगर जनपद के लखनपुर ग्रामसभा निवासी मंजू प्रजापति के जटिल प्रसव मामले में महराजगंज के एक निजी अस्पताल में बिना सर्जरी सफलतापूर्वक जुड़वां बच्चों की डिलीवरी कराई गई। इस दौरान मां और दोनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला पीलिया से भी ग्रसित थी तथा गर्भ में एक बच्चा सीधा और दूसरा आड़ा (बेड़ा) स्थिति में था, जिससे मामला काफी जटिल हो गया था। सिद्धार्थनगर में इलाज के बाद उसे महराजगंज और अन्य स्थानों पर दिखाया गया, जहां अंततः सर्जरी की सलाह देते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया।

इसी बीच परिजन मरीज को एसएल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, धनेवा-धनेई (निचलौल रोड) लेकर पहुंचे, जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्वेषिका श्रीवास्तव ने चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी बिना सर्जरी सामान्य प्रसव कराकर एक बेटा और एक बेटी का सुरक्षित जन्म कराया।

डॉ. अन्वेषिका श्रीवास्तव ने बताया कि अब जनपद में ही महिलाओं के जटिल रोगों जैसे बांझपन, गर्भपात, बच्चेदानी की गांठ आदि का समुचित इलाज उपलब्ध है, जिसके लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड जांच भी स्वयं उनके द्वारा की जाती है।

## बीजेपी संगठन का विस्तार, मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि घोषित

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से गोरखपुर क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज जिले के विभिन्न मंडलों में मंडल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत जारी सूची के अनुसार फरेंदा विधानसभा (315) के धानी मंडल में नितेश मिश्रा को मंडल अध्यक्ष एवं गुलाब चौरसिया को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है, जबकि लक्ष्मीपुर उत्तरी मंडल में सतीश चौहान को मंडल अध्यक्ष एवं राजेश्वर चौहान को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। नौतनवा विधानसभा (316) के अंतर्गत लक्ष्मीपुर दक्षिणी मंडल में दिलीप चौधरी को मंडल अध्यक्ष एवं नरेन्द्र प्रताप सिंह को जिला प्रतिनिधि, निचलौल पश्चिमी मंडल में अजय चौधरी को मंडल अध्यक्ष एवं गंगाधर दुबे को जिला प्रतिनिधि तथा नौतनवा नगर मंडल में हरीशंकर जायसवाल को मंडल अध्यक्ष एवं बृजेश श्रीवास्तव को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

सिसवा विधानसभा (317) के अंतर्गत निचलौल मंडल में अनिल गुप्ता को मंडल अध्यक्ष एवं अभिषेक पाण्डेय को जिला प्रतिनिधि, शिवानगर खुर्दिया मंडल में जीवन प्रसाद खटिक को मंडल अध्यक्ष एवं गौतम चौधरी को जिला प्रतिनिधि, जहदा मंडल में संजय श्रीवास्तव को मंडल अध्यक्ष एवं राजन पटेल को जिला प्रतिनिधि, सिसवा मंडल में रणधीर सिंह को मंडल अध्यक्ष एवं श्री दीपक चौधरी को जिला प्रतिनिधि तथा मिठौरा उत्तरी मंडल में मनीष कुमार शर्मा को मंडल अध्यक्ष एवं शैलेश पाण्डेय को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। वहीं महाराजगंज (सदर) विधानसभा (318) के चौक मंडल में अशोक पटेल को मंडल अध्यक्ष एवं छोटेलाल पटेल को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

इस संबंध में जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि संगठन के विस्तार और मजबूती को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पार्टी सूत्रों के अनुसार इन नियुक्तियों से आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

इनके चयन पर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, ज्ञानेंद्र सिंह, कृष्णगोपाल जायसवाल, वरिष्ठ बीजेपी नेता अजय श्रीवास्तव, परदेशी रविदास, ओमप्रकाश पटेल, अभिषेक श्रीवास्तव सहित तमाम बीजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## एससी-एसटी आयोग अध्यक्ष ने सुनी जनसमस्याएं

### अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने विकास भवन सभागार में एससी-एसटी वर्ग के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक भी की।



बैठक में समाज कल्याण अधिकारी विपिन यादव ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शादी अनुदान, छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, अभ्युदय योजना और अत्याचार उत्पीड़न सहायता योजना शामिल रहीं। अध्यक्ष ने योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2025-26 में एससी-एसटी से जुड़े मुकदमों की स्थिति से अवगत कराया।

अध्यक्ष ने पुलिस को निर्देश दिया कि किसी निर्दोष को न फंसाया जाए और दोषियों को बख्शा न जाए। साथ ही पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण जिले स्तर पर ही सुनिश्चित करने को कहा। शिक्षा, राजस्व और अन्य विभागों की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी बीएन कन्नौजिया सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति तथा लंबित परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, डीएफओ विकास यादव, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, पीडब्ल्यूडी नोडल अधिकारी ए.के. सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर मंडलायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

# वाराणसी में गंगा के बीच नाव में हुई इफ्तार पार्टी नदी में हड्डियां डालने का आरोप में 14 गिरफ्तार

- भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जयसवाल के तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुई

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** मोक्षदायिनी मां गंगा नदी के बीचों बीच से एक हैरान करने वाला घटना सामने आई। यहां इफ्तार पार्टी करने के बहाने मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने न सिर्फ बिरयानी खाई बल्कि मांस की हड्डियों को गंगा नदी में फेंक दिया। जिसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही मामला तुल पकड़ लिया। भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जयसवाल के तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुई और पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वही मामला सोमवार का बताया जा रहा है जब यह मुस्लिम समुदाय के कुछ लड़के गंगा नदी में एक नाव पर इफ्तार पार्टी मना रहे थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही विवाद खड़ा हो गया। वायरल हो रहे वीडियो में देखा गया कि, मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग गंगा नदी के बीचों-बीच एक नाव मे इफ्तार पार्टी की दावत उड़ाते देखे गए, इफ्तार की दावत उड़ा रहे युवकों ने न सिर्फ बिरयानी खाई बल्कि उससे निकली हड्डियां नदी में फेंक दीं। जानकारी के मुताबिक, यह घटना सोमवार की बताया गया। इस मामले में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जयसवाल के तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुई। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि इस घटना से हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच करने के बाद युवकों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा, 'गंगा एक पवित्र नदी है, ऐसी हरकतें किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जा सकतीं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।' वहीं, भगवा संगठनों के नेताओं ने भी इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है।

### गंगा नदी में नाव पर रोज़ा इफ्तार एक निन्दनीय कृत्य

गंगा नदी के मामले में संज्ञान लेते हुए एस.एम. यासीन (संयुक्त सचिव) अंजुमन इन्तेज़ामिया मसाजिद बनारस ने अवधनामा को बताया कि, आज ज्ञात हुआ कि कुछ जाहिल नाव पर रोज़ा इफ्तार कररहे थे इस्लाम में इस के लिए कहीं जगह नहीं है। इफ्तार एक शुद्ध धार्मिक कार्य है यह कोई सैल नहीं या पिकनिक नहीं है। इफ्तार के बाद तुरंत मग़रिब की नमाज़ ज़रूरी है। इन जाहिलो को इनके घर वालों ने क्या तरबियत दिया है? इसलाम मज़हब को बदनाम करने का मौक़ा दिया है। इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है। हम उम्मीद करते है आलिम भी इस विषय पर विचार साझा करने की ज़हमत उठाएंगे। बेशक मुसलमानों का शोषण करने के लिए इनके खिलाफ एफआईआर हुई है, इसमें कोई दो राय नहीं है। भाजपा को ऐसा मौका आखिर इन जैसे जाहिल लोगों से ही तो मिलता है और मिल गया।

## नितेश पाण्डेय का नगर पंचायत कपिलवस्तु में हुआ सभासद के पद पर मनोनयन




**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिले की नगर पंचायत कपिलवस्तु में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय को सभासद पद पर मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने इसे नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के विकास में तेजी लाने वाला कदम बताया है। इस निर्णय से निकाय के कार्यो को सुचारू रूप से चलाने में प्रतिनिधित्व बढ़ेगा।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, वरिष्ठ नेता अरविन्द उपाध्याय, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी सहित फूलचन्द्र जायसवाल संतोष उपाध्याय, श्यामप्रकाश जायसवाल, विनय वर्मा, सुरेंद्र यादव, राजकुमार चौधरी, शिवम मिश्रा, विवेक गोस्वामी, बीरू कन्नौजिया, आशीष गिरी, रणजीत चौधरी, दीनदयाल चौधरी, रामपाल यादव, फूलचंद्र यादव, विनय राव उमेश यादव, गंगाराम प्रजापति, संतोष यादव, हरिशंकर तिवारी, तेज प्रताप जायसवाल, अरविंद तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने मनोनीत सभासद को फूल माला पहनकर एवं लड्डू खिलाकर बधाई दी वही मनोनीत सभासद नितेश पाण्डेय ने सबका आभार व्यक्त करते हुए संगठन नेतृत्व सहित सभी के उम्मीदों पर खरा उतरते हुए मोदी-योगी सरकार की सबका साथ सबका विकास के तहत क्रियान्वित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति पहुंचाने की बात कही।

# अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव का भव्य समापन

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** तीन दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव 2026' का सफल आयोजन काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी स्थित शताब्दी कृषि सभागार में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन ने गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने के साथ आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान किया।

इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों,नीति-निर्माताओं,उद्यमियों एवं किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बताया गया कि, कार्यक्रम में 600 से अधिक प्रतिभागियों की प्रत्यक्ष उपस्थिति रही, जबकि 30,000 से अधिक लोग ऑनलाइन माध्यम से इससे जुड़े। महोत्सव के दौरान वैदिक कृषि, गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, पंचगव्य आधारित नवाचार, जैविक उत्पादों के प्रसार तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। महोत्सव के संयोजक एवं शिव शक्ति परिवार फाउंडेशन के संस्थापक सीए धनंजय ओझा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा पर आधारित आर्थिक मॉडल को पुनर्स्थापित करने का एक व्यापक अभियान है।

उन्होंने बताया कि गौ-आधारित कृषि प्रणाली न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से ही सतत विकास संभव है।कार्यक्रम में डॉ दयाशंकर मिश्र (आयुष मंत्री,उत्तर प्रदेश), भिखारी प्रजापति (अध्यक्ष, विश्व हिन्दू महासंघ,उत्तर प्रदेश) श्याम बिहारी गुप्ता, सुभाष पालेकर, कमल टावरी, यू.पी. सिंह, सुनील मानसिंह आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन सीए धनंजय ने दिया।

## बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाई, तीन बच्चों को छोड़ा अपने पीछे

**अवधनामा संवाददाता**

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के देवरा हुसैनपुर गांव में सोमवार दोपहर एक 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और महिला को फंदे से नीचे उतारकर अपने गांव ले गए। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी केसरी बानो (30) पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद अकरम सोमवार करीब दो बजे अपने कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकती हुई मिलीं। परिजनों ने जब यह दृश्य देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को फंदे से नीचे उतारकर अपने गांव तारा खुर्द ले गए।

बताया जाता है कि करीब दो वर्ष पूर्व पति मोहम्मद अकरम की मौत हो चुकी है, जिसके बाद से केसरी बानो अपने तीन छोटे बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही थीं। मृतका के तीन पुत्र हैं– सुल्तान (8 वर्ष), सलमान (7 वर्ष) और रिजवान (3 वर्ष)। परिजनों के अनुसार महिला काफी समय से बीमार चल रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से भी काफी परेशान रहती थीं। इसी बीच घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मालीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी ईद-उल-फितर के मद्देनजर बांसी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** आगामी ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आज बांसी कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों सहित क्षेत्र के सम्मानित हिंदू-मुस्लिम नागरिकों ने प्रतिभाग किया। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी प्रेम के साथ त्योहार मनाएं।

क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी अराजक तत्व को माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। बैठक में उपस्थित हिंदू-मुस्लिम समाज के संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखने का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी निरिक्षक मृत्युंजय पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर राम नारायण, अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश यादव, जेई मोहम्मद करीम,एस आई शम्स जाबेद खांन, परमहंस पाल,विकास सिंह ,सभासद शाकिर अली, लक्ष्मण निशाद, धुर्व चौहान, पर्मात्मा, मोहम्मद रइस, रमानुज, अंगद, संजय तिवारी, मोहम्मद इरफ़ान,बिरेन्द्र कुमार दुवे, गोपाल पान्डेय सहित नगर के प्रमुख समाजसेवी व धर्मगुरु उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

- भसड़ा और पहाड़पुर में गूंजे मतदान के नारे, निष्पक्ष वोटिंग के लिए युवाओं ने किया प्रेरित

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं द्वितीय इकाई का सात दिवसीय दिन-रात के विशेष शिविर कार्यक्रम के द्वितीय दिवस आज दिनांक 17/03/2026 दिन मंगलवार को प्रथम एवं द्वितीय इकाई के स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं द्वारा चयनित ग्राम भसड़ा एवं पहाड़पुर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कार्यक्रमाधिकारी (प्रथम इकाई) डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव एवं श्री अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई)व महाविद्यालय के प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं की देखरेख में संपन्न हुआ। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं ने मतदान से संबंधित स्लोगन व पोस्टर लेकर गांव का भ्रमण किया साथ ही लोगों से मिलकर आने वाले चुनाव में निष्पक्ष व भय मुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित किया। छात्र /छात्राओं ने ग्राम वासियों से मिलकर यह भी बताने का प्रयास किया कि मतदान बहुत ही जरूरी है आपका मत देश की दशा वा दिशा को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रैली में स्वयंसेवक/ स्वयं सेविकाओं में लक्ष्मी श्रीवास्तव, शालू, चांदनी, शिफा अंजुम, ब्यूटी यादव आकांक्षा, कुमकुम, मुस्कान, विवेक वर्मा, आदित्य कुमार, चंदन प्रजापति, अमरजीत, प्रवेश कुमार, शिवम कुमार, आकाश आदि सम्मिलित हुए।

## चोरी की घटनाओं में वांछित ईनामिया वाहन चोर गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मकदमा से सम्बन्धित 01 शातिर वाहन चोर- मलखान सिंह उर्फ मोनू उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र माता प्रसाद सिंह निवासी आनन्द नगर पेरी मौजा पूरे शिवा बख्तावर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, स्थायी पता - भदौरिया पुरवा जगदीशपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को उसके घर ग्राम आनन्द नगर से गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 4.9.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की 15 मोटर साईकिलों के साथ 3 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें मलखान सिंह पुत्र माता प्रसाद मौके से फरार हो गया था विवेचना के वांछित अभियुक्त मलखान सिंह गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा दिनांक 11.3.2026 को अभियुक्त करन सिंह की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु 25,000/-का ईनाम घोषित किया गया था।

## आन्ध्रा आश्रम में श्री राम नवमी महोत्सव का भव्य आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** आन्ध्रा आश्रम, मानसरोवर, वाराणसी के प्रशस्त प्रांगण में श्री राम नवमी महोत्सव का भव्य आयोजन 18 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया गया है। इस पावन अवसर पर भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना, श्रीमद् वाल्मिकी रामायण पारायण और हवन, धार्मिक प्रवचन, अंगराग प्रदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भक्ति संगीत का आयोजन किया जायेगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिनमें भक्तगण बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह बातें आयोजित पत्रकार वार्ता के दरमियान-पत्र प्रतिनिधियों को बताया गया। मुख्य कार्यक्रमों में श्री सीताराम कल्याण महोत्सव,अंगरंग कार्यक्रम,भजन-किर्तन, धार्मिक प्रवचन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। 30 मार्च 2026 को समापन समारोह के साथ यह महोत्सव सम्पन्न होगा। यह विशिष्ट अनुष्ठान सनातन धर्म की रक्षा, लोक कल्याण और विश्व शान्ति के लिये किया जायेगा। आश्रम के 'मैनेजिंग ट्रस्टी' की ओर से सभी श्रद्धालुओं और भक्तजनों से अनुरोध है कि अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक महोत्सव में भाग लें।

## डीडीयू में मरीजों को निरंतर मिल रही एक्स-रे सुविधा

**अलीगढ़।** पडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.के. माथुर ने बताया है कि अस्पताल में स्थापित एक्स-रे का मरीजों को भरपूर लाभ मिल रहा है। एक्स रे सेवाएं पूर्ण रूप से सुचारु हैं और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जा रही है।

उन्होंने अवगत कराया कि चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 1500 से 2000 मरीजों को उपचार प्रदान किया जाता है। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार आवश्यक मरीजों के एक्स-रे नियमित रूप से किए जा रहे हैं। अस्पताल के एक्स-रे कक्ष में कुल 05 एक्स-रे मशीनें स्थापित हैं, जिनमें से एक मशीन में पिछले दिनों तकनीकी खराबी आ गई थी, जबकि अन्य 04 डिजिटल एक्स-रे मशीनें पूरी तरह क्रियाशील हैं। उपलब्ध मशीनों के माध्यम से लगातार जांच कार्य किया जा रहा है। अभिलेखों की रोशनी में डॉ माथुर ने बताया है कि सार्वजनिक अवकाश के बावजूद भी 13 मार्च को 65, 14 मार्च को 101, 16 मार्च को 105 और 17 मार्च को 117 मरीजों के एक्स-रे किए गए।

## लोटन सोहास मार्ग पर महिला घायल

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिंगरहा निवासी जुबैदा खातून पत्नी शौकत अली उम्र 48 वर्ष को सोहास-लोटन मार्ग पर अग्यात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिसमें बुरी तरह महिला घायल हो गयी ग्रामीणों द्वारा चोटिल होने की जानकारी परिजनों को दी गई। सी एच सी लोटन के डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना दो बजे की है। घायल जुबैदा अपने घर से किसी काम से खेत गयी थी ।खेत से वापस आते समय सोहास-लोटन मार्ग पर स्थित शिव मंदिर के पास सड़क को क्रास कर रही थी कि एक अग्यात वाहने ने सीधे जुबैदा को ठोकर मार दिया। जिसमें काफी चोट लग गयी। जब तक लोग दौड़ कर आते वाहन चालक फरार हो गया।आनन फानन में परिजन व कुछ ग्रामीणो ने नीजी गाड़ी से सी एच सी लोटन ले गये। जहां डाक्टरों ने महिला की हालत की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मनोनीत सभासदों को मिठाई खिला कर व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया स्वागत अभिनंदन



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के समस्त नगर पालिका /नगर पंचायतों में मनोनीत सभासदों के घोषणा होने के उपरांत मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के नवनियुक्त सभासद गण महेश प्रसाद, भानु सिसोदिया, राजेश जायसवाल, पूनम मित्तल के पति श्याम सुन्दर मित्तल, बबलू श्रीवास्तव व नगर पंचायत कपिलवस्तु से नितेश पाण्डेय, विजय कश्यप का मिठाई खिला कर अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के साथ निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, सदर विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही ने भी सबका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा भारतीय जनता पार्टी में एक एक कार्यकर्ता का सम्मान है। आज पार्टी ने कार्यकर्ताओं का समायोजन करके अन्य कार्यकताओं के ऊर्जा को बढ़ाया है। इस अवसर पर जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, जिला संयोजक निर्वाचन सच्चिदानंद चतुर्वेदी, पिछड़ा मोर्चा के पूर्व संयोजक फूलचंद जायसवाल, नगर महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव, आशीष त्रिपाठी, सभासद राजाराम लोधी, सतीश रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहें।

## बांसी में सार्वजनिक गड्ढे पर अवैध कब्जे का प्रयास, मोहल्लेवासियों ने की एसडीएम से शिकायत

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद बांसी के राप्ती नगर मोहल्ले में सार्वजनिक गड्ढे पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर गरमा गया है। मोहल्ले के निवासियों ने उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती को शिकायती पत्र सौंपकर भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही और निर्माण कार्य रोकने की मांग की है।प्रार्थी पवन कुमार पुत्र केशव लाल एवं अन्य मोहल्लेवासियों का आरोप है कि मोहल्ला राप्ती नगर में स्थित गाटा संख्या 139 (क्षेत्रफल 0.017 हेक्टेयर) एक सार्वजनिक गड्ढा है। इस गड्ढे में पूरे मोहल्ले के पानी की निकासी होती है। आरोप है कि मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी मनोज सिंह पुत्र राम देव द्वारा इस सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में 06 जनवरी 2025 को भी शिकायत की गई थी, जिसके बाद संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। लेकिन दबंगई के बल पर 16 मार्च 2026 से उक्त भूमि पर पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि इस गड्ढे को पाटकर निर्माण कर लिया गया, तो पूरे मोहल्ले में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

# अस्वीकृत व अज्ञात गन्ना प्रजातियों की न करें बुवाई

- उन्नतिशील गन्ना प्रजातियां किसानों को देती हैं अधिक लाभ

**अवधनामा संवाददाता**



**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल लिमिटेड कुन्दरखी के महाप्रबंधक ए.के. सिंह के निर्देशन में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम बेसहूपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका प्रमुख उद्देश्य वसंतकालीन गन्ना बुवाई, पेड़ी प्रबंधन और भूमि उपचार रहा।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने किसान बंधुओं से कहा कि क्षेत्र में विभिन्न अस्वीकृत व अज्ञात गन्ना प्रजातियां उपलब्ध हैं, जिन्हें कुछ लोगों द्वारा विभिन्न नामों से बीज के लिए वितरित किया जा रहा है। जो इस क्षेत्र के लिए स्वीकृत नहीं हैं। अतः किसान बंधु उनकी बुआई कदापि न करें। केवल स्वीकृत एवं उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों की ही बुआई करें, जिससे गन्ना बेचने के दौरान आप लोगो को असुविधा न हो।

महाप्रबंधक ने वसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील प्रजातियों जैसे को. 0118, को. 15023, को.लख. 14201, को.लख. 16202, कोशा. 18231, कोशा. 17231 तथा जलप्लावित क्षेत्र के लिए 94184, को 98014 आदि का समय से वुवाई करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गन्ना प्रजातियों का समय से बुवाई अत्यंत आवश्यक है। महाप्रबंधक ने कृषकों को पेड़ी गन्ने का अच्छा प्रबंधन करके अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील किया

उन्होंने आर.एमडी. एवं मलचर के प्रयोग पर जोर दिया और स्वस्थ फ़सल की दशा मे द्वितीय पेड़ी रखने की भी अपील किया। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी पेराई सत्र में गन्ना प्रजाति को डीगरेड/डाउन करके तौल कार्य नही किया जायेगा। अतः जिस प्रजाति का गन्ना बोया गया है, उसी प्रजाति में गन्ने का सर्वे कराया जाए। जिससे पेराई सत्र के दौरान गन्ना आपूर्ति में परेशानी से बचा जा सके। श्री सिंह ने सहफ़सली खेती गन्ना एवं लोविया का निरीक्षण किया तथा कृषकों से कहा कि जिन्हें गन्ना बीज की आवश्यकता है, चीनी मिल से बीज प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी समस्या के समाधान हेतु अपने क्षेत्र के गन्ना पर्वेक्षक अथवा चीनी मिल के अधिकारियों से संपर्क करें। इस मौके पर वरिष्ठ गन्ना अधिकारी रमेश प्रताप सिंह, सुपरवाइजर मेलाराम गिरी, जगदम्बा वर्मा, राम सिंह, राधेश्याम वर्मा, शंभू वर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## नाबालिक बच्चियों के लापता होने का मामला में पुलिस ने प्रारम्भ की जांच

**अम्बेडकरनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से तीन किशोरियाँ लापता होने की घटनाएँ सामने आई हैं, जिनके परिजनों की तहरीर पर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, बसखारी क्षेत्र के एक परिवार की 13 वर्षीय पुत्री 12 मार्च को घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों का आरोप है कि जलालपुर के मरहरा मंझरिया निवासी लक्ष्मी प्रसाद निषाद ने उनकी पुत्री को शादी का झांसा देकर ले जाने की कोशिश की। इसी तरह, 13 मार्च को सुबह करीब 10 बजे एक अन्य परिवार की 13 वर्षीय पुत्री घर से बिना सूचना दिए गायब हो गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जलालपुर के आशीपुर निवासी किशन कुमार ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का प्रयास किया। एक तीसरे मामले में, 15 मार्च को किसी कार्य से रिश्तेदारी गए एक व्यक्ति के घर लौटने पर उनकी 13 वर्षीय पुत्री अंशिका घर पर नहीं मिली।

## एलपीजी के विकल्प के रूप में सशक्त बन रहा गोवर्धन बायोगैस प्लांट

- तकनीकी खामियों के समाधान की प्रक्रिया तेज

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** रसोई गैस के वैकल्पिक स्रोत के रूप में जिले के चंडौस ब्लॉक स्थित ओगर नगला राजू गांव में स्थापित गोवर्धन बायोगैस प्लांट को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा तकनीकी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली यह परियोजना अब चरणबद्ध रूप से बेहतर संचालन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

जिला पंचायती राज अधिकारी यतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बायोगैस प्लांट का संचालन गोपालकों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। प्लांट से उत्पादित बायोगैस का उपयोग गौशाला में कार्यरत गौसेवकों के भोजन निर्माण और गौवंश के दाना पकाने में किया जा रहा है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का स्थानीय स्तर पर प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्लांट से निकलने वाली बायोस्लरी का उपयोग गौशाला परिसर की भूमि में चारा उत्पादन के लिए जैविक खाद के रूप में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बायोस्लरी, खाद किसानों को विक्रय कर ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व सृजन भी किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

डीपीआरओ ने यह भी अवगत कराया कि ग्राम स्थित परिषदीय विद्यालय में बच्चों के मिड-डे मील पकाने के उद्देश्य से पाइपलाइन के माध्यम से गैस पहुंचाई गई है, किन्तु तकनीकी खामी के कारण योजना पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो सकी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था से समन्वय स्थापित कर तकनीकी खामी को दूर कराया जा रहा है, ताकि विद्यालय में शीघ्र ही गैस आपूर्ति प्रारंभ कर बच्चों को स्वच्छ ईंधन आधारित भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

# गैस का संकट तो है

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज 'शिवालिक' 16 मार्च, सोमवार, को 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज 'नंदा देवी' 17 मार्च, मंगलवार, को 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निन्शुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूसज! अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1.62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्याज! बीती 13 मार्च को 88.8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्ठियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है?

जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरूज! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है। नतीजतन मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। 12 साल एक लंबा वक्त होता है, लिहाजा अब प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की जिम्मेदारी है कि देश संकट में घिरना नहीं चाहिए। यदि संकट वैश्विक है, तो देश को विश्वास में लेना चाहिए कि प्रयास किए जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री का देश को संबोधित करना अनिवार्य है। सरकार कबूल करे कि तेल-गैस का संकट है और उससे पार पाने की कोशिशें की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान कई बार देश को संबोधित किया था। अंततन कोरोना पराजित हुआ। यदि अब गैस एजेंसियों के बाहर जमा भीड़ कांग्रेस, वामपंथी, सपाई कार्यकर्ता या समर्थक हैं और गैस वाकई उपलब्ध है, तो उस भीड़ का संकट हल क्यों नहीं किया जा रहा? भीड़ कुछ हजार ही होगी।

## तेरह साल का इंतज़ार और एक कठिन विदाई

**महेन्द्र तिवारी**

मानव जीवन की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि कभी-कभी जीवन और मृत्यु के बीच की रेखा बहुत धुंधली हो जाती है। सामान्यतः हम जीवन को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, क्योंकि जीवन को ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार माना जाता है। लेकिन कुछ परिस्थितियाँ ऐसी भी होती हैं जब जीवन केवल सांसों का चलना भर रह जाता है और उसमें चेतना, संवाद और मानवीय गरिमा लगभग समाप्त हो जाती है। हाल के दिनों में चर्चा में आए हरीश राणा का मामला इसी विडंबना का एक अत्यंत मार्मिक उदाहरण बनकर सामने आया है। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि यह चिकित्सा, कानून, नैतिकता और मानवीय संवेदनाओं के जटिल प्रश्नों को सामने लाने वाली घटना है। हरीश राणा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले एक युवा थे। वर्ष 2013 में एक दुर्घटना ने उनका जीवन पूरी तरह बदल दिया। बताया जाता है कि वह पढ़ाई के दौरान एक इमारत की चौथी मंजिल से गिर गए थे, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह स्थायी कोमा जैसी अवस्था में चले गए। इस स्थिति को चिकित्सा भाषा में पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति जीवित तो रहता है, लेकिन उसके मस्तिष्क की चेतन क्रियाएँ लगभग समाप्त हो जाती हैं। वह न बोल सकता है, न चल सकता है, न अपने आसपास की दुनिया को समझ सकता है। हरीश पिछले तेरह वर्षों तक इसी अवस्था में जीवन और मृत्यु के बीच झूलते रहे।

इन वर्षों में उनका जीवन केवल चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों और कृत्रिम पोषण के सहारे चल रहा था। परिवार ने उनकी देखभाल में कोई कमी नहीं छोड़ी। माता-पिता ने अपने बेटे को जीवित रखने के लिए हर संभव प्रयास किया। कई अस्पतालों में इलाज कराया गया, विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ली गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। समय बीतने के साथ-साथ यह स्पष्ट होता गया कि अब उनके ठीक होने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। डॉक्टरों ने भी यही राय दी कि मस्तिष्क को हुई गंभीर क्षति के कारण उनका सामान्य जीवन में लौटना लगभग असंभव है। किसी भी माता-पिता के लिए यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक होती है। एक ओर उनके सामने अपने बच्चे को खो देने का भय होता है, तो दूसरी ओर उसे इस तरह निर्जीव अवस्था में वर्षों तक देखना भी कम कष्टदायक नहीं होता। हरीश राणा के परिवार ने लगभग तेरह वर्षों तक इस पीड़ा को सहा। उन्होंने अपने बेटे की सेवा में दिन-रात बिताए, लेकिन अंततः यह प्रश्न उनके सामने खड़ा हो गया कि क्या केवल सांस चलना ही जीवन कहलाता है। जब किसी व्यक्ति की चेतना समाप्त हो जाए, जब वह अपने अस्तित्व का अनुभव भी न कर सके, तब क्या उसे कृत्रिम साधनों के सहारे जीवित रखना मानवीय है या अमानवीय? इन्हीं सवालों के साथ हरीश के परिवार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने न्यायालय से अनुरोध किया कि उनके बेटे को इच्छा मृत्यु अर्थात् पैसिव यूथेनेशिया की अनुमति दी जाए। यह एक अत्यंत संवेदनशील और जटिल कानूनी विषय है। भारत में सक्रिय इच्छामृत्यु यानी किसी व्यक्ति को जानबूझकर दवा देकर मृत्यु देना कानूनन अवैध है। लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में ÷पैसिव यूथेनेशिया÷ की अनुमति दी जा सकती है, जिसमें जीवन को कृत्रिम रूप से बनाए रखने वाले उपचार या उपकरणों को हटाया जाता है और मरीज को प्राकृतिक रूप से मृत्यु आने दी जाती है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हरीश राणा के जीवन-रक्षक उपचार को हटाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने यह निर्णय सुनाया। अदालत ने कहा कि व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है, और उसी प्रकार गरिमा के साथ मरने का अधिकार भी मानवीय अधिकारों का हिस्सा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है।**

# दूषित जल : विकास के दावों पर एक गंभीर प्रश्न

अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। किंतु यदि यही जल दूषित हो जाए तो क्या उसे जीवन का आधार कहा जा सकता है? सच तो यह है कि दूषित जल जीवन को बचाने के बजाय उसे संकट में डाल देता है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विडंबना यह है कि जिस देश में नदियों को माता का दर्जा दिया जाता है और जल को जीवन का मूल तत्व माना जाता है, वहीं करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी का परिणाम नहीं है, बल्कि कहीं न कहीं नीतिगत कमजोरियों, प्रशासनिक उदासीनता और विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2019 में आरंभ हुआ जल जीवन मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। इस योजना का उद्देश्य था कि देश के हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गई। इन योजनाओं के कारण पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2019 में केवल लगभग 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचता था, वहीं 2024 के अंत तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। यह उपलब्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाइपलाइन बिछा देने भर से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि जो पानी घरों तक पहुंच रहा है वह वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित भी हो।



ललित गर्ग

दुर्भाग्य से जल गुणवत्ता के मोर्चे पर स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं दिखाई देती। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल के नमूनों की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी मात्रा में जल प्रदूषित पाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है। महानगरों और बड़े शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था और सीवेज प्रबंधन की कमजोरियों के कारण जल स्रोत लगातार प्रदूषित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी हुई हैं। समय के साथ जब ये पाइपलाइन जर्जर हो जाती हैं तो सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है। हाल के वर्षों में कई शहरों में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने और यहां तक कि मौत होने की घटनाएं सामने आई हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे शहर में हुई ऐसी घटनाओं ने इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। यह विडंबना ही है कि जो शहर स्वच्छता के लिए देश में बार-बार अग्रणी स्थान प्राप्त करता रहा है, वहीं दूषित जल के कारण लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से यह चेतावनी देते रहे हैं कि अधिकांश बीमारियों की शुरुआत पेट से होती है और दूषित जल इसका सबसे बड़ा कारण बनता है। दस्त, उल्टी, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में दूषित पानी केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह जाता, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है। जल प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं। औद्योगिक कचरे का बिना उपचार के नदियों और जलाशयों में छोड़ा जाना एक बड़ा कारण है। इसके अतिरिक्त शहरों से निकलने वाला अनुपचारित सीवेज भी बड़ी मात्रा में जल स्रोतों को प्रदूषित करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार देश की सैकड़ों नदियों के अनेक नदी खंड जल गुणवत्ता के मानकों से नीचे पाए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे जल स्रोत धीरे-धीरे प्रदूषण के गंभीर जाल में फंसते जा रहे हैं। दूसरी ओर, भूजल का अत्यधिक दोहन भी स्थिति को और जटिल बना रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक भूजल निकालने वाले देशों में अग्रणी है। अत्यधिक दोहन के कारण न केवल जल स्तर गिर रहा है, बल्कि कई स्थानों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक और अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा भी बढ़ती जा रही है।

विकास की अंधी दौड़ ने भी इस संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तेजी से फैलते शहर, बढ़ते उद्योग और बढ़ती आबादी जल संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहे हैं। लेकिन इसके समानांतर जल प्रबंधन की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो पाई है। कई शहरों में सीवेज उपचार संयंत्रों की क्षमता पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में पहुंच जाता है। जब यही जल स्रोत पेयजल आपूर्ति का आधार बनते हैं तो स्वाभाविक रूप से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। दूषित जल का प्रभाव केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरे पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ता है। नदियों और झीलों में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है। कई प्रजातियां धीरे-धीरे समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाती हैं। इसके अतिरिक्त दूषित जल का उपयोग जब खेती में होता है तो वह मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है और अंततः खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मनुष्य तक पहुंचता है। इस प्रकार जल प्रदूषण का दायरा व्यापक और बहुआयामी है। इस समस्या के समाधान के लिए केवल योजनाएं बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी आवश्यकता है। सबसे पहले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जल के नमूने लेने की प्रक्रिया तभी सार्थक होगी जब प्रदूषित पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही जलापूर्ति और सीवेज व्यवस्था के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। जिन शहरों और कस्बों में पाइपलाइन व्यवस्था दशकों पुरानी हो चुकी है, वहां उन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण भी आवश्यक है। उद्योगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका कचरा बिना उपचार के किसी भी जल स्रोत में न जाए।

# ट्रम्प पर भारी पड़ता युद्ध

**ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी। यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो।**

इजरायल ईरान युद्ध में अमरीका की भूमिका को नकारा नही जा सकता। या यू भी कहा जा सकता है कि अगर अमरीका इजराइल का साथ न देता तो इजरायल ईरान से भिड़ने की हिम्मत भी न करता। लेकिन यह युद्ध अब ट्रम्प पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। यही नही अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। तेल की बढ़ती कीमतों, आर्थिक दबाव, और लंबे युद्ध की संभावना से मतदाताओं में नाराजगी बढ़ सकती है, जो सीधे तौर पर चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है। युद्ध के कारण तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति में वृद्धि मतदाताओं के लिए मुख्य चिंता बन गई है, जो रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ जा सकती है। यदि युद्ध लंबा चलता है, तो यह डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक बड़ी राजनीतिक कमजोरी बन सकता है, क्योंकि यह उनके विदेशी युद्धों को रोकने के वादे के विपरीत है। युद्ध को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के भीतर ही मतभेद सामने आ रहे हैं, और कई नेता चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसे जल्द खत्म करने की मांग कर सकते हैं। यही नही इसके परिणाम स्वरूप उनका राजनैतिक कैरियर भी ध्वस्त हो सकता है।



प्रेम शर्मा

इस युद्ध का वैश्विक स्तर पर जो असर दिखाई पड़ रहा है वह वाकई राष्ट्रपति ट्रम्प की वैश्विक छबि खराब कर चुका है। ईरान पर हमले के बाद बाधित समुद्री मार्ग होर्मुज को ऊर्जा आपूर्ति के लिए सुरक्षित बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मित्र राष्ट्रों समेत अन्य देशों से वहां अपनी नौसेनाएं भेजने का जो आग्रह किया था, उस पर इन देशों की अनिच्छा भरी प्रतिक्रिया यही बताती है कि ट्रंप अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जहां जापान और आस्ट्रेलिया ने होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए आगे आने में अनिच्छा प्रकट की, वहीं दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर विचार करेगा।



यही नही जर्मनी ने तो दो टूक कह दिया कि नाटो का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं। ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी।यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब गाजा के विकास के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को किनारे कर बोर्ड आफ पीस का गठन किया था और खुद उसके सर्वेसर्वा बन बैठे थे तो इस बोर्ड में भी नाटो देशों के साथ अन्य कई प्रमुख देश शामिल नहीं हुए थे।

यह अब किसी से छिपा नहीं कि अमेरिका के मित्र देश भी ट्रंप के रवैये से आजिज आ चुके हैं और वे उनकी मनमानी के समक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं। इसके लिए ट्रंप अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति से दुनिया को तंग ही किया है। सबसे अधिक तंग तो उन्होंने सहयोगी देशों को किया है। ट्रंप किस तरह मनमानी करते हैं, इसका उदाहरण अमेरिकी सेनाओं की ओर से वेनेजुएला पर हमला करना भी रहा। वेनेजुएला में अपनी कठपुतली सरकार बनाने के बाद उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। लगता है वे यह भूल गए कि ईरान वेनेजुएला नहीं है। ट्रंप भले ही बार-बार दोहरा रहे हों कि ईरान ने हार मान ली है, लेकिन सच यह है कि वह इजरायल के साथ खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है।उसकी रणनीति युद्ध को लंबा खींचने के साथ होर्मुज जल मार्ग बाधित कर दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ाने की जान पड़ती है। ट्रंप के पास ईरान की इस रणनीति का कोई जवाब नहीं दिख रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों पर हमले जारी रखकर ट्रंप की समस्या और बढ़ा दी है। उनका संकट केवल यही नहीं कि उन्हें अपेक्षित अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिल रहा है, बल्कि यह भी है कि अमेरिका में भी उनका विरोध बढ़ता जा रहा है।

ईरान संग युद्ध डोनाल्ड ट्रंप पर इस लिए भी भारी पड़ रहा है कि एक साथ उन्हें आर्थिक, कूटनीति, घरेलू समर्थन समेत कई मोर्चों पर मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है.ट्रंप ने फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन सहित कई देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की, ताकि ईरानी हमलों के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप पर अतिरिक्त सैन्य कार्रवाई कर सकता है. इन बयानों से स्पष्ट है कि अमेरिका इस संघर्ष को केवल सैन्य ही नहीं, बल्कि व्यापक कूटनीतिक दबाव के माध्यम से भी नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा है.आर्थिक मोर्चे पर भी यह संघर्ष ट्रंप के लिए गंभीर चुनौती बन गया है।

होर्मुज़ स्ट्रेट में बाधा के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे ऊर्जा और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है. अमेरिकी मतदाता आमतौर पर आर्थिक संकेतकों से अधिक अपने रोजमर्रा के खर्च के आधार पर सरकार का मूल्यांकन करते हैं. ऐसे में बढ़ती महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता ट्रंप की लोकप्रियता को कमजोर कर रही है। ट्रंप के लिए यह संघर्ष केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है।

यह अमेरिकी जनमत, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति के जटिल समीकरणों में भी लड़ा जा रहा है. यही कारण है कि ईरान के खिलाफ यह युद्ध, सैन्य दृष्टि से चाहे जैसा भी हो, घरेलू मोर्चे पर ट्रंप के नेतृत्व की सबसे बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है।

# बीज का इंतज़ार करती महिला किसान

**मौसम की अनिश्चितता भी खेती के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में बारिश का पैटर्न भी बदल रहा है, जिससे खरीफ फसलों पर असर पड़ता है। सितुआरा गांव की 70 वर्षीय महिला किसान सविता देवी कहती हैं, हम लोग दिन-रात अच्छी फसल के लिए मेहनत करते हैं क्योंकि हमारी आजीविका का यही एक साधन है। लेकिन जब समय पर बीज नहीं मिलता तो हमें बाजार से महंगे दाम पर बीज खरीदना पड़ता है। अगर बाद में ज्यादा बारिश हो जाए या सूखा पड़ जाए तो हमें दोहरा नुकसान होता है।**

भारत को कृषि प्रधान देश के रूप में ही देखा जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि यहां सबसे अधिक कठिनाई किसानों को ही होती है। कभी सूखा तो कभी बाढ़ और कभी बीज तो कभी मार्केट की समस्या उनके साथ लगी ही रहती है। बात जब महिला किसानों की आती है तो यह समस्या और भी अधिक बढ़ जाती है। देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां महिला किसानों को सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही एक उदाहरण सितुआरा गांव भी है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला स्थित मुसहरी ब्लॉक का यह गांव बाहर से देखने पर एक साधारण गांव जैसा ही लगता है, लेकिन इसके भीतर सैकड़ों परिवारों की ज़िंदगी खेतों की मिट्टी से जुड़ी हुई है।



साक्षी कुमारी

करीब 400 घरों वाले इस गांव में अनुसूचित जाति, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी ज्यादा है। यहां की ज्यादातर महिलाओं के लिए खेती सिर्फ काम नहीं बल्कि घर चलाने का एकमात्र सहारा भी है। खेत, बीज, मौसम और मेहनत इनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा हैं। लेकिन इन सबके बीच एक ऐसी समस्या है जो हर साल उनकी मेहनत को कमजोर कर देती है और वह है इन्हें समय पर बीज का न मिल पाना। यहां की 60 वर्षीय महिला किसान उमा देवी कहती हैं, जब समय पर बीज नहीं मिलता है तो फसल समय पर नहीं उग पाती और बाद में उत्पादन भी कम हो जाता है। उमा देवी की यह बात सिर्फ एक किसान की परेशानी नहीं है बल्कि गांव की लगभग हर महिला किसान की कहानी है। खेत तैयार होने के बाद अगर बीज समय पर न मिले तो पूरा खेती का चक्र बिगड़ जाता है।



दरअसल बिहार में कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य की लगभग 76 प्रतिशत आबादी किसी न किसी रूप में खेती पर निर्भर है। राज्य में करीब 56 लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती होती है और धान, गेहूं और मक्का प्रमुख फसलें हैं। बिहार में धान का उत्पादन लगभग 99.34 लाख टन, गेहूं 78.27 लाख टन और मक्का 66.03 लाख टन के आसपास है। मुजफ्फरपुर जिले की पहचान भी कृषि से ही है। इन फसलों के अलावा यहां फल और सब्जियों की खेती भी काफी अधिक मात्रा में होती है। लीची, आम, केला, आलू, प्याज, फूलगोभी और बैंगन जैसी फसलें यहां बड़े पैमाने पर उगाई जाती हैं।

लेकिन खेती का यह मजबूत ढांचा जमीन पर रहने वाले छोटे किसानों विशेषकर महिला किसानों की परेशानियों को हमेशा हल नहीं कर पाता। गांव की 35 वर्षीय महिला किसान रिंकू देवी बताती हैं, हमें समय पर बीज नहीं मिलता है। इसलिए बाजार से खरीदना पड़ता है। जो बहुत महंगा मिलता है। अगर सरकार समय पर बीज उपलब्ध करा दे तो हमारी बहुत मदद हो सकती है। रिंकू देवी की बात इस गांव की आर्थिक सच्चाई को सामने लाती है। सितुआरा समेत मुजफ्फरपुर के कई ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश छोटे या सीमांत किसान हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन होती है। ऐसे में अगर उन्हें बीज, खाद या अन्य कृषि सामग्री महंगे दामों पर खरीदनी पड़े तो खेती की लागत बढ़ जाती है और मुनाफा कम हो जाता है।

मुजफ्फरपुर और उत्तर बिहार के इलाके हर साल बाढ़ से भी प्रभावित होते हैं। मौसम की अनिश्चितता भी खेती के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में बारिश का पैटर्न भी बदल रहा है, जिससे खरीफ फसलों पर असर पड़ता है। सितुआरा गांव की 70 वर्षीय महिला किसान सविता देवी कहती हैं, हम लोग दिन-रात अच्छी फसल के लिए मेहनत करते हैं क्योंकि हमारी आजीविका का यही एक साधन है। लेकिन जब समय पर बीज नहीं मिलता तो हमें बाजार से महंगे दाम पर बीज खरीदना पड़ता है। अगर बाद में ज्यादा बारिश हो जाए या सूखा पड़ जाए तो हमें दोहरा नुकसान होता है और हमारी आर्थिक स्थिति और खराब हो जाती है।

मुजफ्फरपुर में खेती मुख्य रूप से तीन प्रमुख सीजन में होती है। पहला खरीफ सीजन होता है जिसमें मई-जून के दौरान धान, मक्का और बाजरा जैसी फसलें बोई जाती हैं और अक्टूबर-नवंबर तक कटाई होती है। दूसरा रबी सीजन होता है जिसमें अक्टूबर-नवंबर में गेहूं, चना, सरसों और जौ की बुवाई की जाती है और मार्च-अप्रैल में फसल तैयार होती है। तीसरा ज़ैद सीजन होता है जिसमें मार्च से जून के बीच सब्जियां और कुछ विशेष किस्म की फसलें उगाई जाती हैं। यहां की अर्थव्यवस्था में बागवानी का भी बड़ा योगदान है। यहां की शाही लीची देश-विदेश में प्रसिद्ध है और मुजफ्फरपुर अकेले देश की लगभग 71 प्रतिशत लीची का उत्पादन करता है। इसके बावजूद गांवों में रहने वाले छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है।

बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश के औसत से काफी कम रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों में रहने वाले किसानों की आय सीमित बनी रहती है। जब खेती पर निर्भर परिवारों की आय कम होती है और खेती से जुड़े संसाधन समय पर नहीं मिलते, तब सबसे अधिक बोझ महिलाओं पर पड़ता है। वे खेत में काम करती हैं, घर संभालती हैं और परिवार की जिम्मेदारी भी उठाती हैं। लेकिन खेती से जुड़ी योजनाओं और संसाधनों तक उनकी पहुंच अभी भी सीमित है। ऐसे में अगर इन महिला किसानों की स्थिति को बेहतर बनाना है तो कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

सबसे पहले गांव स्तर पर बीज वितरण की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे किसानों को समय पर और उचित कीमत पर बीज मिल सके। पंचायत स्तर पर बीज बैंक बनाए जा सकते हैं जहां किसान जरूरत के समय बीज प्राप्त कर सकें। दूसरा, महिला किसानों के लिए स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि वे सामूहिक रूप से बीज और अन्य कृषि संसाधन खरीद सकें। इससे लागत कम होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। तीसरा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऐसी फसल किस्मों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जो कम समय में तैयार हो जाएं और मौसम की अनिश्चितता को सहन कर सकें। इसके साथ ही कृषि विभाग को गांवों में नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम चलाने चाहिए ताकि महिला किसान आधुनिक खेती के तरीकों से जुड़ सकें।

# योगी सरकार ने किया वित्त क्षेत्र व्यावहारिक बदलाव

**अवधनामा संवाददाता**



**जनता का पैसा कहां से आया और कहां खर्च हुआ, अब सब कुछ होगा स्पष्ट**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वित्त के क्षेत्र में एक स्पष्ट और व्यावहारिक बदलाव किया है। अब टैक्स को केवल राजस्व इकट्ठा करने का माध्यम नहीं माना जा रहा, बल्कि उसे सीधे किसी खास उद्देश्य से जोड़कर खर्च किया जा रहा है। सरल शब्दों में समझें तो कौन सा पैसा कहां से आया और कहां खर्च हुआ, यह अब स्पष्ट दिख रहा है।

यह मॉडल इसलिए खास है क्योंकि आम नागरिक अब आसानी से समझ सकता है कि उसका दिया हुआ टैक्स किस काम में लग रहा है। इस पूरी नीति का सीधा मतलब है कि टैक्स अब सिर्फ पैसा नहीं, बल्कि विकास का साधन बन चुका है। उत्तर प्रदेश ने दिखाया है कि अगर योजना स्पष्ट हो, तो हर रुपये का सही उपयोग करके समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति तीनों को एक साथ मजबूत किया जा सकता है। राज्य सरकार ने आबकारी से जुड़े राजस्व पर 0.5 फीसदी का गो कल्याण सेस लगाया है। यह टैक्स शराब की बिक्री से जुड़ा है। आम उपभोक्ता पर इसका बहुत कम असर पड़ता है, लेकिन पूरे राज्य से यह मिलकर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाता है। इस पैसे को सीधे आवारा गोवंश की देखभाल में खर्च किया जाता है।

प्रदेश में बने गोवंश आश्रय स्थल में हजारों पशुओं को रहने, खाने और इलाज की सुविधा मिल रही है। दरअसल, कृषि में मशीनों के बढ़ते उपयोग के कारण किसानों की पशुओं पर निर्भरता कम हुई है, जिससे आवारा पशुओं की समस्या बढ़ी। अब इस सेस के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान तैयार किया गया है।

संपत्ति की खरीद-फरोख्त से मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी का उपयोग काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट में किया जा रहा है। इससे पर्यटन बढ़ रहा है, रोजगार मिल रहा है और विरासत सुरक्षित हो रही है। खनन से मिलने वाला पैसा गांवों में सिंचाई और जल प्रबंधन सुधारने में लगाया जा रहा है, जिससे किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से मिलने वाला टोल छोटी सड़कों (फीडर रोड) के निर्माण में खर्च हो रहा है, जिससे दूर-दराज के गांव भी मुख्य सड़कों से जुड़ रहे हैं।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में संगठन सुदृढ़ीकरण पर दिया गया जोर



**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंगलवार को असोथर नगर के एक अतिथिगृह में भाजपा द्वारा मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में रामकिशोर साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान रामकिशोर साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित संगठन है। उन्होंने कहा कि सेवा का संकल्प ही संगठन के लिए सर्वोपरि है और कार्यकर्ताओं के विचार व आचरण में राष्ट्रहित की झलक स्पष्ट दिखनी चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ताओं की प्रगति उनकी निष्ठा और कार्यशैली पर निर्भर करती है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कुलदीप भदौरिया ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि तृतीय सत्र में पंकज त्रिवेदी ने कार्यपद्धति विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंगलवार को तीन सत्र संपन्न हुए, जबकि शेष चार सत्र बुधवार को आयोजित किए जाएंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीएम की चेतावनी

**अवधनामा संवाददाता**



**एचपीवी वैक्सीनेशन व आयुष्मान कार्ड पर जोर**

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, बजट व्यय और कार्यों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं का एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर माइक्रोप्लान तैयार कर निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में पिछली समीक्षा के निर्देशों का पालन न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। 10 एनबीएसयू स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना में देरी पर डीपीएम लालचंद्र गौतम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को 31 मार्च तक एनबीएसयू स्थापित कर उसकी रिपोर्ट फोटो सहित प्रस्तुत करने को कहा गया। डीएम ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी नोटिफिकेशन लक्ष्य के अनुरूप करने, आभा आईडी रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने तथा गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच और पंजीकरण बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। गर्भवती महिलाओं का समय से पंजीकरण, सभी आवश्यक जांचें, टीकाकरण और हाईरिस्क मामलों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही बीएचएसएनडी दिवस पर सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए और जरूरतमंदों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच व दवा उपलब्ध कराई जाए।

# एमएसएमई योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 17 मार्च को 'उद्यमी लॉन्चपैड' पहल के अंतर्गत एमएसएमई योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रोफेसर सैयद हैदर अली ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर सैयद हैदर अली, जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त वी.डी. चौधरी, प्रथम सत्र के वक्ता अमित अग्रवाल तथा बैंकिंग विशेषज्ञ शम्मी भसीन मंच पर उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में अमित अग्रवाल ने विभिन्न एमएसएमई योजनाओं के उद्देश्यों, लाभार्थियों एवं विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज तथा क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्टजैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके माध्यम से उपलब्ध वित्तीय सहायता, सब्सिडी एवं प्रशिक्षण के अवसरों को रेखांकित किया।

# मनरेगा भुगतान को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**फतेहपुर।** मनरेगा मजदूरों और रोजगार सेवकों के लंबित भुगतान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिला व शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कचेहरी प्रांगण से जुलूस निकालकर विकास भवन पहुंचकर घेराव किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मनरेगा मजदूरों का बकाया भुगतान जल्द कराने और गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को वापस लेने की मांग उठाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण गरीब मजदूरों की हालत दयनीय हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों मनरेगा मजदूरों का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही जनता के साथ यह अन्याय है।

# 'शिक्षा ही व्यक्ति और समाज के उत्थान का सबसे मजबूत माध्यम'

**अवधनामा संवाददाता**



**एमएलएम पब्लिक स्कूल का भव्य शुभारंभ, शिक्षा व संस्कारों के संग आधुनिक सुविधाओं का मिलेगा लाभ**

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एमएलएम पब्लिक स्कूल का भव्य शुभारंभ किया गया। पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना लाल मौर्य की स्मृति में स्थापित इस विद्यालय का उद्घाटन बौद्ध भिक्षु डॉ. उपानंद थेरो द्वारा विधायक ऊषा मौर्य के साथ फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध परंपरा के अनुसार भगवान बुद्ध के उपदेशों के वाचन से हुई, जिसमें शांति, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इसके बाद आयोजित समारोह में विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य, भविष्य की योजनाओं तथा शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. उपानंद थेरो ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज के उत्थान का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि धन और शक्ति समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, लेकिन ज्ञान और अच्छे संस्कार व्यक्ति के जीवन को दिशा देते हैं और उसे समाज में सम्मान दिलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। वहीं हुसैनगंज विधायक एवं सपा नेत्री ऊषा मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में छोटे बच्चों के लिए एक अच्छे विद्यालय की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है।

# ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस अलर्ट संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च



**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** आगामी पर्व ईद-उल-फितर के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में मंगलवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक फ्लैग मार्च किया गया।

यह फ्लैग मार्च थाना मलवां, जहानाबाद, जाफरगंज, थरियांव और धाता क्षेत्रान्तर्गत मिश्रित आबादी वाले इलाकों में निकाला गया। मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना रहा। अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में थाना मलवां क्षेत्र में स्थानीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों, प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस बल ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और त्योहार को भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# टीएमयू में खूब गुदगुदा गए हास्य-व्यंग्य के कवि शैलेश लोढ़ा

**अवधनामा संवाददाता**



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कवि सम्मेलन के नायक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में तारक मेहता फेम रहे शैलेश लोढ़ा अपनी अनूठी प्रस्तुति और हास्य-व्यंग्य से मेहमानों और हजारों-हजार स्टुडेंट्स को खूब गुदगुदाया। व्यंग्यकार गोविंद राठी ने समाज की विसंगतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अपने शब्दों से सर्जरी की मानिंद काम किया। वीर रस के कवि अशोक चारण की प्रभावी आवाज, अदायगी, त्वरित हास्य बोध से खूब वाहवाही लूटी। चारण ने जोशीली कविताओं के जरिए देशभक्ति की अलख जगा दी। हास्य कवि चेतन चर्चित ने जहां हंसी के ठहाकों से गुदगुदाया, वहीं अपनी रचनाओं से समाज को गहरा संदेश भी दे गए। श्रृंगार रस की कवयित्री मनु वैशाली के प्रेम गीतों पर पूरा पंड़ाल झूमता नज़र आया। गीतकार अभिसार गीता शुक्ल ने प्रेम और विरह की रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण के संग कवि सम्मेलन का शंखनाद हुआ। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के संग-संग मेहमान कवियों, जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्री अनिल जैन आदि की इस मौके पर उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इससे पूर्व सभी कवियों को बुके देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। संचालन की कमान व्यंग्यकार गोविंद राठी ने संभाली तो अध्यक्षता श्री शैलेश लोढ़ा ने की।

श्री शैलेश लोढ़ा ने भारत की बड़ी आबादी की कहानी पर केंद्रित अपनी कविता- जिंदगी मुझे तुझसे प्यार है... को कुछ इस तरह बयां किया-

बच्चों के टूटे खिलौनों को कितनी बार जोड़ पाऊंगा

बीबी की फटी साड़ी में से झांकेंगे सपने

आखिर वही तो हैं अपने

भले ही हर दिन बोझ हो, और खुद पर उधार है

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम मोहम्मदपुर निवासी पुष्पा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह पिछले दो वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, जिसके इलाज में काफी धन खर्च हो चुका है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका कच्चा मकान भी जर्जर अवस्था में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आज ही मौके पर पहुंचकर जांच कराई जाए।

# 'शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह' हर्षोल्लास से हुआ



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में विनोद चतुर्वेदी जी (विधायक) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेश शुक्ला जी के द्वारा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंच के माध्यम से संस्था के बारे में पूर्ण जानकारी एवं संस्था के उद्देश्यों के बारे में सभी को अवगत कराया और सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद स्वरूप सम्मानित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता विशम्भर नारायण तिवारी जी ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ,जिला टीम को संबोधित किया और संस्था के बारे में सभी को बताया। बच्चों को सम्मानित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी पाल जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीता राम विश्वकर्मा, गुलशन, आलोक शांडिल्य, अरविंद, कर्मक्षेत्र अवस्थी, विनोद व्यास, गिरीश उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री ज्ञानेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण की श्रृंखला में जिला टीम को जे. एन. मिश्रा के द्वारा शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद प्रस्तुतियों का प्रदर्शन, मंच के माध्यम से किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक, रानी लक्ष्मीबाई को समर्पित जोश से भरा अभिनय, राधा कृष्ण की झाँकी, फूलों की होली, कविताओं की मंच से प्रस्तुति एवं गीत आदि प्रस्तुत किये गए।

## संक्षिप्त समाचार

### तरावीह में दो नन्हें हाफिज़ों ने मुकम्मल किया कुरान पाक

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** रमजानुल मुबारक की 26वीं तारीख को तरावीह की नमाज के दौरान दो नन्हें हाफिज़-ए-कुरान बच्चों ने पाक कुरान मुकम्मल कर एक खास मुकाम हासिल किया। इस मौके पर क्षेत्र में खुशी और रूहानी माहौल देखने को मिला। खेलदार मोहल्ला स्थित पीली मस्जिद के मदरसा



तहाफिजुल कुरान में आयोजित तरावीह के दौरान 13 वर्षीय हाफिज़ मुहम्मद याह्या (पुत्र हाफिज़ मोहम्मद इस्माइल सिद्दीकी) और हाफिज़ मोहम्मद खालिद उर्फ दानिश (पुत्र मोहम्मद शमीम, निवासी लाला बाजार) ने 26 दिन में तरावीह के जरिए कुरान पाक मुकम्मल कराया। यह उपलब्धि उन्होंने अपने उस्ताद हाफिज़ मोहम्मद इस्माइल सिद्दीकी की सरपरस्ती में हासिल की। इस अवसर पर ईदगाह के इमाम डॉ. सैयद हबीबुल इस्लाम ने बच्चों और उनके अभिभावकों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि कुरान पाक केवल तिलावत के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत को सही रास्ता दिखाने वाली मुकद्दस किताब है। उन्होंने कहा कि कुरान हमें बुराइयों से बचकर सीधे रास्ते पर चलने की सीख देता है। कार्यक्रम के अंत में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली और अमन-चैन के लिए विशेष दुआ कराई गई।

### आज निराला नगर में गूंजेगा भारतीय नववर्ष का शंखनाद

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय संस्कृति के संवर्धन और विक्रम संवत 2083 के भव्य स्वागत हेतु राजधानी लखनऊ पूरी तरह से तैयार है। 'भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति' द्वारा संचालित जन-जागरण अभियान के तहत आज संयोजक अभिषेक खरे के नेतृत्व में शहर भर में 5000 'भारतीय नववर्ष किट' का वितरण किया गया। समिति के कार्यकर्ताओं ने टोलियों में निकलकर राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में नववर्ष किट वितरित की।

# मरीजों को बेहतर उपचार मिले



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई ( जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल (महिला) एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी तथा विभिन्न वार्डों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकांश मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल से ही दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उपचार संतोषजनक ढंग से मिल रहा है। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, व्यवस्था एवं अनुशासन को और बेहतर बनाया जाए, ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। विशेष रूप से राजकीय मेडिकल कॉलेज में साफ-सफाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी।

# 93 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चन्दौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना चंदौली और मुगलसराय पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए कुल 93.350 किलोग्राम गांजा बरामद कर चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कुल अनुमानित कीमत करीब 24 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना मुगलसराय पुलिस ने चकिया तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक टाटा मैजिक (CG-07 AT-3053) को रोककर तलाशी ली। वाहन में जले हुए मोबिल के ड्रमों के बीच छिपाकर 38 किलोग्राम गांजा रखा गया था। पुलिस ने मौके से निरंजन कुमार और राजू कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे मध्य प्रदेश के हनुमना से गांजा वाराणसी पहुंचाने के लिए ले जा रहे थे। वहीं 16 मार्च की रात थाना चंदौली पुलिस और स्वाट/सर्विलांस टीम ने एनएच-19 पर बड़े साहब ढाबा के पास एक पिकअप वाहन से 55.350 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण एक बार फिर कतार में नजर आ रही

**अवधनामा संवाददाता**



**एलपीजी सिलेंडर संकट की समस्या को लेकर सपाईयों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना**

**चंदौली।** ईरान-इजराइन युद्ध से पैदा हुए एलपीजी गैस सिलेंडर संकट को लेकर समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि देश की जनता सरकार की गलत नीतियों के कारण एक बार फिर कतार में नजर आ रही है। आपदा के इस काल में प्रशासन व सरकार लोगों को एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराने में विफल साबित हो रहे है, जिससे पूरे देश में तनाव की स्थिति कायम है।

इस दौरान सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाले से गैस निकालने के फार्मूले को जानना चाहता है। क्योंकि एलपीजी सिलेंडर आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। संकट की इस घड़ी में घरेलू गैस सिलेंडर को उपभोक्ताओं की पहुंच से दूर करके उसे ब्लैक किया जा रहा है, वहीं कुछ स्थानों में सरकार की ओर से तय रेट से अधिक मूल्य वसूले जा रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन स्थिति को संभालने में नाकाम साबित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर रिफिल कराने की समयावधि 45 दिन निर्धारित कर दी गयी है, जो पूरी तरह से गलत है। ऐसे नियमों की आड़ में सरकार अपनी गलतियों को छिपाने के साथ ही कालाबाजारी को बढ़ावा दे रही है। सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल किए। कहा कि सरकार की गलत नीति के कारण समुद्र में फंसे गैस व पेट्रोलियम लदे जहाज स्ट्रेट आफ होर्मुज में फंसे हैं, जिससे देश में दिन प्रतिदिन गैस की किल्लत बढ़ रही है। कहा कि सरकार, प्रशासन की निगरानी में आम उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का दंश देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है।

# जनसुनवाई में डीएम की पहल, बच्चे को मिला सहारा



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उस समय भावुक दृश्य देखने को मिला, जब 6 वर्षीय रामनारायण अपनी मौसी के साथ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के समक्ष पहुंचा। नन्हे बालक ने मासूमियत से कहा कि वह पढ़-लिखकर पुलिस अधिकारी बनना चाहता है।

रामनारायण ने बताया कि उसकी मां का 2020 में निधन हो चुका है तथा उसके पिता ने भी उसे त्याग दिया है। वर्तमान में वह अपनी मौसी के साथ रहकर जीवन यापन कर रहा है। बच्चे की स्थिति और उसकी मौसी की उदासी ने वहां उपस्थित सभी को भावुक कर दिया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि बालक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) से लाभान्वित कराया जाए। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि रामनारायण का प्रवेश शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत विद्यालय में कराया जाए तथा उसे किताबें, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

# जीएलए के छात्र रौनक उपमन्यु दिल्ली आईआईटी में लगातार पांचवी बार जीते

अवधनामा संवाददाता

- जीएलए विश्वविद्यालय विधि संस्थान के छात्र रौनक उपमन्यु ने 528 डिबेट में भाग लिया

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विधि संकाय के अंतिम वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र रौनक उपमन्यु ने राष्ट्रीय स्तर पर जीएलए की श्रेष्ठ विधि शिक्षा, प्रशिक्षण और शैक्षणिक गुणवत्ता की ऐसी छाप छोड़ी है, जो एक मिसाल बनी है। छात्र रौनक ने अब तक देशभर के प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली में पांचवीं बार लगातार एमयूएन जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

विदित रहे कि इसी सप्ताह रौनक ने दिल्ली विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज में भी युवा संसद को जीतकर ब्रज का नाम रोशन किया, आईआईएम और शीर्ष विश्वविद्यालयों में आयोजित 528 बहस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। इनमें वे 218 प्रमुख डिबेट प्रतियोगिताओं में जज भी रहे तथा 15 प्रतियोगिताओं को खुद रौनक उपमन्यु ने ऑर्गेनाइजेशन किया और सैकड़ो प्रतियोगिताओं में बहस करते हुए 267 बार प्रथम स्थान हासिल कर वे देश के पहले ऐसे छात्र-डिबेटर बन गए हैं, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि न केवल जीएलए विश्वविद्यालय, बल्कि संपूर्ण ब्रज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

रौनक ने 295 प्रतियोगिताओं में भाग लेकर 267 में प्रथम पुरस्कार जीतकर यह सिद्ध किया कि कठिन परिश्रम, तर्कशक्ति और वक्तृत्व कौशल का समन्वय सफलता का वास्तविक आधार है। रौनक उपमन्यु ने देश की कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका भी निभाई।

दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, आईआईटी दिल्ली तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में भी वे प्रथम स्थान पर रहे, जहां उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला एवं सांसद राजीव शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। इस वर्ष रौनक ने दिल्ली आईआईटी संस्थान, इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अगरतला ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), एमिटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, दौलत राम कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (दिल्ली विश्वविद्यालय), पंजाब विश्वविद्यालय में एबीवीपी के अध्यक्ष गौरव वीर सोहल ने श्री उपमन्यु को विजेता शील्ड प्रदान की, दो महीने में 13 प्रथम पुरस्कार जीतकर अपनी असाधारण दक्षता सिद्ध की है। इन प्रतियोगिताओं में जीएलए विधि के छात्र की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि जीएलए विश्वविद्यालय का विधि संकाय न केवल पाठ्यक्रम-आधारित शिक्षा देता है, बल्कि विद्यार्थियों में विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच, बहस-कौशल, संविधानिक समझ और न्यायिक दृष्टि विकसित करने पर विशेष ध्यान देता है। विश्वविद्यालय में नियमित मूट कोर्ट, शोध-आधारित विधि अध्ययन, व्यावहारिक प्रैक्टिस सत्र तथा अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन ने रौनक जैसे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर चमकने की मजबूत नींव दी है।



जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि रौनक उपमन्यु ने अपने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और अद्भुत वक्तृत्व कौशल से न केवल जीएलए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि ब्रजभूमि को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि जीएलए की उच्च गुणवत्ता वाली विधि शिक्षा और समर्पित संकाय विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करता है, और रौनक की उपलब्धि इसका सशक्त प्रमाण है।

वहीं विधि संकाय के डीन प्रो. सोमेश धमीजा ने कहा कि छात्र की सफलता विधि शिक्षा, युवा संसद और डिबेटिंग परंपरा के लिए एक स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि जीएलए का अनुसंधान-आधारित शिक्षण, केस-स्टडी मॉडल, कानूनी विश्लेषण क्षमता और प्रायोगिक प्रशिक्षण छात्रों को राष्ट्रीय मंचों पर आगे बढ़ने में अत्यंत सहायक है। रौनक का यह रिकॉर्ड पूरे छात्र समुदाय के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। रौनक उपमन्यु, एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के सुपुत्र हैं।

## मथुरा में पशु क्रूरता रोकने के लिए शासन ने की कमेटी गठित

**मथुरा।** सोसायटी फॉर प्रीवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स की जिला कार्यकारिणी में नए सदस्यों का नामांकन किया गया है। पशुधन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा धारा 7 एवं धारा 8 के अंतर्गत कुल 8 सदस्यों को समिति में शामिल किया गया है। धारा 7 के अंतर्गत श्रेयस गुजराती (जतीपुरा गोवर्धन), नवीन कुमार (कृष्णा नगर मथुरा), बृजेश चंद्र उपाध्याय (सिविल लाइन मथुरा), राधा कृष्ण (राजपुर वृंदावन), विभोर प्रकाशम (महाविद्या कॉलोनी मथुरा) एवं जगन्नाथ पोद्दार (वृंदावन) को सदस्य नामित किया गया है। वहीं धारा 8 के अंतर्गत उमेश पांडे (श्रीपाद बाबा गौशाला, वृंदावन) एवं ब्रज शरण महाराज शिष्य रमेश बाबा (श्री माताजी गौशाला, बरसाना) को सदस्य बनाया गया है। यह समिति भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार के सुझाव के तहत गठित की जाती है, जिसका उद्देश्य पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम सुनिश्चित करना है। समिति के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी तथा उपाध्यक्ष वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक होते हैं।

# वार्ड के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करुंगा : शिवमराज



अवधनामा संवाददाता

- प्रदेश शासन द्वारा नामित हुए पांच सभासदों का भव्य स्वागत हुआ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश शासन द्वारा नगर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद में नामित किए गए पांच शासकीय सभासदों का नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बीते दिन प्रदेश शासन द्वारा स्थानीय नगर पालिका परिषद की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभानें के लिये पॉच शासकीय सभासदों शिवमराज वर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र वर्मा निवासी मोहल्ला शास्त्रीनगर, चन्दन चौरसिया पुत्र महेश चन्द्र निवासी मोहल्ला भगत सिंह नगर, कृष्ण मुरारी कठेरिया पुत्र स्व. बुद्धसेन निवासी मोहल्ला दिलशानगर, राकेश कुशवाहा पुत्र रामसनेही निवासी मोहल्ला जवाहर नगर, किरन दुवे पत्नी कमल दुवे निवासी मोहल्ला सुभाषनगर को नामित किया गया है। मंगलवार को नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित सीताराम मोटर्स पर शासकीय सभासद शिवमराज वर्मा ने कहा कि वे वार्ड के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क सुधार एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करुंगा। उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या को गंभीरता से लेकर उसका त्वरित समाधान कराया जाएगा। इस दौरान सुभाष चंद्र वर्मा, राकेश चंद्र वर्मा, सूरजभान सिंह वर्मा, भाजपा पिक्षडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, ज्ञानू वर्मा, शलभ वर्मा, आयुष वर्मा, सुमित गुप्ता, आशीष दुबे, केतन गुप्ता ने शासकीय सभासद शिवमराज वर्मा का माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया।

# मनरेगा: कांग्रेसियों ने किया राजीव भवन का घेराव

अवधनामा संवाददाता





**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ मजदूर विरोधी भाजपा सरकार के विरोध में मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन कार्यालय का गेट बंद कर घेराव प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले लगभग एक करोड़ मजदूर परिवारों को पिछले 75 दिनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है आज उत्तर प्रदेश में लगभग 2000 करोड रुपए का मनरेगा का भुगतान लंबित है, इसके साथ ही इस योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40,000 संविदा कर्मियों को भी पिछले 8 महीना से औसतन उनका मानदेय नहीं दिया गया है। गरीब मजदूर परिवार व संविदा कर्मी भुखमरी के कगार पर हैं, होली से पूर्व प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा सरकार से भुगतान की मांग की गई थी, यदि गरीब जॉब कार्ड धारकों को और ग्राम रोजगार सेवकों व संविदा कर्मियों को उनके कार्य का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार से मांग करते हैं शीघ्र ही जॉब कार्ड मजदूर व कर्मियों का भुगतान किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान सर्वश्री आदित्य तिवारी धीरज शर्मा लक्ष्मी नारायण दीपक दीक्षित शैलेंद्र चौधरी संदीप चौधरी गीता दिवाकर ललिता देवी राजकुमार उपाध्याय रवि वाल्मीकि करन निषाद नीरज गुड्डी महेश चौबे प्रवीण ठाकुर भगवान सिंह धीरू चौधरी विराज चौधरी विपुल पाठक आकाश सिंह अश्विनी शुक्ला मुस्लिम कुरैशी विकास चतुर्वेदी तपेश गौतम देवकीनंदन निषाद दुर्जन पटेल जवाहर सिंह महेंद्र सिंह माधव गौतम कन्हैयालाल मंजू सपना ओमवीर शर्मा बाबूलाल बलबीर सिंह कुंवर सिंह निषाद अशोक कुमार सौदान सिंह हेमंत निषाद दर्शन निषाद राहुल डालचंद देवेंद्र निषाद भरत लाल राम रतन लक्ष्मण तोमर हातिम सिंह हाशिम हमीर बलबीर प्रधान जी मनोज गौड़ विवेक कुमार राजेश कुमार विक्रम बाल्मीकि सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# गैंग रेप का आरोपी मुठभेड़ में घायल, दूसरे ने किया सरेंडर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** डीआईजी शैलेश पांडे के निर्देशन व एसएसपी श्लोक कुमार के नेतृत्व में गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में धर दबोचा है।मुठभेड़ में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद साथी ने सरेंडर कर दिया। विदित हो कि आरोपियों ने शनिवार को महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। मिली जानकारी अनुसार मांट थाना क्षेत्र में पति से झगड़ाकर आई महिला को अकेला देख आरोपियों ने उसे दबोच लिया। उसके साथ बारी-बारी से दरिंदगी की। बेगमपुर गांव के रहने वाले आरोपी 24 वर्षीय राजकुमार और 20 वर्षीय दुर्गेश ने यमुना नदी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर पड़ने वाले पेटून पुल के पास इस घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। पीड़ित महिला के पति शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया गया। इसके बाद महिला का मेडिकल कराया गया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। एसपी देहात ने बताया आरोपियों के बारे में सोमवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि राजकुमार और दुर्गेश राधारानी अंडरपास के नजदीक मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। राजकुमार और दुर्गेश को पकड़ने गई। पुलिस टीम से बचने के लिए राजकुमार ने फायरिंग कर दी। इसके जवाब में मांट पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान राजकुमार के बाएं पैर में गोली लगी है। वह घायल हो गया। राजकुमार को गोली लगते ही दुर्गेश ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने राजकुमार को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने इनके पास से 1 तमंचा 3 कारतूस बरामद किए। आरोपी राजकुमार पर 2025 में नाबालिग के साथ दुराचार का एक मुकद्दमा दर्ज है।

# यात्रियों को उन्नत यात्रा व सुविधा का लाभ मिलेगा : संजीव शर्मा

- 10.50 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित हो रहा रेलवे स्टेशन

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, इज्जतनगर संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल पर स्थित गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रू0 10.50 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यह स्टेशन कानपुर, लखनऊ, कासगंज, फर्रूखाबाद, बरेली आदि स्टेशनों से जुड़ा है। इस कारण यह स्टेशन आसपास के व्यापारिक और कृषि क्षेत्र के लिये उपयोगी है। बताया कि गुरसहायगंज से लगभग 30 किमी. दूरी पर स्थित कन्नौज को प्रसिद्ध इत्रनगरी कहा जाता है। यह क्षेत्र मुख्य रूप से गेहूँ, आलू, धान आदि की खेती के लिये जाना जाता है। इस स्टेशन से कृषि उत्पादों का परिवहन भी होता है। आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत स्टेशन पुनर्विकसित किया गया है। स्टेशन बिल्डिंग को नया देने के साथ 386 स्क्वायर मीटर का नया स्टेशन भवन बनाया गया है, जिसमें जन-औषधि केन्द्र, मॉडर्न ट्वायलेट, टी-स्टाल व कार्यालय बने हैं। प्लेटफार्म संख्या 1 व 2 पर सरफेसिंग, ग्रेनाइट लगाने का कार्य, आरक्षण कार्यालय, नये यात्री हाल व फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया व ड्रेनेज में वी.डी.सी. सरफेसिंग, मॉडर्न ट्वायलेट, पोर्च, दिव्यांगजन हेतु शौचालय, वाटरबूथ, हेल्प बूथ, कम ऊंचाई वाले टिकट खिड़की, 900 मीटर रैंप का कार्य पूरा किया गया। यहाँ पर 640 वर्गमीटर में पी.पी. शेल्टर लगाया गया है, नया पैदल उपरिगामी पुल बनाया गया है तथा वी.आई.पी. रूम का उन्नयन किया गया है। स्टेशन पर अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेजेज लगाये जायेंगे, स्टेशन भवन को आकर्षक फसाड लाईट से सुसज्जित किया जायेगा। जिससे यहाँ आने वाले यात्रियों को उन्नत व आकर्षक सुविधाओं का विशेष एहसास होगा और यात्रियों को उन्नत यात्रा सुविधा का लाभ मिलेगा।

# सीसी सड़क बनने से नागरिकों का आवागमन सुगम होगा



- ईओ एवं चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया सीसी सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता एवं चेयरमैन आसमा वेगम पत्नी अखलाक हुसैन सिददीकी के पुत्र/प्रतिनिधि अयान हुसैन सिददीकी ने मोहल्ला गौरी नवादा स्थित एफ्जी रोड से नई मस्जिद तक प्रस्तावित सीसी सड़क बनाने जाने के स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीतेदिन प्रस्तावित सीसी सडक के स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीसी सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि अयान हुसैन सिददीकी ने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा किया जाए। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य संबंधित लोग भी मौजूद रहे।

# झूलेलाल जन्मोत्सव का आगाज गूंजे नगमें, झूमे सिंधीजन

- लाड़ी लुहाणा सिंधी पंचायत सोसायटी ने कराया रक्तदान
- स्वामी लीलाशाह की शिक्षाओं से प्रेरित होकर 22 सिंधी युवाओं ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** सिंधी जनरल पंचायत द्वारा चल रहे सिंधी उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत स्वामी लीलाशाह की शिक्षाओं से प्रेरित होकर लाड़ी लुहाणा सिंधी पंचायत सोसायटी द्वारा लाइफ केयर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, वहीं कृष्णा आर्चिड कॉलोनी में चेटीचंड पर्व का आगाज भी हुआ।

मुख्य संयोजक चंदनलाल आडवानी और संयोजक किशोर इसरानी एवं जितेंद्र लालवानी के नेतृत्व में उन्नति लखवानी, जितेंद्र उतवानी, कृष्णा साधवानी, हरिश उतवानी, तरूण नाजवानी, विजय मंगलानी, लहर केवलानी, मयंक गंगवानी, राहुल केवलानी, परषोत्तम मेठवानी, राजकुमारी केवलानी, चिराग मेठवानी, तुलसीदास, चिराग दासवानी, गिरिश खत्री, अशोक ड़ावरा, कविता भाटिया, संजय लखवानी, सीतादेवी, जितेंद्र खत्री, अजित तथा सिंधी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष तरूण लखवानी एवं भाटिया पंचायत के अध्यक्ष जितेंद्र भाटिया ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करके पुण्य कमाया। सिंधी उत्सव के मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी लीलाशाह जी ने भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान तथा सोई हुई आध्यात्मिकता को जगाने के साथ ही मानव सेवा का संदेश दिया था। रक्तदान करके युवाओं ने सचमुच महान कार्य किया है। लाड़ी लुहाणा सिंधी पंचायत सोसायटी के अध्यक्ष सुरेश मेठवानी, जीवतराम चंदानी, बसंतलाल मंगलानी, कन्हैयालाल भाईजी तथा सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, रामचंद्र खत्री, सुदामा खत्री सहित मुख्य संयोजक चंदनलाल आडवानी और संयोजक किशोर इसरानी एवं जितेंद्र लालवानी ने रक्तदाताओं के उत्साह की सराहना की। ब्लड बैंक के निदेशक ब्रजेश शर्मा तथा राजकुमार ने रक्तदाताओं को सम्मान पत्र तथा उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट कराए, वहीं आयोजक मंडल को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

## परिषदीय विद्यालय महावन के छात्र आईआईटी मद्रास में होंगे सम्मानित

**बलदेव (मथुरा)** ओपन मेंटर ट्रस्ट विद्या शक्ति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई टैलेंट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परिषदीय विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महावन के छात्रों को अब आईआईटी मद्रास का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा और उन्हें वहां सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति कौशिक ने बताया कि हाल ही में ओपन मेंटर ट्रस्ट विद्या शक्ति द्वारा टैलेंट परीक्षा 2025 का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया गया था, जिसमें तमिलनाडु, कर्नाटक, अरूणाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा से जुड़े सम्पूर्ण विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। इस टेलेंट परीक्षा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय महावन की दो छात्राओं मंजू, कक्षा 7 और कृष्णा कक्षा 6 ने प्रदेश का ही नहीं बल्कि अपने विद्यालय का भी नाम रोशन किया था। इस छात्राओं को अब 13 अप्रैल 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक आईआईटी मद्रास में आयोजित होने वाली दो दिवसीय विज्ञान कार्यशाला में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

# महिला शक्ति केन्द्र में महिलाओं के विवाद में कराई सुलह



अवधनामा संवाददाता

- मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत काउंसिलिंग कराकर सकुशल रवाना किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में महिलाओं के विवाद की काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों की सहमति से समझौता कराया गया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं मिशनशक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कांस्टेबल शशि वाला द्वारा आवेदिका चांदनी पत्नी चांद अली निवासी मोहल्ला किदवई नगर के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी रिहाना पत्नी मलई व हसीना पत्नी अरमान व खुशनूर पुत्र हामिद अली निवासी किदवई नगर को बुलाकर समझाया गया।

दोनों पक्षों ने लेनदेन विवाद को आपसी संवाद से सुलझाया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशि वाला ने दोनों पक्षों को सकुशल रवाना करनें के उपरान्त बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को न केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जा रही है, बल्कि विवादों को आपसी संवाद से सुलझाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## बाइकों की भिड़न्त में भतीजे की मौत चाचा घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम बल्लूपुरवा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र चुन्नालाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 मार्च को 10:15 बजे उसका भाई सुमित कुमार एवं पुत्र इशांत उर्फ आर्यन बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था जैसे ही गुरसहायगंज रेलवे क्रॉसिंग के निकट पहुंचे तभी सामने से आ रहे एक अन्य बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज दौरान 15 मार्च को उसके पुत्र इशांत उर्फ आर्यन की मृत्यु हो गई तथा उसके भाई का इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# निजी अस्पतालों में जा डिलेवरी की हो मानिटरिंग: सीडीओ

- सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आशा भुगतान और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। खराब प्रदर्शन करने वाले एमओआईसी को फटकार लगाते हुए सुधार और शत-प्रतिशत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए।

संस्थागत प्रसव कम होने पर तरकुलवा, लार, भागलपुर और बनकटा ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश देते हुए सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि निजी अस्पतालों में जा रही डिलेवरी की मानिटरिंग की जाए। स्वास्थ्य केंद्रों और वहां आने वाले मरीजों के लिए बने शौचालयों में साफ सफाई रखी जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ के माध्यम से शत प्रतिशत एनसीडी स्क्रीनिंग कराई जाए। सीएचओ, ग्राम प्रधान, एएनएम, संगिनी, आशा, आंगनबाडी, सहायिका, कोटेदार, पंचायत सहायक, समूह सखी के सहयोग से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मदिरों पर तैनाती के बाद लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वाले सीएचओ की सेवा समाप्ति की प्रकिया शीघ्र पूरी कर कर्रवाई की जाए। उन्होंने परिवार नियोजन, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम से सम्बंधित आगामी प्रस्तावित अभियानों के सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों सहित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराएं। इस दौरान उन्होने हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदनशीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसीएमओ डॉ.एसके सिन्हा, डीटीओ राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरके श्रीवास्तव, डॉ आरपी यादव, डॉ विपिन रंजन, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम गुप्ता, डीसीपीएम राजेश गुप्ता सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ़, यूपीटीएसयू के जिला प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# सभासद नियुक्त होने पर व्यापारियों में व नगर वासियों में हर्ष

अवधनामा संवाददाता





**भाटपार रानी, देवरिया।** प्रदेश शासन के द्वारा जितेंद्र जायसवाल विजय बरनवाल एवं लालबाबू यादव को भाटपार रानी नगर पंचायत में नामित सभासद नियुक्त किए जाने पर व्यापारियों व नगर वासियों में हर्ष व्याप्त है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विजय बरनवाल व समाजसेवी लाल बाबू यादव को शासन के द्वारा नामित सभासद चुने जाने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र प्रताप मल्ल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शक्ति गुप्ता जिला अध्यक्ष कुसुमाकर त्रिपाठी जिला महामंत्री वासुदेव वर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रामदरश गुप्ता जिला संगठन मंत्री देवेश गुप्ता भाटपार रानी के तहसील अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष विजय कुमार मद्धेशिया नगर महामंत्री राजेश गुप्ता नगर कोषाध्यक्ष आबिद अली, जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार गुप्ता जितेंद्र गुप्ता गणेश गुप्ता मिडिया तहसील अध्यक्ष चंदन कुमार गुप्ता अंतरराष्ट्रीय कवि और साहित्यकार डॉ कन्हैयालाल गुप्ता युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष उपाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल प्रबुद्ध जनों नगर वासियों व अन्य लोगों ने बधाई दी है।

अवधनामा



## क्या फीफा विश्वकप में नहीं खेलेंगे नेमार? दो दोस्ताना मैचों के लिए ब्राजील टीम में नहीं किए गए शामिल



**साओ पाउलो।** विश्व कप टीम की घोषणा 18 मई को की जाएगी। टीम का आखिरी अभ्यास मैच 31 मई को रियो डी जनेरियो में पनामा के खिलाफ होगा।

स्टार स्ट्राइकर नेमार को इस महीने अमेरिका में होने वाले दो मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम में नहीं चुना गया है, जिससे उनके विश्व कप में खेलने को लेकर संदेह पैदा हो गया है। ब्राजील के पूर्व कप्तान 34 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 में चोटिल होने के बाद से पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

ब्राजील 26 मार्च को बोस्टन में फ्रांस के खिलाफ और चार दिन बाद ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को कहा, ;यह एक ऐसी टीम है जिसमें उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जो पूरी तरह से फिट हैं। ब्राजीली लीग में सैंटोस और कोरिनथियंस के बीच 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में नेमार का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। नेमार ने साओ पाउलो में एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि दो मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की टीम में शामिल न होने से वह दुखी और निराश हैं, लेकिन उन्हें अभी उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा, मेरा पूरा ध्यान हर अभ्यास सत्र और हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपना लक्ष्य हासिल करेंगे।

अभी अंतिम टीम का चयन होना बाकी है। नेमार का करियर चोटों की वजह से प्रभावित रहा है। चोट से परेशान नेमार फुटबॉल को अलविदा कहने की सोच रहे हैं। उन्होंने हाल ही में ब्राजील के एक डिजिटल चैनल पर फुटबॉल से संन्यास लेने की संभावना जताई थी। नेमार के इस बयान से फैंस को तगड़ा झटका लगा था।

नेमार ने कहा था, मुझे नहीं पता कि अब से क्या होगा। मुझे अगले साल के बारे में भी नहीं पता। हो सकता है कि जब दिसंबर आए तो मैं फुटबॉल से संन्यास लेना चाहूं। मैं अब साल दर साल जी रहा हूं। यह विश्व कप का साल है। इसलिए बहुत जरूरी है। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ मेरे लिए भी।

## सिनर ने मेदवेदेव और सबालेंका ने रिबाकिना को हराया, दोनों पहली बार जीते इंडियन वेल्स खिताब

**नई दिल्ली।** यानिक सिनर ने दानिल मेदवेदेव को और एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को हराकर पहली बार इंडियन वेल्स का खिताब जीता। यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

## तनाव के बीच भी वर्ल्ड कप खेलने उतरेगा ईरान

**दुबई।** एशियाई फुटबॉल महासंघ ने स्पष्ट किया है कि ईरान ने 2026 फीफा वर्ल्ड कप से हटने की कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बावजूद ईरानी टीम टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी में है और AFC को उम्मीद है कि वह प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।



ईरान फुटबॉल टीम की 2026 फीफा विश्वकप में भागीदारी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि एशियाई फुटबॉल महासंघ ने साफ कर दिया है कि अब तक ईरान की ओर से टूर्नामेंट से हटने की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। 48 टीमों वाला यह वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई 2026 तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा।

कुआलालंपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए विंडसर जॉन ने कहा कि अभी तक ईरान की फुटबॉल फेडरेशन ने टूर्नामेंट से हटने की कोई बात नहीं कही है। उन्होंने कहा, यह बहुत भावनात्मक समय है और हर कोई कई तरह की बातें कर रहा है। लेकिन आखिरकार फैसला फेडरेशन को करना है और अभी तक उन्होंने हमें बताया है कि वे वर्ल्ड कप खेलने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ईरान हमारे सदस्य हैं और हम चाहते हैं कि वे टूर्नामेंट में खेलें। ईरान की भागीदारी को लेकर संदेह तब बढ़ा जब हाल ही में मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमलों के बाद स्थिति और संवेदनशील हो गई। ईरान के खेल मंत्री अहमद दोनयामाली ने कहा कि मौजूदा हालात में टीम का टूर्नामेंट में भाग लेना मुश्किल हो सकता है।

इस मुद्दे पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि ईरान का टूर्नामेंट में स्वागत है, लेकिन सुरक्षा हालात को देखते हुए यह उचित होगा या नहीं, इस पर सवाल उठ सकते हैं। ट्रंप ने कहा, यह बहुत भावनात्मक समय है और मुझे लगता है कि मौजूदा हालात में यह सुरक्षित भी नहीं हो सकता।

हालांकि ईरान की राष्ट्रीय टीम ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि उन्हें वर्ल्ड कप से कोई बाहर नहीं कर सकता। टीम ने जोर देकर कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन फीफा करता है, न कि किसी एक देश का नेता।

फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद ईरान लगातार चौथी बार वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर चुका है। ग्रुप स्टेज में उसका पहला मैच 16 जून को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। इसके बाद 21 जून को बेल्जियम और 27 जून को मिस्र के खिलाफ मुकाबला खेला जाएगा। फिलहाल राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद फुटबॉल जगत की नजर इस बात पर टिकी है कि ईरान आखिरकार वर्ल्ड कप में उतरता है या नहीं।

## सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे कमिंस

**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों में सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस के खेलने पर संशय है क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं। ऐसे में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा या ईशान किशन को मिल सकती है। दोनों ही खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और टीम प्रबंधन फिलहाल अंतरिम कप्तान को लेकर फैसला करने की प्रक्रिया में है। सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस फिलहाल पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और इसी कारण वह आईपीएल 2026 के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। ऐसे में सनराइजर्स के लिए परेशानियों बढ़ गई हैं। टीम को ये विचार करना है कि कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कमान कौन संभालेगा। इसमें दो नाम रेस में सबसे आगे हैं। आइए जानते हैं...कमिंस ने दिसंबर 2025 में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज दौरे के बाद उन्हें पीठ के निचले हिस्से में लम्बर बोन स्ट्रेस इंजरी हो गई थी, जिसके चलते उन्हें लंबे समय तक मैदान से दूर रहना पड़ा। इसी चोट के कारण वह एशेज सीरीज के बाकी मुकाबलों और आईसीसी टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए थे। कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी के लिए रेस में दो भारतीय खिलाड़ी, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन सबसे आगे बताए जा रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ी टीम के अहम सदस्य हैं और हाल के समय में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। ईशान किशन आईपीएल 2025 से सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। उन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में झारखंड की कप्तानी करते हुए टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था, जिससे उनकी कप्तानी क्षमता भी सामने आई है।

## युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर



**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे। यहां पांच सबसे युवा और पांच सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं। आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुकाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षों के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है। आइए जानते हैं इस सीजन के पांच सबसे युवा और पांच सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के बारे में...

वैभव सूर्यवंशीः आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।

आयुष म्हात्रेः 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

साहिल पारिखः आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने ऑक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

सात्विक देसवालः आईपीएल 2026 के लिए हुए ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

विहान मल्होत्राः अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है।

## काबुल में एयरस्ट्राइक पर फूटा क्रिकेटर राशिद-नबी का गुस्सा

**हैदराबाद।** काबुल में हुए एक घातक एयरस्ट्राइक के बाद अफगानिस्तान के कई क्रिकेटरों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस हमले में कम से कम 400 लोगों की मौत और 250 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। अफगान क्रिकेट स्टार राशिद खान और पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी ने सोशल मीडिया पर इसे निर्दोष लोगों की हत्या बताया है। हालांकि पाकिस्तान ने अस्पताल को निशाना बनाने के आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उसके हमले केवल सैन्य ठिकानों पर किए गए थे। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार को हुए एक भीषण एयरस्ट्राइक में सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान चली गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, इस एयरस्ट्राइक में कम से कम 400 बेगुनाहों की मौत हो गई, जबकि 250 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह हमला स्थानीय समयानुसार सोमवार रात करीब नौ बजे हुआ।

अफगानिस्तान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत के मुताबिक, इस हमले में एक बड़े ड्रग रिहैबिलिटेशन अस्पताल को निशाना बनाया गया। बताया जा रहा है कि लगभग 2000 बेड वाले इस अस्पताल का बड़ा हिस्सा हमले में तबाह हो गया। इस घटना ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है और खासतौर पर खेल जगत, विशेष रूप से अफगान क्रिकेटरों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने सोशल मीडिया पर इस घटना पर दुख और गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, काबुल में पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के कारण आम नागरिकों की मौत की खबरों से मैं बेहद दुखी हूं।

## 'धुरंधर 2' ने रिलीज से पहले शाहरुख खान को दिया बड़ा झटका, किंग खान के फैंस हुए निराश; 30 साल का टूटा रिकॉर्ड



**मुंबई।** दो दिन बाद रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' रिलीज होगी। फिल्म का रिलीज से पहले जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। इस फिल्म ने शाहरुख खान को भी बड़ा झटका दिया है, जानिए कैसे?

फिल्म 'धुरंधर 2' ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में बड़ा धमाका कर सकती है। फिल्म की प्री-बुकिंग में तेजी से हो रही है। सैकनिल्क के मुताबिक अब तक फिल्म ने अपने ओपनिंग डे के लिए देश भर में 10 लाख से ज्यादा टिकट बेच दिए हैं। कई फिल्मों के टाइम स्लॉट तक 'धुरंधर 2' को दिए जा रहे हैं। इसी लिस्ट में शाहरुख खान की तीस साल पहले रिलीज हुई एक हिट फिल्म भी शामिल हो चुकी है। जानिए, कौन सी है वो फिल्म 30 साल से मुंबई के मशहूर मराठा मंदिर थिएटर में शाहरुख खान की फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' दिखाई जा रही है। आज तक इस फिल्म का दोपहर का स्लॉट किसी फिल्म को नहीं मिला। लेकिन 'धुरंधर 2' के कारण इसे आगे के स्लॉट में शिफ्ट कर दिया गया है। यह फिल्म हर दिन सुबह 11:30 बजे दिखाई जाती है, फिल्म देखने के लिए लोग अब भी बड़ी संख्या में आते थे। लेकिन धुरंधर 2 के लंबे रनटाइम को देखते हुए शाहरुख खान की फिल्म को थिएटर में सुबह के पहले वाले स्लॉट में खिसका दिया गया है। सैकनिल्क के मुताबिक भारत में 'धुरंधर 2' की ओपनिंग डे की प्री-सेल्स 50 करोड़ (ग्रॉस) का आंकड़ा पार कर गई है। इसमें पेड प्रीमियर शो की कमाई भी शामिल है। सिर्फ प्रीमियर की एडवांस बुकिंग ही 33 करोड़ से ज्यादा है। 4 घंटे लंबे रनटाइम के बावजूद रणवीर सिंह की फिल्म को फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

आदित्य धर निर्देशित फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, गौरव गेरा, राकेश बेदी और सारा अर्जुन जैसे कलाकार नजर आएंगे। यह सभी पहले पार्ट का भी हिस्से थे। फिल्म 'धुरंधर 2' थिएटर में 19 मार्च को रिलीज हो रही है।

## सरके चुनर तेरी.. गाने पर बवाल, लिरिक्स के चलते उठी बैन की मांग; मेकर्स ने लिया बड़ा फैसला

**मुंबई।** नोरा फतेही के नए गाने सरके चुनर तेरी सरके पर बवाल मच गया है। सेलेब्स और लोगों के रिएक्शन के बाद अब गाने को यूट्यूब से हटा दिया गया है। आइए जानते हैं मामले में अब तक क्या-क्या हुआ है।

नोरा फतेही कई आइटम सॉन्गस कर चुकी हैं। उनकी फिल्मों के गाने खूब वायरल होते हैं। लेकिन उनका हालिया रिलीज गाना जमकर विवादों में घिर गया है। इस बार फिल्म केडी द डेविल के नए गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर नोरा को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया।

इसके बाद कुछ सेलेब्स ने भी गाने के लिरिक्स पर नाराजगी जताई। अब इतना सब होने के बाद मेकर्स ने गाने को यूट्यूब से हटा दिया है। आइए मामले को डिटेल में समझते हैं।

सरके चुनर तेरी सरके गाना केडी - द डेविल फिल्म का है। ये 15 मार्च को रिलीज हुआ था और इस गाने को रकीब आलम ने लिखा था। गाने में नोरा फतेही के साथ संजय दत्त भी नजर आते हैं। गाने में अश्लील लिरिक्स और वीडियो को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है।

> **रिलीज**
>
> **नोरा फतेही कई आइटम सॉन्गस कर चुकी हैं। उनकी फिल्मों के गाने खूब वायरल होते हैं। लेकिन उनका हालिया रिलीज गाना जमकर विवादों में घिर गया है।**



सरके चुनर तेरी सरके गाना रिलीज होने के बाद से ही विवादों में है। इसके हिंदी वर्जन में वलगर लिरिक्स को लेकर लोग इसे शुरू से ही सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे थे। साथ ही इस गाने का विरोध भी कर रहे थे।

लोगों के बाद कुछ सेलेब्स ने भी इस गाने पर आपत्ति जताई। सिंगर अरमान मलिक और फिल्ममेकर ओनिर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर नाराजगी जाहिर की। साथ ही अरमान ने गाने की राइटिंग को निचले स्तर की बताया। इस पूरे विवाद पर प्रियंक कानूनगो ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। बता दें कि प्रियंक कानूनगो नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के सदस्य हैं। 16 मार्च को जब उनसे इस गाने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, 'कौन है जो अपने सभ्य परिवार के साथ बैठकर इसे देख सकता है?' उनके इस बयान के बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयोग ने गाने के कंटेंट को ध्यान में रखते हुए मेकर्स को नोटिस भी जारी किया था।

फैंस और सेलेब्स के सोशल मीडिया पर विरोध करने के बाद ये गाना एक वकील तक भी पहुंच गया। जिसके बाद उन्होंने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन में शिकायत दर्ज कराते हुए इसे बैन करने की मांग की।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गाने के लिरिक्स और वीडियो बहुत अश्लील और आपत्तिजनक हैं, जो समाज पर गलत असर डाल सकते हैं, खासकर बच्चों और युवाओं पर। इतना ही नहीं, ह्यशिकायत को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तक भी भेजा गया और इस पर जल्द कार्रवाई की मांग की गई।

अब यूट्यूब पर %सरके चुनर तेरी सरके सर्च करने पर या तो गाना दिखाई नहीं दे रहा है, और दिख भी रहा है, तो चल नहीं रहा है। एक पेज पॉप-अप होता है और या तो ये लिखा आता है कि ये वीडियो उपलब्ध नहीं है, या फिर ऐसा लिखा आता है कि वीडियो प्राइवेट है।

ये गाना केडी - द डेविल का है, जो एक कन्नड़ एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इसे केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्देशित किया गया है। फिल्म 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में ध्रुव सरजा लीड रोल में हैं।

फिल्म में संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी और नोरा फतेही भी शामिल हैं। मूवी 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# रिया चक्रवर्ती के स्टोर ओपनिंग पर नजर आईं फातिमा सना शेख




**मुंबई।** बॉलीवुड गलियारों में इन दिनों फातिमा सना शेख और विजय वर्मा के रिलेशनशिप में होने की अटकलें सुनने को मिल रही हैं। दोनों को कई बार साथ देखा जाता है। सोमवार को फातिमा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर विजय के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिन पर फैंस ने भी रिएक्ट किया है। हाल ही में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने मुंबई में अपना दूसरा स्टोर खोला है। इस स्टोर की ओपनिंग सेरेमनी में अपने बॉलीवुड से जुड़े करीब दोस्तों को बुलाया। इस मौके पर फातिमा सना शेख नजर आईं। एक्ट्रेस ने रिया चक्रतर्वी के स्टोरी ओपनिंग से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं, जिसमें रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय वर्मा भी दिखें। तस्वीरों में इनके बीच की नजदीकियों ने फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

फातिमा सना शेख ने रिया चक्रवर्ती के साथ कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में विजय भी मौजूद हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख के बीच इन तस्वीरों में नजदीकियां साफ नजर आ रही है। एक तस्वीर में विजय ने फातिमा के कंधे पर सिर रखा है। यह तस्वीरें पोस्ट करने के साथ ही फातिमा ने रिया की तारीफ की है। अपनी दोस्त के नाम एक खास कैप्शन लिखा है, 'रिया को एक और स्टोर खोलने के लिए बहुत-बहुत बधाई।

मुझे तुम्हारी जर्नी पर बहुत गर्व है। मैंने तुमसे बहुत कुछ सीखा है। मैं आज तक किसी ऐसे इंसान से नहीं मिली जो तुम्हारी तरह इतना मजबूत और निडर हो। ऐसे ही चमकती रहना, बेबी गर्ल।' इन दिनों भले ही विजय वर्मा का नाम फातिमा सना शेख के साथ जोड़ा जा रहा हो। लेकिन पहले वह तमन्ना भाटिया को डेट कर चुके हैं। पिछले साल इनका ब्रेकअप हुआ। इस ब्रेकअप के बाद विजय वर्मा, फातिमा सना शेख के साथ कई जगहों पर नजर आए। ऐसे में इनकी लिंकअप की अटकलें लगने लगीं। लेकिन फातिमा और विजय वर्मा ने इन बातों को लेकर कुछ नहीं कहा, न ही अपना रिश्ता कंफर्म किया।

विजय वर्मा और फातिमा सना शेख का नाम पर्सनल लेवल पर ही नहीं जुड़ा है। दोनों बड़े पर्दे पर भी रोमांस फरमा चुके हैं। पिछले साल इनकी एक फिल्म 'गुस्ताख इश्क' रिलीज हुई। इसमें एक रूहानी इश्क की कहानी थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिटिक्स ने इसे जरूर सराहा था।

## नोरा फतेही के नए गाने पर बवाल, वलगर लिरिक्स पर अरमान मलिक ने किया रिएक्ट

**मुंबई।** नोरा फतेही के नए गाने सरके चुनर तेरी सरके के लिरिक्स से लेकर डांस स्टेप्स ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। अब इसपर सिंगर अरमान मलिक ने भी कड़ा रिएक्शन दिया है। नोरा फतेही कई आइटम सॉन्गस कर चुकी हैं। उनकी फिल्मों के गाने खूब वायरल होते हैं। लेकिन उनका हालिया रिलीज गाना विवादों में घिर गया है। इस बार फिल्म केडी द डेविल के नए गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर नोरा को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है, और अब इसपर सिंगर अरमान मलिक ने भी इसपर कड़ा रिएक्शन दिया है। बता दें कि 'सरके चुनर तेरी सरके' कन्नड़ फिल्म केडी - द डेविल का गाना है। इसमें नोरा फतेही के साथ संजय दत्त भी नजर आ रहे हैं। गाने में वलगर लिरिक्स को लेकर नोरा और सॉन्गराइटर को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

# धुरंधर 2 का रनटाइम देख सोशल मीडिया पर आई मीम्स की बाढ़

**मुंबई।** दर्शक फिल्म धुरंधर द रिवेंज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की अवधि करीब चार घंटे है। एक तरफ दर्शक फिल्म देखने के लिए उत्साहित हैं। वहीं, रनटाइम को लेकर सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है।



रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर का दूसरा पार्ट धुरंधर 2 इस महीने रिलीज को तैयार है। यह फिल्म अपने रनटाइम को लेकर चर्चा में है। कहा जा रहा है कि धुरंधर-द रिवेंज तीन घंटे 55 मिनट की फिल्म है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच गजब का उत्साह है। वहीं, फिल्म की अवधि को लेकर इंटरनेट पर मीम्स भी खूब बन रहे हैं। फिल्म देखने जाने के लिए यूजर्स सूटकेस पैक कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर 2 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। वहीं, सोशल मीडिया पर धड़ाधड़ मीम्स बन रहे हैं, जो फिल्म की अवधि को लेकर हैं। इसमें लोग धुरंधर 2 देखने जाने के लिए इस तरह पैकिंग कर रहे हैं, जैसे कहीं यात्रा पर जा रहे हैं या फिर कहीं एक दिन ठहरने जाना हो। तकिया और कंबल लेकर निकल रहे हैं।

धुरंधर 2 देखने जाने के लिए लोग सिर्फ स्नैक्स की फिक्र नहीं कर रहे, बल्कि अच्छा-खासा सामान पैक कर रहे हैं। कुछ लोग तो एक कदम आगे बढ़कर सूटकेस पैकिंग कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं कि इस फिल्म को देखने जाने के लिए सिर्फ पॉपकॉर्न का इंतजाम काफी नहीं है। बता दें कि आगामी स्पाई एक्शन थ्रिलर फिल्म में रणवीर सिंह एक बार फिर लीड रोल में नजर आएंगे।

कुछ नेटिजन्स मजाकिया अंदाज में यह दिखा रहे हैं कि नाइट शो देखने जाने वाले लोग फिल्म के लिए नहीं, बल्कि थिएटर्स में पूरी रात रुकने जा रहे हैं। वहीं, कुछ को ऐसा लग रहा है कि वे फिल्म देखने नहीं, लंबी ट्रिप पर जाने वाले हैं।

लोग इसे सिनेमैटिक नाइट आउट कह रहे हैं। कुछ यूजर्स लिख रहे हैं कि फिल्म के दौरान इंटरवल एक लंबा डिनर ब्रेक होगा।

# गुजरात में भी यूसीसी की पहल: समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को सौंपी ड्राफ्ट रिपोर्ट



**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद गुजरात भी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है। रिपोर्ट में राज्यभर के लोगों की राय और सभी धर्मों के लिए समान नियमों का सुझाव है।

उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से बनाई गई विशेषज्ञ समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है। इससे पहले सरकार ने 4 फरवरी 2025 को एक 5 सदस्यीय समिति बनाई थी। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना देसाई कर रही थीं। समिति ने राज्यभर में अलग-अलग समाज, धर्म और राजनीतिक लोगों से बातचीत की और उनकी राय लेने के बाद यह रिपोर्ट तैयार की।

सूत्रों के अनुसार 23 मार्च को यह रिपोर्ट विधानसभा में रखी जा सकती है। इसके बाद 24 मार्च को यानी बजट सत्र के आखिरी दिन यूसीसी बिल पेश करने की तैयारी है। ऐसे में अगर यह बिल पास हो जाता है, तो गुजरात, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा। समिति की तरफ ड्राफ्ट मिलने के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी साझा की। पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के लिए बनाई गई उच्चस्तरीय समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। सीएम ने बताया कि समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना देसाई ने की। रिपोर्ट तैयार करने के लिए समिति ने राज्य के जिलों का दौरा किया, लोगों से राय ली और गहन चर्चा की।

ड्राफ्ट रिपोर्ट में शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मामलों में सभी धर्मों और समुदायों के लिए एक समान कानूनी ढांचा सुझाया गया है। सीएम ने जोर दिया कि विशेष रूप से, इस ड्राफ्ट में महिलाओं के समान अधिकार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही गुजरात की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को भी ध्यान में रखा गया है।

गौरतलब है कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहां 27 जनवरी 2025 से यूसीसी लागू हो चुका है। वहां शादी और लिव-इन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बहुविवाह और बाल विवाह पर रोक है। इसके साथ ही बेटा-बेटी दोनों को बराबर संपत्ति का अधिकार दिया गया है।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, एक साथ बदले जाएंगे 13 जिलों के एसपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के एलान के बाद से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हो चुका है। तबादला किए गए अधिकारियों में मुख्य सचिव, डीजीपी समेत कई जिलों के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का एलान होने के बाद से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को भी 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। तबादला किए गए अधिकारियों में उत्तर, दक्षिण बंगाल के एडीजी भी शामिल हैं। आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को दक्षिण बंगाल का नया एडीजी नियुक्त किया गया है। वहीं के जयरामन को उत्तर बंगाल के एडीजी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस सख्त, सोफिया फिरदौस समेत तीनों विधायकों को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** ओडिशा में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों पर कांग्रेस पार्टी ने सख्त रुख अपनाया है और तीनों को निलंबित कर दिया है। पार्टी इन विधायकों को निष्कासित करने पर भी विचार कर रही है। ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष ने तीनों विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने पर हैरानी जताई और कहा कि उन्हें इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी।



राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन विधायकों रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को वोट दिया था, जिसके चलते कांग्रेस और बीजद के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने तीनों बागी विधायकों को निलंबित करते हुए कहा कि इन विधायकों ने पार्टी के आधिकारिक व्हिप का उल्लंघन किया है, जो पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बयान जारी कर कहा, तीनों विधायकों ने न सिर्फ पार्टी के निर्देशों को नहीं माना बल्कि पार्टी और इसकी विचारधारा के हितों के खिलाफ काम किया। इसका संज्ञान लेते हुए तीनों विधायकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

पार्टी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि तीनों पर आगे भी कार्रवाई की जा सकती है और इन्हें पार्टी से निष्कासित करने पर भी विचार किया जा सकता है। कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष अरबिंद दास ने बताया कि मामले की समीक्षा की जा रही है। ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी इसकी जानकारी दी गई है। भक्त चरण दास ने विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने पर हैरानी जताई और कहा कि उन्हें इसकी जरा भी उम्मीद नहीं थी। भक्त चरण दास ने कहा कि बागी विधायकों को विधानसभा में पार्टी के अन्य विधायकों के साथ बैठने की इजाजत नहीं होगी।

ओडिशा में राज्यसभा की चार सीटों के लिए कुल पांच उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा ने मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को उम्मीदवार बनाया था। बीजद की ओर से संतृप्त मिश्रा उम्मीदवार थे। वहीं डॉ. दत्तेश्वर होता, बीजद और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार थे। निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को भाजपा ने समर्थन दिया हुआ था। चुनाव नतीजों में भाजपा के दोनों और बीजद उम्मीदवार जीत गए। वहीं तीन विधायकों सोफिया फिरदौस, रमेश जेना, दशरथी गोमांगो ने क्रॉस वोटिंग की, जिसके चलते भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय जीत गए और बीजद-कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा।

## केंद्र ने छह शहरों से शुरू की समय बचाने वाली दो स्पीड पोस्ट सेवाएं, देरी होने पर मनी बैक गारंटी




**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने छह बड़े शहरों में 24 स्पीड पोस्ट सेवा शुरू की है। इसमें अगले दिन डिलीवरी की गारंटी और देरी होने पर पैसे वापसी की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे ई-कॉमर्स के बढ़ते बाजार और डाक विभाग पर लोगों के भरोसे को और मजबूत करने वाला कदम बताया है। इस मौके पर केंद्रीय संचार मंत्री ग्रामीण डाक सेवा की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट के पास दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा नेटवर्क है। देश के 6.5 लाख गांवों की हर तहसील और तालुका में लोग परिवार के किसी सदस्य से भी बढ़कर किसी पर भरोसा करते हैं, तो वह ग्रामीण डाक सेवा है। उनके अनुसार, यह इंडिया पोस्ट के लिए एक नई शुरुआत का पल है। ह्यमंत्री ने यह भी बताया कि आज देश के आखिरी छोर तक स्मार्टफोन पहुंच चुका है। ई-कॉमर्स का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार 11 लाख करोड़ रुपये का है। इसके साल 2030 तक बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। सिंधिया ने विश्वास जताया कि इन नई सेवाओं से आम लोगों और व्यापारियों को बहुत फायदा होगा। डाक विभाग अब आधुनिक जरूरतों के हिसाब से खुद को बदल रहा है। इस सेवा में सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। इसमें ग्राहकों को ओटीपी आधारित सुरक्षित डिलीवरी, एसएमएस अलर्ट और एंड-टू-एंड ट्रैकिंग की सुविधा मिलेगी। व्यापारिक ग्राहकों के लिए बाद में भुगतान, भारी मात्रा में बुकिंग के लिए मुफ्त पिकअप और केंद्रीकृत बिलिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

डाक विभाग की इन सेवाओं का लाभ फिलहाल देश के छह प्रमुख शहरों में मिलेगा। पहले चरण में यह सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी। 24 स्पीड पोस्ट सेवा के तहत अगले ही दिन यानी शिपमेंट की डिलीवरी तत्काल और समयबद्ध तरीके से की जाएगी। सबसे खास बात यह है कि डिलीवरी में देरी होने पर मनी-बैक गारंटी भी दी जाएगी।

# सबरीमाला मंदिर मामले में पुजारी को राहत नहीं, केरल हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला सोना चोरी मामले में मुख्य पुजारी को मिली राहत पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने निचली अदालत की सबूत न होने वाली टिप्पणी को गलत माना और पुजारी की जमानत रद्द करने पर नोटिस जारी किया है।

सबरीमाला मंदिर के सोना चोरी मामले में केरल हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने निचली अदालत की उस टिप्पणी पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि मंदिर के मुख्य पुजारी (तांत्री) कंतारार राजीवर के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। यह फैसला पुजारी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है और इससे मामले की कानूनी जांच फिर से शुरू हो गई है। पुजारी कंतारार राजीवर 41 दिनों तक जेल में रहने के बाद पिछले महीने ही जमानत पर बाहर आए थे। कोल्लम की निचली अदालत ने उन्हें जमानत देते समय कहा था कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसके बाद विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने इस टिप्पणी को हाई कोर्ट में चुनौती दी। जांच टीम का कहना था कि अदालत की ऐसी टिप्पणियों से चल रही जांच पर बुरा असर पड़ सकता है। एसआईटी ने मांग की थी कि इन टिप्पणियों को हटाया जाए ताकि जांच निष्पक्ष हो सके। हाई कोर्ट ने एसआईटी की दलीलों को गंभीरता से लिया और निचली अदालत की विवादित टिप्पणीयों पर अंतरिम रोक लगा दी। इसके साथ ही कोर्ट ने पुजारी राजीवर को नोटिस जारी कर इस मामले में उनका जवाब भी मांगा है। कोर्ट अब पुजारी की जमानत रद्द करने की याचिका पर भी विचार करेगा। इसका मतलब है कि इस मामले की अब फिर से बारीकी से कानूनी जांच होगी और पुजारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यह पूरा मामला सबरीमाला मंदिर से जुड़े कथित सोने की चोरी का है। मंदिर की धार्मिक महत्ता और प्रशासन की संवेदनशीलता के कारण यह मामला काफी चर्चा में है। जांच टीम का मानना है कि अभी जांच जारी है, इसलिए निचली अदालत का पुजारी को क्लीन चिट देना जल्दबाजी थी। हाई कोर्ट के इस आदेश से अब जांच टीम बिना किसी दबाव के अपना काम कर सकेगी और चोरी की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करेगी। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 9 लोग फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। यह मामला केरल की राजनीति में भी काफी अहम हो गया है। 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में एनडीए, एलडीएफ और यूडीएफ तीनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे को चुनाव प्रचार में जोर-शोर से उठा सकते हैं।



## मतदान के दिन चुनाव अधिकारियों की होगी निगरानी, जिला और राज्य दोनों स्तर पर रखी जाएगी नजर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से जुड़े एक सूत्र ने बताया, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, चुनाव आयोग ने इस बार सभी स्तरों पर निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका पर लगातार और स्तरवार निगरानी रखने का निर्णय लिया है, विशेष रूप से 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होने वाले दो मतदान के दिन। सीईओ के कार्यालय ने स्पष्ट किया कि निगरानी की शुरुआत नियंत्रण कक्ष आधारित निगरानी से होगी और इसके दो स्तर होंगे।

# पश्चिम एशिया में तनाव पर चिंता, प्रवासी नागरिकों से बोलीं नेपाल की पीएम- देश में करें निवेश



**काठमांडू।** नेपाल की निवर्तमान प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने प्रवासी नेपालियों से देश के विकास में निवेश और सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने निवेश, ज्ञान साझा करने और नवाचार को नेपाल की समृद्धि के लिए अहम बताया।

नेपाल की निवर्तमान प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने दुनिया भर में रह रहे प्रवासी नेपालियों से एकजुट होने और देश की आर्थिक समृद्धि में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। काठमांडू में आयोजित गैर-आवासीय नेपाली संघ (एनआरएनए) के 12वें वैश्विक सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय आम सभा के समापन पर उन्होंने यह बात कही। सुशीला कार्की ने सोमवार को सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अकेले देश के विकास के लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सकती। उन्होंने जोर देकर कहा कि नेपाल की प्रगति के लिए देश और विदेश में रहने वाले सभी नेपालियों का सहयोग, निवेश, ज्ञान और नए विचार (नवाचार) बहुत जरूरी हैं। हमारी एकता, समृद्धि का आधार विषय के तहत आयोजित इस तीन-दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर से नेपाली प्रवासियों के 1,000 से अधिक प्रतिनिधि और सदस्य एक साथ आए। एनआरएनए लगभग 80 लाख प्रवासी नेपालियों का एक बड़ा संगठन है। सम्मेलन के अंत में एक 12 सूत्रीय घोषणापत्र भी जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने प्रवासी नागरिकों को नेपाल में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आर्थिक विकास होगा, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा और सतत विकास में भी मदद मिलेगी।

सम्मेलन में पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध पर भी गहरी चिंता जताई गई। 28 फरवरी से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू किए हैं, जिससे पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव फैल गया है। एनआरएनए ने अपने घोषणापत्र में कहा कि वे पश्चिम एशिया के देशों में रह रहे नेपालियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं। संगठन ने संकट के समय में वहां फंसे नेपालियों को राहत पहुंचाने, उन्हें बचाने और उनके पुनर्वास के लिए नेपाल सरकार और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। प्रवासी समुदाय ने नेपाल सरकार से निवेश के लिए बेहतर कानूनी और नीतिगत माहौल बनाने की मांग की है। उन्होंने नागरिकता, विदेशी निवेश, आयकर और संपत्ति के लेन-देन से जुड़े कानूनों में बदलाव का सुझाव दिया है। संगठन ने जलविद्युत (हाइड्रोपावर), कृषि, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी और नवाचार पर आधारित उद्योगों को निवेश के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया है।

# राष्ट्रपति ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ को ब्रेस्ट कैंसर, इलाज के दौरान भी छुट्टी नहीं लेंगी



**अमेरिका।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सुसी वाइल्स को प्रारंभिक अवस्था का ब्रेस्ट कैंसर होने का पता चला है। हालांकि वह इलाज के दौरान भी व्हाइट हाउस से काम जारी रखेंगी। ट्रंप ने इस जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने वाइल्स की तारीफ करते हुए कहा कि वे एक भरोसेमंद सलाहकार है। इसके साथ ही उनकी तेजी से ठीक होने की उम्मीद जताई।

ट्रंप ने कहा, ÷सुसी वाइल्स एक अद्भुत चीफ ऑफ स्टाफ हैं, एक बेहतरीन इंसान हैं, और सबसे मजबूत लोगों में से एक हैं जिन्हें मैं जानता हूं। लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें प्रारंभिक अवस्था का ब्रेस्ट कैंसर होने का पता चला है। उन्होंने इस चुनौती को तुरंत स्वीकार करने का निर्णय लिया है, और तुरंत इलाज शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि वाइल्स पहले ही इलाज की तैयारी शुरू कर चुकी हैं और उनके पास एक मजबूत मेडिकल टीम का समर्थन है। ट्रंप ने कहा, उनकी मेडिकल टीम शानदार है इलाज के दौरान वह लगभग पूरा समय व्हाइट हाउस में बिताएंगी। ट्रंप ने वाइल्स को प्रशासन में अपने सबसे भरोसेमंद सलाहकारों में से एक भी बताया। ट्रंप ने कहा, उनकी शक्ति और उनकी प्रतिबद्धता, जो वे अपने काम को प्यार से और बेहतरीन तरीके से करती हैं, जबकि इलाज के दौरान भी काम कर रही हैं, आपको उनके बारे में सब कुछ बता देती हैं। ट्रंप ने कहा कि वाइल्स प्रशासन में एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं और उनकी टीम के लिए केंद्रीय भूमिका निभाती हैं।उन्होंने कहा, सुसी, मेरी सबसे करीबी और महत्वपूर्ण सलाहकारों में से एक के रूप में, मजबूत हैं और अमेरिकी जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

ट्रंप ने कहा कि वे और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप वाइल्स के इलाज के दौरान उनके साथ हैं। उन्होंने कहा, मेलानिया और मैं हर तरह से उनके साथ हैं, और हम सुसी के साथ काम करने की उम्मीद करते हैं ताकि हमारे देश के लाभ के लिए कई बड़े और शानदार काम किए जा सकें।÷ व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने भी इस घोषणा के तुरंत बाद वाइल्स के समर्थन में एकजुटता दिखाई। प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लीविट ने वाइल्स की नेतृत्व क्षमता और व्यक्तिगत गुणों की तारीफ की। उन्होंने कहा, ÷सुसी वाइल्स यह दिखाती हैं कि एक मजबूत नेता क्या होती हैं। वे सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है।

## ईयू के नेताओं के साथ जयशंकर ने की व्यापार, वैश्विक मुद्दों पर वार्ता

**वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री जयशंकर बेल्जियम में दो दिवसीय यात्रा पर हैं, जो ईयू की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के निमंत्रण पर है, ताकि 27 ईयू सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से विदेश मामलों की परिषद की बैठक में बातचीत की जा सके।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय संघ (ईयू) के उच्च नेता और विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने हाल ही में हुए भारत-यूरोपीय संघ समझौतों को लागू करने और प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई। जयशंकर बेल्जियम की राजधानी ब्रशेल्स की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री ने सोमवार को ईयू की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कल्लास के निमंत्रण पर यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की परिषद की बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि 2026 में भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में एक नया अध्याय शुरू हो गया है।

# काबुल के अस्पताल पर हमले के बाद बोला तालिबान, वार्ता का समय बीता, अब PAK से बदला लेंगे

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान अफगानिस्तान के काबुल के अस्पताल पर हमले के बाद बोला तालिबान, वार्ता का समय बीता, अब क्ष्य से बदला लेंगे



काबुल में पाकिस्तानी सेना ने लड़ाकू विमानों से ताबड़तोड़ हमले किए हैं। पाकिस्तान का दावा है कि कार्रवाई के दौरान केवल सैन्य ठिकानों पर निशाना बनाया गया है। हालांकि, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा है कि बेगुनाह नागरिकों पर हमले किए गए हैं। हमले में 600 से अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। इस खबर में पढ़ें दोनों देशों के टकराव से जुड़े तमाम अपडेट्स

काबुल में पाकिस्तान की सेना ने लड़ाकू विमानों से हमले किए हैं। पाकिस्तान का दावा है कि केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इस बमबारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 400 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि पाकिस्तान ने इस कार्रवाई के दौरान बेगुनाह लोगों को निशाना बनाया है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एयरस्ट्राइक अस्पताल पर की गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। काबुल में एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने पाकिस्तान से बदला लेने की बात कही। उन्होंने कहा, बातचीत और कूटनीति का समय अब खत्म हो चुका है; हम पाकिस्तान से बदला लेंगे। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद का बयान टोलो न्यूज पर प्रसारित हुआ। इसके मुताबिक उन्होंने कहा, काबुल में कुछ ठिकानों पर पाकिस्तानी सेना के हमलों के बाद, इस्लामाबाद के साथ कूटनीति और बातचीत का समय अब समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि बातचीत का रास्ता अपनाने के बजाय, अब तालिबान बदला लेने का इरादा रखता है।

गौरतलब है कि अफगानिस्तान के उप सरकारी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने मंगलवार तड़के पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई के संबंध में आधिकारिक बयान दिया।

उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात हुए हमले में अस्पताल का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया। 400 से अधिक लोग मारे गए, जबकि लगभग 250 लोग घायल हुए हैं। फितरत ने कहा कि बचाव दल इमारत में लगी आग पर काबू पाने और पीड़ितों के शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

## होर्मुज में तनाव से सहमा श्रीलंका: ईंधन बचाने के लिए कड़े नियम लागू



**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईंधन संकट के खतरे को देखते हुए श्रीलंका ने चार दिन का वर्किंग वीक लागू कर दिया है। सरकार ने ईंधन राशनिंग भी लागू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक देश का ईंधन भंडार लगभग छह सप्ताह का है, लेकिन आपूर्ति बाधित होने पर हालात गंभीर हो सकते हैं।

दरअसल, अमेरिका और इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध के जवाब में ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। शांति के समय में दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत निर्यात इसी समुद्री रास्ते से होता है। युद्ध अब अपने तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है और इस रास्ते के बंद होने से तेल की सप्लाई पूरी तरह रुक गई है। आवश्यक सेवाओं के कमिश्नर-जनरल प्रभात चंद्रकीर्ति ने सोमवार को बताया कि बुधवार से सभी सरकारी संस्थान हफ्ते में केवल चार दिन ही काम करेंगे। यह नया नियम स्कूलों और यूनिवर्सिटी पर भी लागू होगा और अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की अध्यक्षता में हुई एक आपात बैठक के बाद सरकार ने निजी क्षेत्र से भी अनुरोध किया है कि वे हर बुधवार को छुट्टी घोषित करें।

राष्ट्रपति दिसानायके ने अधिकारियों से कहा कि हमें सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि अस्पताल, बंदरगाह और इमरजेंसी सेवाएं पहले की तरह सामान्य रूप से चलती रहेंगी। सरकार ने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों और समारोहों पर भी रोक लगा दी है। सरकारी कर्मचारियों से कहा गया है कि जहां तक संभव हो, वे ईंधन बचाने के लिए घर से ही काम करें।

श्रीलंका अपनी जरूरत का सारा तेल और बिजली बनाने के लिए कोयला दूसरे देशों से खरीदता है। देश में रविवार से ही तेल की राशनिंग शुरू कर दी गई है। अब आम वाहन मालिकों को एक हफ्ते में सिर्फ 15 लीटर पेट्रोल या डीजल ही मिल सकेगा। वहीं, बस और अन्य सार्वजनिक वाहनों के लिए 200 लीटर की सीमा तय की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, देश के पास अभी लगभग छह हफ्ते का तेल बचा है, लेकिन अगर नई सप्लाई नहीं आई तो हालात बहुत गंभीर हो सकते हैं।

श्रीलंका सरकार को डर है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से उसकी अर्थव्यवस्था फिर से पटरी से उतर सकती है।

# ईद एवं नवरात्रि के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में आगामी पर्व ईद एवं नवरात्रि के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के प्रतीक हैं, जिन्हें मिल-जुलकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सभी प्रमुख सड़कों को गड्ढामुक्त रखा जाए तथा जहां भी मरम्मत की आवश्यकता हो, उसे तत्काल पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजन को त्योहार के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगर निकायों में साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश अधिशासी अधिकारियों को दिए। उन्होने निर्देशित किया कि नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी, जिसके लिए पुलिस विभाग के द्वारा तैयारी कर ली गयी है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा महिला पुलिस बल सहित पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस अवसर पर सम्मानित धर्मगुरुजन, नगर निकायों के चेयरमैनगण ,अन्य जनप्रतिनिधिगण मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नंदन सिंह सहित शांति समिति अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह व कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा आजमगढ़ एवं तमसा काव्य मंच आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं कवि गोष्ठी का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित मारवाड़ी धर्मशाला के दीप सदन सभागार में संपन्न हुआ । सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संयोजक विजयेंद्र करुण द्वारा स्वरचित सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं माल्यार्पण डॉक्टर रुद्रनाथ चौबे रुद्र ,रत्नेश राय ,संतोष पांडे, शालिनी राय एवं रितेश पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक राकेश पांडेय सागर द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया गया तत्पश्चात संस्था अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव दानिश द्वारा विषय प्रवर्तन करते हुए उक्त गोष्ठी में साहित्य में होली का स्थान विषय पर चर्चा की प्रस्तावना रखी गई। इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर प्रभु नाथ सिंह मयंक ने विस्तार से ऋग्वेद से लेकर आज तक होली के उत्सव को समय-समय पर कैसे मनाया गया इसका नामकरण कैसे हुआ यह विदेश में कैसे मनाई जाती है इत्यादि पर विस्तार से चर्चा करते हुए भारतीय साहित्य में कवियों,साहित्यकारों द्वारा होली पर्व को साहित्य में किस प्रकार स्थान दिया गया विशद चर्चा की गयी । इसके पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष की अनुमति से कवि गोष्ठी का प्रारंभ हुआ जिसमें जनपद के प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित साहित्यकार /कवियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के मंडल संयोजक संजय कुमार पांडे सरस ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इस भाईचारे के पर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाने की बात कही और कहां की यह त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव का का पैगाम देता है।

# पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाए

- आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करते हुए अधिकतम पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य मिशन मोड में किया जाए तथा प्रत्येक ब्लॉक में समन्वय स्थापित कर गांव-गांव विशेष कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों को बुलाकर गोल्डन कार्ड बनवाए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा अंत्योदय कार्डधारक ऐसी श्रेणियां हैं, जिनका गोल्डन कार्ड शत-प्रतिशत बनाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आशा, एएनएम स्वयं स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनका गोल्डेन कार्ड न बन पाना गंभीर विषय है। अतः इन सभी श्रेणियों को प्राथमिकता देते हुए व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की पेंडेंसी अधिक है, वहां संबंधित आशा कार्यकत्रियां अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से लाभार्थियों से संपर्क कर गोल्डेन कार्ड बनवाएं। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों की पूरी जानकारी होती है, इसलिए वे घर-घर सूचना देकर लाभार्थियों को कैंप में बुलाएं और उनका गोल्डेन कार्ड बनवाएं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया गया कि बीडीओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम /बीपीएम, सीडीपीओ तथा सप्लाई इंस्पेक्टर आपसी समन्वय से अधिक पेंडेंसी वाले गांवों में विशेष कैंप आयोजित करें तथा आशा कार्यकर्ताओं और कोटेदारों के माध्यम से लाभार्थियों को सूचना देकर गोल्डेन कार्ड बनवाने की कार्रवाई मे तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिन आशा कार्यकत्रियों, कोटेदारों अथवा संबंधित कर्मियों की आईडी अगले सप्ताह तक सबसे नीचे रहेगी और प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस संबंध में सभी स्तरों से लिखित आदेश जारी किए जाए, ताकि अभियान को पूरी गंभीरता से लागू किया जा सके।

# पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डर का स्टॉक उपलब्ध : डीएसओ

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के दृष्टिगत जनपद के समस्त एल.पी.जी. कनेक्शन धारकों को 92 गैस एजेन्सियों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेण्डरों की सतत् आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। विगत माहों की भाँति ही बुकिंग के सापेक्ष नियत समयावधि में ही होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जा रहे है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डर का स्टॉक उपलब्ध है। अतः उन्होने आमजन से अपील किया है कोई भी उपभोक्ता बिना बुकिंग कराये गैस सिलेण्डर प्राप्त करते हेतु अनावश्यक रूप से गैस एजेन्सी एवं गैस गोदाम पर भीड़ न लगाये। प्रमुख गैस कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराये गये बुकिंग ऐप्स व हेल्पलाइन नम्बर पर घर बैठे ही ऑनलाइन के माध्यम से अपना कुकिंग गैस बुक कर होम डिलीवरी के माध्यम से प्राप्त करे। बुकिंग कन्फर्म होने के लगभग 03 से 04 दिवस के भीतर आपके घर गैस की होम डिलीवरी हो जायेगी। यदि उपर्युक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की समस्या हो रही है तो कम्पनीवार दिये गये निम्न दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर कम्पनी के विक्रय अधिकारियों से सहायता प्राप्त कर सकते है- असिस्टेन्ट मैनेजर, एल.पी.जी.-सेल्स आई.ओ.सी.एल. रविकान्त, 7351348565, मैनेजर सेल्स एल.पी.जी., बी.पी.सी.एल. गाजीपुर सेल्स एरिया/जौनपुर निहाल पाण्डेय, 9334431461, असिस्टेन्ट सेल्स मैनेजर, एल.पी.जी., एच.पी.सी.एल., सुल्तानपुर सेल्स एरिया/जौनपुर अरूण कुमार, 9621980539।

## ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन जांच कर कार्रवाई की मांग

**आजमगढ़।** तहसील लालगंज अंतर्गत ग्राम अहमदपुर के ग्रामीणों द्वारा एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर जांच कर कार्रवाई की मांग किया है द्य ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि गांव में खड़ंजा बना था जो काफी पुराना और जर्जर स्थिति में था इसे मरम्मत हेतु ग्राम प्रधान खड़ंजे को उखाड़ कर मरम्मत करने लगे जिसमें टुकड़ी ईट का प्रयोग किया और रास्ते का पूरा भी नही किया जाने से मानक के विपरित खड़ंजे को छोड़कर चले गए जिससे ग्राम वासियो को आने-जाने में परेशानी होने लगा द्य इमरजेंसी में एंबुलेंस 108 /102 आदि वहां ग्राम वासियों तक नहीं पहुंच पाती थी द्य जिसे देखते हुए ग्राम वासियों ने चंदा आदि लगाकर काफी रुपया इकट्ठा करके इट मिट्टी पटिया श्रमदान करके कारंजा खरंजा का निर्माण कराया द्य जिसे देखते हुए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी के मिली भगत से पूरे श्रमदान का सरकारी भुगतान कर लिया गया है द्यग्राम वासियों द्वारा कराया गया कार्य का अपना दिखाकर भुगतान कर लिया गया है।

# धड़ल्ले से कट रहे हरे पेड़, पुलिस व वन विभाग मौन

**अवधनामा संवाददाता**



**अतरौलिया/आजमगढ़।** क्षेत्र बिलारी में इन दिनों हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई तेजी से हो रही है। एक तरफ जहां मार्च महीने की शुरुआत में ही भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ों की कटाई पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में गर्मी और भी विकराल रूप ले सकती है।ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र के कई गांवों और सड़कों के किनारे लगे हरे पेड़ों को रात के अंधेरे में या दिनदहाड़े काटा जा रहा है। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर पेड़ों को गिरा रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले से अनजान बने हुए हैं। लोगों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी कुम्भकर्ण की नींद सो रहे हैं, जिससे अवैध कटान करने वालों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पेड़ पर्यावरण के संतुलन के लिए बेहद जरूरी हैं। पेड़ों की लगातार कटाई से न सिर्फ तापमान बढ़ रहा है बल्कि क्षेत्र में हरियाली भी तेजी से कम होती जा रही है। ताजा मार्च में ही जिस तरह से तेज गर्मी पड़ रही है, उससे लोग चिंतित हैं कि आने वाले मई-जून में हालात कितने गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में हो रही अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराने की भी मांग उठाई जा रही है।अब देखने वाली बात यह होगी कि संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और अवैध कटान पर लगाम लगाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। स्थानीय ग्रामीण प्रदीप राजभर ने बताया कि क्षेत्र में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। वन विभाग और पुलिस विभाग में मिलीभगत से ही यह सब हो रहा है। अधिकारी पूरी तरह से मौन हैं।

## क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा संतोष मिश्रा सग्गू



**जौनपुर ( अवधनामा संवाददाता )** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पंचायत कचगांव में संतोष मिश्रा सग्गू को मनोनीत सभासद नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों शिक्षकों समाजसेवियों व स्थानीय लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें मिलना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने संतोष कुमार मिश्रा को फूल मलाई पहनकर उनका स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संतोष मिश्रा सग्गू ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसे पूरी लग्न व ईमानदारी से निभाएंगे। जनता उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिससे कचगांव नगर पंचायत को एक आदर्श नगर पंचायत बनाया जा सके। इस अवसर पर सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र, सत्य प्रकाश मिश्र, शैलेश मिश्रा, मधुकर तिवारी,विकेश उपाध्याय, डॉ विद्यानिवास , पंकज मिश्रा,अमित शुक्ला,पवन सिंह डम्मी, विकास यादव, दिनेश चौहान, चंदन चौहान सहित सैकड़ों शुभचिंतक उपस्थिति रहें।

## फांसी पर लटका हुआ मिला लाश जांच में जुटी पुलिस

**जौनपुर ( अवधनामा संवाददाता )** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कुददुपुर गांव में फांसी पर लटकी हुई लाश दिखाई देने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मामला मंगलवार तड़के लगभग पांच बजे का है। गांव के लोग जब सुबह घर से निकले तो देखा कि टीन सेड के लगें हुए पाइप में रस्सी के सहारे शिव प्रदीप उर्फ धीरज उम्र लगभग 45 वर्ष की लाश लटकी हुई है। देखते ही देखते मौके पर अच्छी खासी भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर जुटी हुई भीड़ में जितना मुंह उतनी बातें कहीं जाने लगी। फिलहाल घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का जनपद न्यायाधीश ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ द्वारा जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर आजमगढ़ में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारीगण, बैक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश श्री जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्जवलित करके तथा वाग्देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। लोक अदालत के शुभारम्भ अवसर पर अहसानुल्लाह खान प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, मुकेश कुमार सिंह-प्रथम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, श्री अजय कुमार शाही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री कमला पति-द्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री अजय श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री विजय कुमार वर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री संतोष कुमार यादव नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्री जैनुद्दीन अंसारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट, श्री अमर सिंह-द्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रथम तथा अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, बार के अध्यक्ष तथा महामंत्री व बैंक के पदाधिकारीगण ने वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत आम आदमी के लिए उपलब्ध एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र है, जिसके माध्यम से विवाद का निपटारा निःशुल्क व त्वरित किया जाता है। लोक अदालत में दिया गया फैसला अन्तिम होता है, उसके खिलाफ किसी उपरी न्यायालय में अपील नहीं होती हैं। लोक अदालत में दिये गये फैसले सुलह-समझौते के आधार पर होते हैं इसलिए पक्षकारों के बीच मतभेद भी समाप्त हो जाते है। इसमें न कोई जीतता है और न ही कोई हारता है। लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 133911 वाद चिन्हित किये गये थे, जिसमें कुल 113713 वाद निस्तारित हुए तथा रू0 299688202/- धनराशि का समझौता हुआ। प्रीलिटिगेशन स्तर पर 96392 तथा कोर्ट से 17321 दीवानी व फौजदारी वाद, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए। इस प्रकार पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 194 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें 21 दम्पत्तियों ने एक- दूसरे को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर एक साथ जाने का निर्णय लिया।

**आम सूचना**

मैं इस्लाम पुत्र मीरबाज निवासी बेल्शन वाला बाग, मानकमऊ ,शहनाज कॉलोनी ,थाना-कुतुबशेर सहारनपुर (मो.7078298755) सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र कुर्बान मेरे कहने सुनने में नहीं है हर वक्त लडाई झगडा करने पर उतारू रहता है अतः मैंने पुत्र कुर्बान की बुराई से तंग आकर उससे संबंध ख़त्म कर उसको अपनी कुल चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए किसी भी कार्य हेतु में या मेरा परिवार जिम्मेदारी नहीं होगा।

**आम सूचना**

मेरी मूल एफ डी आर पंजाब नेशनल बैंक, नानौता ( सहारनपुर) से जो वर्ष 2006/2007 के लगभग रूपये 30,00,000 की बनी हुई है कहीं खो गई है ढूंढने पर भी नही मिल पाई है मुझे उसकी ज़रूरत है अतः बैंक से एफ डी आर की द्वितीय प्रति जारी करने का अनुरोध किया है यदि किसी को मिले तो संपर्क करें। श्रीमती सरोज पत्नी स्व.कर्मवीर निवासी ग्राम सालियर थाना तीतरों, ज़ि.सहारनपुर हाल निवासी C/0 काके का मकान न.1 2 सैक्टर.12, चन्डीगढ (यू.टी.) आधार स.9469 2750 9891 मो.7973873167

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा बीएससी प्रथम वर्ष 2013 अंक पत्र अनूक्रमांक 511099, बीएससी द्वितीय वर्ष 2014 अंक पत्र अनूक्रमांक 587743 व बीएससी तृतीय वर्ष 2015 अंक पत्र अनूक्रमांक 560100 90527 व सनद/डिग्री अनूक्रमांक 56010090527 कहीं वास्तव में खो गया है।

प्रदीप कुमार गोंड पुत्र प्रेम चंद्र गोंड़
ग्राम- परसौरा थाना - देवगांव
जिला- आजमगढ़।
मोबाइल 993516 5965

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं०:– 1, ई–निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण:–** टेण्डर नं. ''55–जीकेपी–एमडब्लूएस–2025–26'' ''प्रोविज़न फॉर द वर्क ऑफ अपग्रेडेसन ऑफ टॉइलेट इन नान–एसी एलएचबी कोचेज, क्वानटिटी–640 नान–एसी एलएचबी कोचेज अंडर पीएच–21 ऐज़ पर पिंक बूक नंबर 320/24–25 एंड एलोकेशन–कैप फॉर जीकेपीएस'' **अनुमानित लागत (रू० में):–** 619058739.20, **धरोहर राशि (रू० में):–** 12381200.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:–** 11.00 बजे 13.04.2026, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:–** रू० शून्य, **संविदा की अवधि:–** 24 माह, **क्रम सं०:– 2,** प्री बीड कॉनफ्रेन्स दिनांक एवं समय 23.03.2026, 12:30 Hrs. उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेवसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखे।

डप मुख्य यॉत्रिक इंजी./कार्य गोरखपुर
मुजाधि/यांत्रिक–157

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**सूचना**

मैं रामखेलावन पुत्र स्व0 रामगुलाम निवासी मोहल्ला अशराफ टोला निकट संडीला प्रेस क़स्बा व थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई का निवासी हूं मेरे पांच पुत्री व दो पुत्र है तथा पांचो पुत्रियाँ वह दोनों पुत्रों की शादी भी चुकी है मेरा बड़ा पुत्र अशोक उर्फ़ गुड्डू अपने परिवार के साथ संडीला के मोहल्ला इमलियाबाग़ मे मुझसे अलग व छोटा पुत्र विपिन चौरसिया भी मुझसे अलग लखनऊ मे रहता है व बड़े पुत्र अशोक उर्फ़ गुडू व उसकी पत्नी रानी उर्फ़ रज़नी व छोटा पुत्र विपिन चौरसिया व उसकी पत्नी मीना के चाल व आचरण ठीक नहीं है जिस कारण आये दिन उपरोक्त लोग मुझसे वाद विवाद करते रहते है इस अनावश्यक वाद विवाद से परेशान व क्षुब्ध होकर उपरोक्त दोनों पुत्रो को उनकी पत्नियों के साथ अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं।

रामखेलावन पुत्र स्व0
रामगुलाम मोहल्ला अशराफ
टोला निकट संडीला प्रेस
क़स्बा थाना व तहसील
संडीला, संडीला
जिला हरदोई।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन: | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Ctg-PYGS-2026 |
| कार्य का विवरण: | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28-03-2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 28-03-2026 at 10:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/ PF-1/ 104/NEW | 28-03-2026 at 10:30 hrs | SMU | SC |

891/2026 कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मैनपुरी में जनगणना के प्रथम चरण की समीक्षा बैठक

- प्रगति सुधारने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** अपर जिलाधिकारी श्याम लता आनन्द ने जनगणना-2027 के सम्बन्ध में चार्ज अधिकारियों, गणना सेल के कर्मचारियों के साथ आयोजित बैठक में अब तक प्रथम चरण की जनगणना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनगणना बेहद महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का ऑकलन किया जाता है, यह विश्व की सबसे विश्वसनीय सांख्यिकीय प्रक्रियाओं में से एक मानी जाती है, जनगणना केवल जनसंख्या की गणना तक सीमित नहीं है बल्कि यह आवासीय स्थिति, शिक्षा स्तर, आर्थिक गतिविधियों, भाषा-धर्म, प्रवासन तथा मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े उपलब्ध कराती है, जो सरकार की विकास योजनाओं के निर्माण एवं संसाधनों के न्यायसंगत वितरण का आधार बनते हैं। उन्होने कहा कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य जनपद में प्रारंभ हो चुका है, तहसील सदर, घिरोर में सी.एम.एम.एस. पोर्टल पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है जबकि तहसील भोगांव, करहल, किशनी, कुरावली में अभी कार्य की प्रगति ठीक नहीं है। उन्होने सम्बन्धित चार्ज अधिकारियों से कहा कि कार्य की गंभीरता को समझते हुए प्रगति सुधारें। उन्होने चार्ज अधिकारियों से कहा कि एच.एल.बी., सी.एम.एम.एस. पोर्टल के सम्बन्ध में आप सबको विगत् के प्रशिक्षणों में भली-भांति जानकारी, ट्रेनिंग दी जा चुकी है यदि फिर भी किसी चार्ज अधिकारी के मन में कोई शंका हो तो जनगणना निदेशालय से आये अधिकारियों से अपनी शंका का समाधान अवश्य करा लें ताकि प्रथम चरण की जनगणना के सम्बन्ध में किसी के मन में कोई संशय न रहे और कार्य के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना होगी इस हेतु 700-700 के छोटे-छोटे ब्लॉक बनाकर प्रत्येक भवन, आवासीय इकाई एवं उपलब्ध सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा, प्रथम चरण में घर-घर जाकर मकान की स्थिति, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, रसोई ईंधन, इंटरनेट सुविधा, मोबाइल, वाहन एवं अन्य परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी दर्ज की जाएगी, यह चरण आगामी जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करेगा, द्वितीय चरण में प्रत्येक परिवार के सदस्यों से संबंधित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विवरण संकलित किए जाएंगे। उन्होने कहा कि इस बार जनगणना विभाग द्वारा स्व-गणना की सुविधा भी नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 1033/न0पं0नि0/नि0सू0-पेयजल योजनान्तर्गत/2025-26, दिनांक-16/03/2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को राज्य सेक्टर के 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 23/03/2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 17/03/2026 से दिनांक- 23/03/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate in ward 01,02,03,04,05,06,07 and 08 for Solar power driven pumps and pipelines work (Water supply system) for Nagar Panchayat, Nighasan | 99.23 | 9.92 | 11800 | 02 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन**
**जनपद लखीमपुर-खीरी**

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 568 अंक चढ़ा, निफ्टी 23500 के पार



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 567.99 अंक उछलकर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 172.35 अंक की बढ़त के साथ 23,581.15 पर बंद हुआ। धातु और ऑटो शेयरों में तेजी और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और ये लगभग एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया 12 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 92.40 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 567.99 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,070.84 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 801.41 अंक या 1.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 76,304.26 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 172.35 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़कर 23,581.15 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटरनल के शेयरों में सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति भी प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थे।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी 1.63 प्रतिशत बढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक मामूली रूप से ऊपर बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक नीचे बंद हुए। यूरोप के बाजारों में तेजी देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार भी तेजी के साथ बंद हुए।

**क्या है विशेषज्ञों की राय?**

रिसर्च एनालिस्ट और लिवेलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि लगातार दूसरे सत्र में भारतीय शेयर बाजारों में सुधार जारी रहा, जिसका कारण अस्थिरता में कमी और चुनिंदा क्षेत्रों में मजबूती थी, हालांकि बाजार के व्यवहार को प्रभावित करने वाला अंतर्निहित सतर्कता का माहौल बना हुआ है।

# भारत की विकास गाथा अभी भी मजबूतः पीएल वेल्थ मैनेजमेंट

**लखनऊ।** मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण भारतीय शेयर बाजारों में अस्थिरता का दौर देखा जा रहा है। इन हालातों ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में कुछ समय के लिए अनिश्चितता तो पैदा की है, लेकिन भारत के 'मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स' (बुनियादी आर्थिक आधार) अब भी मजबूत बने हुए हैं। इसे मजबूत घरेलू खपत, बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) पर भारी खर्च और कंपनियों की बेहतर होती बैलेंस शीट से काफी समर्थन मिल रहा है। प्रभुदास लीलाधर की वेल्थ मैनेजमेंट इकाई पीएल वेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट मार्केट आउटलुक दू मार्च 2026 में कहा है कि आने वाले समय में बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, क्योंकि निवेशक लगातार भू-राजनीतिक घटनाओं और कमोडिटी की कीमतों पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, भारत का व्यापक आर्थिक माहौल काफी लचीला है, जो लंबी अवधि के लिए भारतीय इक्विटी बाजार के आकर्षण को और मजबूत करता है। पीएल वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ, इंदरबीर सिंह जॉली ने कहा, बाजार में अस्थिरता आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, खासकर तब जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ जाते हैं। हालांकि, भारत के आर्थिक बुनियादी ढांचे मजबूत हैं। जारी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, स्थिर खपत और कंपनियों की मजबूत बैलेंस शीट लंबी अवधि के विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। निवेशकों के लिए, ऐसे दौर अक्सर अच्छी क्वालिटी वाली कंपनियों को सही दाम (उचित वैल्यूएशन) पर खरीदने का मौका देते हैं। वैश्विक अनिश्चितता का बाजार के सेंटिमेंट पर असर ÷ हाल के दिनों में वैश्विक बाजारों में घबराहट बढ़ी है, क्योंकि मध्य पूर्व के तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों को ऊपर धकेल दिया है। इससे महंगाई बढ़ने और ग्लोबल ग्रोथ सुस्त होने की चिंताएं पैदा हुई हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर काफी निर्भर है, इसलिए तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से महंगाई और रुपये की चाल प्रभावित हो सकती है।

# ओबेन इलेक्ट्रिक के ग्राहकों ने 3.2 करोड़ किलोमीटर का सफर तय किया



**लखनऊ।** भारत की तेजी से आगे बढ़ रही रिसर्च-ड्रिवन इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने जानकारी दी कि कंपनी की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल चलाने वाले राइडर्स ने देशभर में मिलकर 3.2 करोड़ किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय कर ली है। कंपनी के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के सिर्फ दो साल के भीतर यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि लोग अब ओबेन की मोटरसाइकिलों को रोजाना के सफर के लिए अपने मुख्य वाहन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।साल 2024 की शुरुआत से अलग-अलग शहरों के डेटा को मिलाकर देखा गया तो पता चला कि कंपनी की ओबेन रोर पोर्टफोलियो जिसमें रोर, रोर ईज़ेड और ओबेन रोर ईज़ेड सिग्मा शामिल हैं जिसका इस्तेमाल अलग-अलग ट्रैफिक, सड़क और मौसम की परिस्थितियों में लगातार किया जा रहा है। इससे साफ होता है कि लोग इन मोटरसाइकिलों को रोजाना के काम, ऑफिस आने-जाने और शहर के अंदर सफर के लिए भरोसे के साथ इस्तेमाल कर रहे हैं कंपनी अब 85 से ज्यादा शहरों में मौजूद है और इतने बड़े स्तर पर तय किए गए किलोमीटर यह दिखाते हैं कि ओबेन की मोटरसाइकिलों का रोजाना के सफर में बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है। खास तौर पर कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों और शहरों में इनका उपयोग ज्यादा देखने को मिला है।इस उपलब्धि पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा कि रोजाना सफर के लिए भरोसेमंद और टिकाऊ वाहन जरूरी होते हैं। अलग-अलग शहरों और परिस्थितियों में 3.2 करोड़ किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय होना इस बात का संकेत है कि लोग इन मोटरसाइकिलों को अपनी दैनिक जिंदगी का अहम हिस्सा बना रहे हैं।कंपनी इस समय तेजी से बढ़ रही है। साल 2025 में ओबेन इलेक्ट्रिक ने 376त्न की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है। साथ ही कंपनी अगले दो साल में पूरे भारत में 500 शोरूम खोलने की योजना बना रही है ताकि ज्यादा लोगों तक अपने प्रोडक्ट और सर्विस पहुंचा सके।

# पोको ने पोको एक्स8 प्रो सीरीज लॉन्च की

**नई दिल्ली**भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी उपभोक्ता टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने आज अपनी पोको एक्स8 प्रो सीरीज लॉन्च कर दी है। इस सीरीज में पोको एक्स8 प्रो मैक्स , पोको एक्स8 प्रो और एक खास स्पेशल वर्जन विशेष संस्करण पोको एक्स8 प्रो आयरन मैन वर्जन शामिल हैं। एक्स सीरीज़ को एक कदम और आगे ले जाते हुए, इस नई सीरीज़ लाइनअप में क्लासिक-लेवल उच्च श्रेणी का प्रोटोटाइप प्रदर्शन, लंबी चलने वाली बैटरी, शानदार मनोरंजन  एंटरटेनमेंट और प्रीमियम डिज़ाइन की बेहतरीन खासियत दी गई है। यह उन अप्लायंसेज यूजिएट्रिक्स पोर्टफोलियो के लिए एक बेजोड़ और शानदार अनुभव है, जो पूरा ध्यान प्रदर्शित करता है।

**पावरफुल चिपसेट और गेमिंग अनुभव**

इस सीरीज को अगली पीढ़ी की नेक्स्ट-जेनरेशन चिपसेट की ताकत मिली है, जिसमें असल जिंदगी के इस्तेमाल में तेज गति और बेहतरीन दक्षता दक्षता की पेशकश के लिए डिजाइन किया गया है।

पोको एक्स8 प्रो मैक्सः यह भारत का पहला ऐसा स्मार्टफोन है जिसमें डाइमेंसिटी 9500एस चिपसेट दिया गया है। यह 3nm आर्किटेक्चर तकनीकी संरचना पर बना है।

पोको एक्स8 प्रोः इसमें डाइमेंसिटी 8500-अल्ट्रा प्लेटफॉर्म दिया गया है, जो शानदार परफॉर्मेंस और बैटरी की सुरक्षा प्रदान करता है।

ये दोनों हाईटेक पॉपुलर मोबाइल गेम्स में 120स्नक्क फ्रेम प्रति सेकंड तक के गेमप्ले को सपोर्ट करते हैं, जिससे गेमिंग का अनुभव बेहद सहज डॉगल और बैकलैशनल रिस्पॉन्सिव हो जाता है।

पोको एक्स8 प्रो मैक्सः यह आपको सफेद, काला और नीला रंग में मिलेगा। पोको एक्स8 प्रोः यह ब्लैक, व्हाइट और ग्रीन कलर में उपलब्ध होगा। आयरन मैन का विमोचनः यह एक खास रेलवे स्टेशन विशेष तकनीकी फर्म में पेश किया गया है।

# पेक्सपो ने सोनी याय! के साथ मिलकर 'गो24' लॉन्च किया

## उन्नत तीन-लेयर इंसुलेशन तकनीक के साथ पेश की गयी गो24 बोतल

**लखनऊ।** स्टील हाइड्रेशन उत्पाद निर्माता पेक्सपो ने बोतल का नया लाइफस्टाइल आउटडोर हाइड्रेशन ब्रांड गो24 लांच किया है। यह पेशकश भारत में तेजी से बढ़ते जेन जेड और युवा उपभोक्ताओं को लक्षित कर सोनी याय के साथ साझेदारी में किया गया है, ताकि हाइड्रेशन श्रेणी में वैश्विक रूप से लोकप्रिय पॉप कल्चर किरदारों को शामिल किया जा सके। गो24 बोतलों के साथ, कंपनी ने उन्नत तीन-लेयर इंसुलेशन तकनीक भी पेश की है, जो बाजार में उपलब्ध पारंपरिक डबल-लेयर बोतलों की तुलना में पेय पदार्थों को अधिक समय तक ठंडा और गर्म बनाए रखने के लिए डिज़ाइन की गई है। इससे गो24 को भारत में और वैश्विक स्तर पर कुछ चुनिंदा ब्रांड्स में शामिल किया जाता है, जो इस स्तर का प्रदर्शन नवाचार लेकर आए हैं।




लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वेदांत पडिया, डायरेक्टर, पेक्सपो, ने कहा, ÷आज के समय में युवा उपभोक्ता रोजमर्रा के उत्पादों के साथ जिस तरह जुड़ते हैं, वह तेजी से बदल रहा है। हाइड्रेशन अब केवल घर तक सीमित नहीं है; यह एक सक्रिय, ऑन-द-गो जीवनशैली का हिस्सा बन गया है, जिसमें काम, फिटनेस, यात्रा और आउटडोर अनुभव शामिल हैं। गो24 के साथ, हम एक ऐसा ब्रांड पेश कर रहे हैं जो प्रदर्शन, टिकाऊपन और सांस्कृतिक प्रासंगिकता को एक साथ लाता है। शिन-चैन और नारुतो जैसे वैश्विक रूप से लोकप्रिय किरदारों के साथ सहयोग हमें युवाओं से उनके रुचियों, आकांक्षाओं और पहचान के अनुरूप जुड़ने में मदद करता है।÷ इस सहयोग पर, अंबेश तिवारी, बिज़नेस हेड किड्स एंड एनीमेशन और सोनी आथ ने कहा, शिन-चैन और नारुतो भारत में युवा दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं, जो नॉस्टैल्जिया से जुड़े मिलेनियल्स और तेजी से बढ़ते एनीमे फैन समुदाय दोनों में समान रूप से पसंद किए जाते हैं।

पेक्सपो के साथ मिलकर इन प्रिय किरदारों को हाइड्रेशन बोतलों जैसे रोजमर्रा के लाइफस्टाइल उत्पादों में लाना, फैंस को स्क्रीन से बाहर भी अपने पसंदीदा किरदारों के साथ जुड़ने का मौका देता है, जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में सहज रूप से शामिल हो सके।

प्रदर्शन और टिकाऊपन के लिए डिज़ाइन गो24 बोतलें लाइफस्टाइल डिज़ाइन के साथ उन्नत कार्यक्षमता को जोड़ती हैं। जिनमें तीन-लेयर इंसुलेशन तकनीक, जो पारंपरिक डबल-लेयर बोतलों की तुलना में पेय पदार्थों को अधिक समय तक ठंडा और गर्म रखने के लिए इंजीनियर की गई है, आईएसआई प्रमाणित स्टेनलेस स्टील निर्माण, जिसमें जंग से बचाव के लिए 18 प्रतिशत क्रोमियम और टिकाऊपन के लिए 8 प्रतिशत निकल शामिल है, इसके अलावा लंबे समय तक उत्पाद की उपस्थिति बनाए रखने के लिए स्क्रैच-रेसिस्टेंट बाहरी सतह, 24-घंटे कस्टमर सपोर्ट, 24-दिन की फ्री लिड रिप्लेसमेंट और 24-महीने की वारंटी शामिल है। इन फीचर्स के साथ, गो24 हाइड्रेशन श्रेणी में नए मानक स्थापित करने का लक्ष्य रखता है, और भारत तथा वैश्विक स्तर पर उन कुछ ब्रांड्स में शामिल होता है, जो तीन-लेयर इंसुलेशन तकनीक के साथ 24-दिन की फ्री लिड रिप्लेसमेंट और 24-घंटे कस्टमर सपोर्ट जैसी उपभोक्ता-केंद्रित सेवाओं को जोड़ते हैं, जिससे प्रदर्शन, टिकाऊपन और उपयोगकर्ता सुविधा पर इसका फोकस और मजबूत होता है।

# सेंट्रल स्क्वेयर फाउन्डेशन की भारत सर्वे फॉर ऐडटेक रिपोर्ट ने डिजिटल पहुंच से जुड़े रूझानों पर डाली रोशनी

**लखनऊ। नई दिल्ली** आधारित अग्रणी गैर-लाभ संगठन सेंट्रल स्क्वेयर फाउन्डेशन, जो प्राइमरी शिक्षा में सुधार के लिए काम कर रहे हैं, ने हाल ही में भारत सर्वे फॉर ऐडटेक के दूसरे संस्करण का लॉन्च किया, जो फाउन्डेशन द्वारा संचालित अपनी तरह का पहला बड़े पैमाने का राष्ट्रीय सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश में कम आय वर्ग के अभिभावकों, बच्चों एवं अध्यापकों में टीचिंग और लर्निंग के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग और पहुंच के बारे में जानकारी प्रदान करता है। अध्ययन के तहत 1250 परिवारों से तकरीबन 1500 लोगों और 250 शिक्षकों के साथ बातचीत की गई। सर्वेक्षण में उन परिवारों को शामिल किया गया, जहां 6-18 साल के बच्चे सरकारी, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त और निम्न से मध्यम शुल्क वाले निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। उन्हीं लोकेशनों के अध्यापकों के साथ भी सर्वे किया गया ताकि इस बात को बेहतर समझा जा सके कि क्लासरूम में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किस तरह से किया जा रहा है।सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि राज्य के 97 फीसदी अध्यापक ऐडटेक टूल्स का उपयोग करते हैं, 79 फीसदी अध्यापक सक्रियता के साथ इन टूल्स का उपयोग टीचिंग के लिए करते हैं। अध्यापकां द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ऐसे टूल्स हैं- यूट्यूब (ऐडटेक इस्तेमाल करने वाले 56 फीसदी अध्यापक इसका उपयोग करते हैं), इसके बाद व्हॉट्सऐप (47 फीसदी), गूगल (44 फीसदी), दीक्षा (27 फीसदी), प्रेरणा लक्ष्य (19 फीसदी)।इन परिणामों पर बात करते हुए श्वेता शर्मा- कुकरेजा, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, सेंट्रल स्क्वेयर फाउन्डेशन ने कहा, '' भारत सर्वे फॉर ऐडटेक इस विषय पर सबसे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है कि किस तरह भारत में लर्निंग के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। डिवाइसेज़ की पहुंच बहुत अधिक बढ़ चुकी है, अब इस बात को समझने की ज़रूरत है कि किस तरह बच्चे और अध्यापक टेक्नोलॉजी को अपनाकर रोज़मर्रा में लर्निंग के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं।

# फ्रेंच हेल्थ एजेंसी के अनुसार वेपिंग सिगरेट की तुलना में कम नुकसानदायक

**लखनऊ।** फ्रांस की एजेंसी फॉर फूड, एनवायरनमेंटल एंड ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ (ए.एन.एस.ई.एस) ने हाल ही में एक विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन के परिणाम जारी किए जिसमें कहा गया है कि वेपिंग से होने वाले स्वास्थ्य जोखिम पारंपरिक सिगरेट की तुलना में काफी कम हैं। हालाँकि ऐसा नहीं है कि इससे स्वास्थ्य को कोई भी नुकसान न होता हो। ये नतीजे 2,500 से अधिक अध्ययनों की समीक्षा से मिले हैं, जिनमें वेपिंग के टॉक्सिकोलॉजिकल प्रभाव की जाँच की गई थी।एजेंसी ने बताया कि वेपिंग और सिगरेट के बीच मुख्य अंतर यह है कि इसमें तंबाकू जलती नहीं है। पारंपरिक सिगरेट में तंबाकू जलता है, जिससे बहुत ज्यादा मात्रा में टॉक्सिक और कार्सिनोजेनिक कंपाउंड निकलते हैं। वहीं, ई-सिगरेट में एक लिक्विड गर्म होता है, जिससे एरोसोल बनता है इन एयरोसोल में बहुत कम नुकसानदायक पदार्थ होते हैं और वो भी बहुत थोड़ी मात्रा में होते हैं।रिपोर्ट में सामने आया कि फ्रांस में वेपिंग करने वाले 98 प्रतिशत वयस्क वर्तमान में या पहले से सिगरेट पीते आए हैं। इनमें से 61 प्रतिशत लोग दोनों का एक साथ उपयोग करते हैं। दैनिक वेपिंग केवल 6.1 प्रतिशत है, तथा दैनिक सिगरेट का सेवन गिरकर 18.2 प्रतिशत पर पहुँच गया है, जो 1990 के दशक के बाद अब तक का सबसे निचला स्तर है। इन आँकड़ों से इस बात को बल मिलता है कि वेपिंग सिगरेट पीने वालों के लिए मुख्य तौर से नुकसान को कम करने का टूल रहा है, न कि सिगरेट न पीने वालों के लिए कोई मनोरंजन का सामान।जोनाथन लिविंगस्टोन बैंक्स, पीएचडी, लैक्चरर एवं सीनियर रिसर्चर, प्रमाण आधारित हेल्थकेयर, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड ने कहा, ''हमारी रिसर्च में इस बात के काफी मजबूत प्रमाण मिले हैं कि ई-सिगरेट लोगों को सिगरेट छोड़ने में मदद करने का एक प्रभावशाली तरीका है। ई-सिगरेट पूरी तरह से सुरक्षित तो नहीं हैं, पर यह बात विश्वास के साथ कही जा सकती है कि वो सिगरेट के मुकाबले काफी ज्यादा सुरक्षित हैं।''भारत में, जहाँ सिगरेट पीने से होने वाली बीमारियाँ जन स्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं, वहाँ एजेंसी फॉर फूड, एनवायरनमेंटल एंड ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ (ए.एन.एस.ई.एस) के अध्ययन से मिले ये नतीजे नीतिनिर्माताओं और हेल्थ प्रोफेशनल्स के लिए महत्वपूर्ण वैज्ञानिक जानकारी पेश करते हैं, जिसकी मदद से वैकल्पिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम की भूमिका का आकलन किया जा सकता है। हालाँकि, धूम्रपान पूरी तरह छोड़ देना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है। लेकिन जो लोग सिगरेट छोड़ने में समर्थ नहीं हैं, उनके लिए प्रमाणों से प्रदर्शित होता है कि रैगुलेटेड ई-सिगरेट उन्हें पारंपरिक सिगरेट के मुकाबले कम हानिकारक रसायनों के संपर्क में लाता है। सिगरेट पीने वाले व्यस्कों को ई-सिगरेट टॉक्सिक पदार्थों का संपर्क कम करने का एक सीमित और अस्थायी तरीका प्रदान करता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि ई-सिगरेट का उपयोग पारंपरिक सिगरेट छोड़ने के उद्देश्य से जिम्मेदारीपूर्वक किया जाए।

# भीम पेमेंट्स ऐप ने एमएस धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर




**लखनऊ।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने आज विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को BHIM Payments App, भारत का अपना पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं–ऐसे मूल्य जो पीढ़ियों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है, जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूज़र विश्वास पर केंद्रित है।इस विकास पर बात करते हुए एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज ने कहा, भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहे हैं और अब विकास का अगला चरण यूज़र की पसंद को मजबूत करने और उनके विश्वास को और गहरा करने पर केंद्रित है। एमएस धोनी को हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने का उद्देश्य BHIM पेमेंट्स ऐप को सिर्फ एक पेमेंट्स विकल्प नहीं, बल्कि हर भारतीय परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए पसंदीदा ऐप के रूप में स्थापित करना है। जैसे-जैसे BHIM अपने अगले विकास चरण में प्रवेश कर रहा है, विश्वास हमारे हर कदम के केंद्र में है। धोनी उसी विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो समय के साथ बना है। इसलिए यह साझेदारी स्वाभाविक लगती है।

# एलायंस ने भारत का पहला आर-1 प्लस बायस रिलेटिव टायर एग्री-हॉल लॉन्च किया



**लखनऊ।** कृषि एवं ऑफ-हाईवे (खेतों और कच्चे मोर्टार) टायरों के प्रमुख वैश्विक ब्रांड एलायंस ने आज भारत में अपने नए टायर एग्री-हॉल को पेश किया है। यह देश का पहला आर-1 साभार टायर है।

एग्री-हॉल का आर-1 व्यावसायिक व्यापार डिजाइन (टायर की सतह के आधार) सामान्य अवशेष टायरों की तुलना में अधिक गहराई प्रदान की जाती है। इससे टायर की विश्वसनीयता की उम्र आधी है और यह भारतीय कृषि कार्य के लिए बेहद अचूक साबित होता है। इसके अलावा, इस टायर को पंचर से बेहतर सुरक्षा और मिट्टी पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

योकाहामा-एटीजी के मुख्य तकनीकी अधिकारी (सीटियो) द्युतिमान चट्टोपाध्याय ने कहा, ÷एलायंस एग्री-हॉल ने एक पूरा एक पेपर तैयार किया है, जिसमें मछली की खेती के साथ-साथ (होलेज) की खेती पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमें पूरा विश्वास है कि भारतीय किसान हमारे इस नए उत्पाद के डिजाइन का अनुभव लेकर आएंगे।÷

वहीं, भारत सरकार के उपाध्यक्ष अनुज ठाकर ने कहा, भारत में पहला आर-1 सिक्स बायस इंजीनियर टायर लॉन्च किया गया, यह हमारे लिए गर्व की बात है। इसे भारतीय खेती के दायरे के लिए विकसित किया गया है। भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम किसानों की अलग-अलग कंपनियों के लिए अलग-अलग स्टॉक में समाधान करते हैं।

**टायर की मुख्य विशेषताएं-**

गंभीर ट्रेड वाला आर-1 एडवांस डिजाइनः इससे टायर घिसटा कम है और लंबे समय तक चलता है।

विशेष डिजाइन डिजाइनः यह साओकेल की प्राकृतिक मिट्टी में टायर की बेहतर पकड़ (ट्रैक्शन) सुनिश्चित करता है।

# आर्किटेक्ट्स के लिए स्पेशलाइज़्ड कार्यक्रम की घोषणा

CEPT UNIVERSITY

**कानपुर।** जैसे-जैसे शहरों का विस्तार हो रहा है और पर्यावरणीय चुनौतियाँ अधिक गंभीर होती जा रही हैं, आज के आर्किटेक्ट्स को केवल इमारतों के डिजाइन से आगे की क्षमताओं की आवश्यकता है। उन्हें सांस्कृतिक विरासत की रक्षा, परिदृश्य प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील प्रतिक्रिया देने की समझ भी विकसित करनी होगी। इन चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार करने हेतु, सीईपीटी युनिवर्सिटी के फैकल्टी ओएफ आर्किटेक्चर में दो विशेषीकृत स्नातकोत्तर कार्यक्रम शामिल हैं मास्टर्स इन कंज़र्वेशन एंड रीजेनेरेशन और मास्टर्स इन लैंडस्केप आर्किटेक्चर जो आर्किटेक्ट्स के लिए करियर के दायरे को विस्तृत करते हैं। ये दोनों कार्यक्रम के आवेदन की अंतिम तिथि- 31 मार्च, 2026 है। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जिन्हें इतिहास, तकनीक, वास्तुकला और शहरी डिज़ाइन के संगम में रुचि है। यह उन्हें संरक्षण के बढ़ते क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार करता है। इसका पाठ्यक्रम उद्योग और सरकार द्वारा ऐतिहासिक परिवेशों के संरक्षण और उन्नयन में किए जा रहे बढ़ते निवेशों के साथ जुड़ा हुआ है। ऐतिहासिक इलाकों के संरक्षण और पुनर्स्थापन में अधिक निवेश कर रहे हैं, वैसे संरक्षण और पुनर्जीवन की समझ रखने वाले पेशेवरों की मांग भी पूरे देश में बढ़ रही है। मास्टर्स इन लैंडस्केप आर्किटेक्चर यह एम.आर्क कार्यक्रम लैंडस्केप, पारिस्थितिकी और समाज के संगम पर काम करने वाले पेशेवरों को तैयार करता है। CEPT में पोस्टग्रेजुएट शिक्षा केवल स्नातक कार्यक्रम का विस्तार नहीं है। यह सोच-समझकर की जाने वाली विशेषज्ञता का एक मंच है। यहाँ स्टूडियो प्रयोगशालाओं की तरह कार्य करते हैं–ऐसी जगहें जहाँ वास्तविक दुनिया की चुनौतियों पर रचनात्मक अन्वेषण किया जाता है। छोटे ग्रुप्स में छात्र विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ मिलकर विचार विकसित करते हैं, प्रोटोटाइप का परीक्षण करते हैं और निरंतर संवाद व आलोचनात्मक समीक्षा के माध्यम से अपने दृष्टिकोण को परिष्कृत करते हैं।

# FIIB नई दिल्ली ने इकोसिस्टम की शुरुआत के लिए भविष्य के प्रबंधकों के साथ मिलकर इकोसिस्टम की शुरुआत की है

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंस्टीट्यूट (मोटो) का प्रभाव तेजी से बढ़ता जा रहा है, नए सहयोगियों और विद्वानों के साथ काम करने का तरीका बदल रहा है। ऐसे में मैनेजरों से लेकर दिग्गज भी तेजी से बदल रही हैं। होटल प्रबंधकीय मठ को समाप्त नहीं किया जा रहा है, बल्कि उन्हें नए तरीके से परिभाषित किया जा रहा है। इसी परिवर्तन पर ध्यान दिया गया फॉर्चून इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस, नई दिल्ली ने अपने पिज्जा डॉक्यूमेंट्री (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) प्रोग्राम में स्टूडियो-सक्षम सीखा इकोसिस्टम (सीखने की प्रणाली) को विकसित किया है, ताकि छात्र डेटा-आधारित तकनीक और व्यावसायिक दुनिया के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण तैयार कर सकें। एफआईआईबी एक एएसआई एसबी (एएसीएसबी) मान्यता प्राप्त बिजनेस स्कूल है, जो इसे दुनिया के शीर्ष 6त्न बिजनेस बिजनेस में स्थान रखता है। संस्थान ने एक अलग विषय के रूप में शेयरधारकों के बजाय पूरे प्रबंधन शिक्षण संस्थान को इसमें शामिल किया है। इस मॉडल के माध्यम से छात्र विश्लेषण क्षमता, तकनीकी समझ और प्रबंधकीय निर्णय क्षमता एक साथ विकसित होते हैं।




**उभरते व्यवसायिक मठाधीशों के धार्मिक मार्ग**

एफआईआईबी का वैज्ञानिक ढांचा रेस्टॉरेंट पाथवे करियर मार्ग पर आधारित प्रबंधन शिक्षा पर आधारित है, जहां एमबीए एमबीए अनुभव को एक व्यावसायिक पोर्टफोलियो के दायरे में तैयार किया गया है, जो कि संकाय में वर्तमान समय में अधिक मांग है।

छात्र आरंभ में बिजनेस स्टैटिस्टिक्स फॉर बिजनेस (व्यावसायिक स्केल), बिजनेस रिसर्च मेथड्स (व्यावसायिक अनुसंधान विधियां) और डेटा स्टोरीटेलिंग जैसे विषयों के माध्यम से विश्लेषणात्मक आधार तैयार करते हैं। इसके बाद वे बिजनेस एनालिटिक्स , मशीन लर्निंग लर्निंग और पावर बीआई (पावर बीआई) जैसे डेटा विजुअलाइजेशन टूल्स (डेटा को आर्किटेक्चर/ग्राफ के माध्यम से समझने वाले उपकरण) के साथ मिलकर काम करते हैं।

होटल का उपयोग विभिन्न प्रबंधन विषयों में भी किया जा रहा है-

मार्केटिंगः इनवेस्ट होटल के माध्यम से विज्ञापन अभियान और उपभोक्ताओं का विश्लेषण किया जाता है।

टीम (एचआर): इसमें धर्मशाला आधारित भर्ती (नकली प्रैक्टिस) का काम किया जाता है।

फाइनेंसः इसमें प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स (भविष्यवाणी विश्लेषण) का उपयोग होता है।

ऑरेशंसः इसमें माल्ट-आधारित शॉरिट चेन डैशबोर्ड जैसे प्रयोग छात्रों को वास्तविक व्यावसायिक सीमाओं से सारांशित किए जाते हैं।

होटल के साथ रोजगार की तैयारी

एफआईआईबी की बी-इनवॉल्व्ड एम्प्लॉयबिलिटी स्कीम (रोजगार क्षमता योजना) के तहत छात्रों की तैयारी में भी एक मस्जिद को शामिल किया गया है।

# पावर हिटर ईशान किशन ने एआई+ स्मार्टफोन के साथ मिलाया हाथ




जो स्मार्टफोन कभी समझौता नहीं करता, अब एक ऐसे क्रिकेटर के साथ जो कभी सीमाओं में नहीं बंधा

लखनऊ- एआई+ स्मार्टफोन ने आज भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग एक ऐसे ब्रांड और खिलाड़ी को साथ ला रहा है, जिन्होंने हमेशा सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बनाई है। यह साझेदारी ब्रांड और खिलाड़ी के बीच एक साझा सोच को दर्शाती है–कि महत्वाकांक्षा को कभी भी संसाधनों की कमी से सीमित नहीं होना चाहिए। एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी पहचान आधुनिक तकनीक, शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन डिजाइन के साथ बनाई है, महंगे हुए बिना। इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेस्ट क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा- ईशान किशन उस सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं जो एआई+ स्मार्टफोन की पहचान है। उन्होंने कभी किसी की अनुमति का इंतजार नहीं किया, बल्कि अपने खेल पर भरोसा किया और अपने दम पर इंडियन टीम में जगह बनाई। यही वह जज्बा है जिसके लिए हम काम करते हैं–ऐसे लोग जो अपने उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हैं और चाहते हैं कि उनके हाथ में मौजूद तकनीक भी उसी रफ्तार से चले। ईशान को साथ जोड़ना हमारे ब्रांड के अगले चरण की ओर बढ़ने का संकेत है, खासकर जब हम जल्द ही अपनी नोवा सीरीज लॉन्च करने जा रहे हैं। इस साझेदारी के तहत ईशान किशन आने वाले महीनों में एआई+ स्मार्टफोन के विभिन्न कैंपेन और ब्रांड गतिविधियों में नजर आएंगे।

अवधनामा
लखनऊ, बुधवार, 18 मार्च 2026



# मथौली में तीन सभासद मनोनीत विकास को मिलेगी नई गति

- जनसेवा का अनुभव अब देगा नगर को नई दिशा, बधाइयों का लगा तांता



मनोनीत सभासद राणा प्रताप राव, रामधनि चौरसिया, अजय कन्नौजिया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली में विकास की रफ्तार को और तेज करने के उद्देश्य से शासन ने तीन नए सभासदों का मनोनयन किया है। इस निर्णय से पूरे नगर में उत्साह का माहौल है और लोगों को अब विकास कार्यों में तेजी की उम्मीद नजर आने लगी है।

मनोनीत सभासदों में भाजपा के वरिष्ठ जिला मंत्री राणा प्रताप राव (वार्ड संख्या-10), रामधनी चौरसिया (वार्ड संख्या-06) और अजय कुमार कन्नौजिया (वार्ड संख्या-05) शामिल हैं। तीनों ही लंबे समय से समाजसेवा और जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं, जिससे उनके अनुभव का सीधा लाभ नगरवासियों को मिलने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब नगर की समस्याओं—जैसे जल निकासी, स्वच्छता और सड़कों की बदहाल स्थिति—पर तेजी से काम होगा। लोगों का मानना है कि इन सक्रिय और अनुभवी चेहरों के जुड़ने से नगर निकाय की कार्यशैली अधिक मजबूत और जवाबदेह बनेगी। मनोनीत सभासदों ने भी जनता को भरोसा दिलाया कि वे विकास को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, जलभराव की समस्या से निजात दिलाना, सड़कों का निर्माण व मरम्मत कराना और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे बोर्ड बैठकों में पूरी सक्रियता से भाग लेकर जनता की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और हर समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। मनोनीत होने की खबर मिलते ही शुभचिंतकों और नगरवासियों ने तीनों सभासदों को बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया। लोगों ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि मथौली अब विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## पूर्वांचल व्यापार मंडल के वार्ड प्रभारियों का हुआ चुनाव

**कुशीनगर।** पूर्वांचल व्यापार मंडल के विस्तार को लेकर सुनील कश्यप सुभाष चौक के प्रतिष्ठान पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी की अध्यक्षता में बैठक कर प्रत्येक वार्डों में प्रभारियों का चुनाव संपन्न किया गया।

बैठक कर चुनाव में सर्वसम्मति से पूर्वांचल व्यापार मंडल से राजन सिंह पटेल को वार्ड नंबर 13 रामलीला मैदान का प्रभारी, सुनील कश्यप को वार्ड नंबर 17 आंबेडकर नगर का प्रभारी, नरेंद्र श्रीवास्तव को वार्ड नंबर 2 पृथ्वीराज चौहान का प्रभारी, अनिल केसरी को वार्ड नंबर 11 जनरल विपिन रावत नगर का प्रभारी, रवींद्र गुप्ता को वार्ड नंबर 3 पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर का प्रभारी, रविकांत शर्मा को कानू टोला का प्रभारी बनाया गया और फूल माला पहनाकर नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक जोगेंद्र जायसवाल, नंदलाल गुप्ता, अरविंद कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष संतोष वर्मा नगर, नगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, डॉक्टर एसपी शर्मा, अनिल ठाकुर, अरविंद वर्मा एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, मजिस्ट्रेटों की तैनाती, कंट्रोल रूम स्थापित

- 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 6 जोनल मजिस्ट्रेट और 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** आगामी धार्मिक पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जमात-उल-विदा (अलविदा जुम्मा) 20 मार्च, रामनवमी एवं चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ और ईद-उल-फितर 21 मार्च 2026 को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर पूरे जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए विभिन्न स्तरों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है।

**कंट्रोल रूम से होगी निगरानी :** त्योहारों के दौरान निगरानी और त्वरित समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका संपर्क नंबर 05564-240590 जारी किया गया है। कंट्रोल रूम में प्रभारी अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी तैनात रहेंगे, जो लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग कर उच्चाधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

**जनता से अपील :** जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी लोग त्योहारों को भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। अफवाहों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन का कहना है कि सभी जरूरी इंतजाम किए जा चुके हैं, ताकि जनपद में त्योहार शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें।

### मजिस्ट्रेटों की तैनाती

त्योहारों के मद्देनजर 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 6 जोनल मजिस्ट्रेट और 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए रिजर्व में भी अधिकारियों को तैयार रखा गया है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर तुरंत तैनात किया जाएगा। सभी मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सख्त दिशा-निर्देश

प्रशासन ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखें और लागू धारा 163 का कड़ाई से पालन कराएं। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस और उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, मजिस्ट्रेटों को थाना प्रभारियों के साथ समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया है।

## कप्तानगंज में प्राइवेट अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज क्षेत्र में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने प्राइवेट अस्पतालों की जांच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जांच टीम के पहुंचते ही कई संचालक फरार हो गए। छापेमारी की कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। दोपहर बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सूर्यभान कुशवाना टीम के साथ निजी अस्पतालों का जांच किया। जांच के दौरान मां करमदानी हॉस्पिटल में कोई भी एमबीबीएस चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला, जिसे गंभीर लापरवाही मानते हुए अस्पताल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं एवन हॉस्पिटल में चिकित्सक उपस्थित पाए गए और व्यवस्थाएं सामान्य रहीं। इसके अलावा मां शारदा हॉस्पिटल में चिकित्सक तो मौजूद मिले, लेकिन ऑपरेशन थिएटर मानकों के अनुरूप नहीं मिला। निरीक्षण में सामने आया कि ऑपरेशन थिएटर क्षेत्र में उचित जॉइनिंग /सीलिंग नहीं की गई थी, जिससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

# दारोगा भर्ती परीक्षा में जातीय अपमान का आरोप लगा ब्राम्हण महासभा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश प्रवक्ता जय कुमार त्रिपाठी उर्फ जय बाबा की अगुवाई में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। बीते दिनों दरोगा भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के विकल्प में पंडित शब्द का प्रयोग करने से नाराज ब्राम्हण कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम महेंद्र सिंह तंवर को सौंप कार्यवाही की मांग की।

प्रदेश प्रवक्ता जय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्न से सम्पूर्ण ब्राम्हण समाज अपने आप को अपमानित व दुखी महसूस कर रहा है। ऐसे प्रश्न बनाने वाले शिक्षक व विभाग पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की जाए। ब्राम्हण समाज ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि यूजीसी का मामला जो सुप्रीम कोर्ट में लंबित चल रहा उसमे तत्काल कार्यवाही करते हुए हमेशा के लिए समाप्त किया जाए। इसके अलावा ब्राह्मणों एवं सम्पूर्ण सवर्ण समाज के हित को देखते हुए सवर्ण आयोग का गठन तत्काल प्रभाव से किया जाए। भगवान श्री परशुराम जी के जयंती पर पूर्व सरकार ?द्वारा दी गई छुट्?टी समाप्त होने पर पुनः सरकार ?द्वारा बहाल किया जाए। पंडितों, पुरोहितों व कथा वाचकों के लिए मासिक पेंशन लागू किया जाए। प्रदेश के सभी संस्कृत वि?द्यालयों में लिपिक परिचायकों के पदों पर नियुक्ति तत्काल शुरू की जाए। इस दौरान संगम तिवारी, नागेश्वर तिवारी, अनूप तिवारी, आदित्य शुक्ल, विशाल शुक्ल, त्रिभुवन तिवारी, अखिलेश तिवारी, कृष्णा मिश्र, अमन तिवारी, सर्वेश पांडेय, अनुराग तिवारी, अमित पांडेय, रवि तिवारी, अंकित पांडेय, पवन मिश्र, भाष्कर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मानक विहीन ऑपरेशन पर कार्रवाई, तिरूपति हॉस्पिटल में सर्जरी सेवाएं बंद

- जांच में मानकों पर खरा नहीं उतरा कप्तानगंज तिरूपति हॉस्पिटल

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** प्रसूता के इलाज में लापरवाही के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कप्तानगंज स्थित तिरूपति हॉस्पिटल में सभी प्रकार के ऑपरेशन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है। जांच में अस्पताल मानकों पर खरा नहीं पाया गया।

रामपुर माफी, थाना अहिरौली निवासी मुन्जेश कुमार कन्नौजिया ने आईजीआरएस पोर्टल और जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 07 फरवरी 2026 को प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी पूजा देवी को तिरूपति हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां मृत शिशु का जन्म हुआ। आरोप है कि इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे प्रसूता की हालत बिगड़ गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गठित की गई। 10 मार्च 2026 को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में कई खामियां सामने आई। रिपोर्ट के अनुसार प्रसूता गंभीर हालत में भर्ती हुई थी और परिजनों की सहमति से ऑपरेशन किया गया, लेकिन इसके बाद मरीज में वेसिको वैजाइनल फिस्टुला जैसी जटिल समस्या पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की उपलब्धता का स्पष्ट विवरण नहीं दे सका। साथ ही यह अस्पताल जटिल ऑपरेशन के लिए निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता पाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि मेडिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट-2010 के उल्लंघन के चलते अस्पताल में सभी ऑपरेशन सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।

# उप जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों की जांच कर वितरकों को दिया आवश्यक निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में गैस वितरण में मिल रही अनियमिताओं की शिकायतों के क्रम में एसडीएम कप्तानगंज विनोद कुमार गुप्ता ने क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों का भौतिक सत्यापन कर उपभोक्ताओं को गैस की समय से उपलब्धता बनायें रखने के लिए वितरको को आवश्यक निर्देश दिया।

रसोई गैस की कालाबाजारी वितरण व्यवस्था में अनियमितता की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता मंगलवार 12:30 बजे आर्यन गैस एजेंसी बोदरवार पहुंचें। जहां स्टाक व वितरण रजिस्टर का भौतिक सत्यापन करने के बाद उपजिलाधिकारी अपने मातहतों व सप्लाई इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार सिन्हा को लेकर वहां से सीधे शंकर गैस एजेंसी मंसूरगंज पहुंचें। जहां स्टाक, स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर की गहनता से जांच की। वितरको से उपभोक्ताओं को रसोई गैस की समय से उपलब्धता बनाये रखने का निर्देश दिया साथ ही आगाह किया कि अनियमितता पाये जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई निश्चित तौर पर की जायेगी।



## पडरौना में शहीद जे.के. त्रिपाठी एच.पी. गैस एजेंसी पर कार्रवाई

**कुशीनगर।** जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय ने अवगत कराया है कि जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मे. शहीद जे.के. त्रिपाठी एच.पी. गैस, पडरौना के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलित है। उक्त गैस एजेंसी के समस्त उपभोक्ता अपनी बुकिंग के सापेक्ष गैस की आपूर्ति लेट मंगल सेठ एच.पी. गैस ग्रामीण वितरक, जंगल पचरूखिया, विकास खण्ड पडरौना से प्राप्त करेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि किसी भी असुविधा की स्थिति में संबंधित वितरक से संपर्क कर गैस प्राप्त करें।

# रोटरी क्लब द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन, सौहार्द और भाईचारे का दिया संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों द्वारा आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होटल कलश में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे के साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं तथा विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब कुशीनगर के सह-संरक्षक वाहिद अली, अध्यक्ष अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, उपाध्यक्ष डॉ. जे.के. पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. विजय कृष्ण द्विवेदी, सरवरे आलम, सदरे आलम, इम्तियाज आलम, अमरेन्द्र सिंह, अखिलेश शर्मा, राजीव तिवारी, विनोद कसौधन, डॉ. सुनील सिंह, आशीष अग्रवाल, शादाब खान सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी भाईचारे और एकता के संदेश के साथ हुआ।

# होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** रामगंज में मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल तत्वावधान में होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कंचन गुप्ता ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं मनोनयन पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रामकरण मौर्य ने की तथा संचालन महामंत्री रामसेवक विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ टीम नारी शक्ति एवं युवा संगठन के पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा ईमानदारी एवं समाज सेवा का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। होली मिलन के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल संतोष गुप्ता अरविंद साहू रामसेवक विश्वकर्मा

महेश तिवारी संतोष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गैस के लिए तेज धूप में लाइन लगाने को मजबूर उपभोक्ता



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में रसोई गैस की किल्लत है या नहीं इस दावे की पोल एजेंसियों पर लग रही लम्बी कतारें खोल रही हैं।मंगलवार को प्रकाश गैस एजेंसी पर रसोई गैस के लिए चिलचिलाती धूप में उपभोक्ताओं की लम्बी कतार लगी रही।

उपभोक्ता भोर से ही लाइन में लग गए दोपहर होते होते वितरण बंद हो गया कुछ मायूस होकर भी लौट गए।यहां इन दिनों उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।चाहे बुकिंग के लिए हो या गैस के लिए सुबह से ही लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो जा रहे हैं। तेज धूप और गर्मी के बावजूद महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने पहले ही बजट बिगाड़ रखा है ऊपर से समय पर सिलेंडर न मिलने से परेशानी और बढ़ गई है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है जिससे लोगों को धूप में खड़े रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं एजेंसी पर मौजूद कर्मचारियों का कहना है कि मांग अधिक होने के कारण भीड़ बढ़ रही है हालांकि वितरण व्यवस्था को सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के सहजौली गांव के समीप नहर की पटरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार जनार्दन शुक्ला पुत्र स्व. कमलाकांत शुक्ला उम्र (60) निवासी सखौली मंगलवार की सुबह खेत देखने जा रहें थे तभी घर से सौ मीटर आगे नहर की पटरी पर एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे वह घायल हो गए। घायल होने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचकर उपचार के लिए अहिरौली बाजार एक निजी हॉस्पिटल ले गए, जहां से इलाज कराकर घर वापस आ गए, लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।



## सेवरही थाने में पीस कमेटी की बैठक, ईद व नवरात्रि शांतिपूर्ण मनाने की अपील



**सेवरही, कुशीनगर।** स्थानीय थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी ईद एवं नवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित करते हुए स्थानीय समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की। बैठक में दुमही के प्रधान रामचंद्र राय, पूर्व प्रधान जटाशंकर जायसवाल, विश्वनाथ प्रसाद उर्फ मंत्री जी, व्यापारी नेता अजय गुप्ता, सभासद पप्पू जायसवाल सहित विभिन्न ग्रामों के प्रधान, व्यापारी नेता, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए।

## दूसरे ग्राम सभा में खर्च हुआ सरकारी धन बीडीसी सदस्य की शिकायत से मचा हड़कंप

**कुशीनगर।** पडरौना ब्लॉक में उस समय हड़कंप मच गया जब बीडीसी सदस्य विनोद कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से मिलकर ग्राम पंचायत सरया के प्रधान के खिलाफ गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शपथ पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि सरकारी धन का खुला दुरुपयोग करते हुए ग्राम प्रधान ने अपने गांव की बजाय दूसरे ग्राम पंचायत में गेट का निर्माण करा दिया। शिकायत के मुताबिक, ग्राम प्रधान और सचिव ने सरया से सिधुआ मिश्रौली मार्ग पर एक भव्य गेट बनवाया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि यह गेट सरया ग्राम सभा से करीब 700 मीटर दूर, दूसरे ग्राम पंचायत मिश्रौली की सीमा में खड़ा कर दिया गया। इससे सरकारी धन के इस्तेमाल पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। बीडीसी सदस्य का कहना है कि उन्होंने पहले भी इस मामले को ब्लॉक स्तर पर उठाया था। एडीओ पंचायत ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शिकायत को सही भी पाया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कड़ा रुख अपनाते हुए बीडीओ पडरौना को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

# सोनहा में नगर पंचायत ने लगाया कैंप

- प्राथमिकता से करेंगे समस्याओ ऋचा सिंह

**बृजेश कुमार शुक्ल**



**बस्ती।** सोमवार को नगर पंचायत भानपुर मे आयोजित शिविर में 17 भवन स्वामियों द्वारा कर जमा किया और अन्य भवन स्वामियों को कर जमा करने के लिए छूट की जानकारी दी गई।

नगर पंचायत भानपुर द्वारा सोनहा बाजार में मुख्यमार्ग पर लगाए गए कैंप में नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने आम जनमानस, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों आदि को सम्पत्तिकर की गणना, तथा गृहकर व जलकर के सम्बन्ध में जागरूक किया ।सम्पत्ति कर को जमा करने, करों को लेकर लोगों की भ्रान्तियों को दूर करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी कर की गणना के सापेक्ष सम्पत्तिकर लागू करने व कुल कर का आधा गृहकर व जलकर होने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बताया कि जलकर और जलमूल्य दो अलग व्यवस्था है। जब निकाय द्वारा पाईप सप्लाई से पानी दिया जायेगा तब जलमूल्य लागू किया जायेगा ।

कैंप में उपस्थित लोगो द्वारा क्षेत्रफल की पुनः माप व पुनः मूल्यांकन का अनुरोध गया। कैम्प में कुल 17 लोगो द्वारा कर जमा किया गया। 31 मार्च 2026 तम कर जमा किये जाने पर लोगो को छूट भी दिया जायेगा। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विभिन्न समस्याओं को रखा। अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि चरणबद्ध ढंग से समस्याओं को निराकरण कराया जायेगा। कहा कि नगर पंचायत के माध्यम से विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को पारदर्शी बनाने के लिए जन सहभागिता बढ़ाई जा रही है। पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सीवर जैसी समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराया जा रहा है जिससे नागरिकों को असुविधा न होने पाये।कार्यक्रम में विपिन जायसवाल, दीपक पाण्डेय, मदन गोपाल, मोहम्मद शरीफ के साथ ही निकायकर्मी अविनाश मिश्र, अरूण कुमार, रवि सिंह, शिव कुमार यादव, मुकेश सिंह, नीतीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## रंजना सिंह सभासद मनोनीत



**बस्ती।** राज्यपाल ने नगर पंचायत रूधौली में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' की पत्नी पार्टी की सक्रिय नेता रंजना सिंह को सभासद नियुक्त किया है। रंजना सिंह ने कहा कि जो दायित्व उन्हें मिला है पूरी निष्ठा से उसका पालन करने के साथ ही जन समस्याओं के निदान हेतु प्रभावी पहल की जायेगी।रंजना सिंह को सभासद नियुक्त किये जाने पर पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, कुंवर विक्रम सिंह, रूधौली भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुमित सोनी, प्रदीप सिंह 'पिकूं, राम उग्रह जायसवाल, राकेश शर्मा, अजय मिश्र, विपिन पाण्डेय, प्रतीक सिंह, रजनीश सिंह, अंकित, सृजन, रूपम श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, क्षिप्रा सिंह के साथ ही भाजपा के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# प्रेस क्लब के सदस्यों ने दिवंगत पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि



**अवधनामा संवाददाता**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** प्रेस क्लब/गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (गोजए) इकाई कुशीनगर के तत्वाधान में मंगलवार को कप्तानगंज स्थित मां सुदामा देवी कॉम्प्लेक्स/कैंप कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें दिवंगत पत्रकारों के आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। बता दें कि रामकोला क्षेत्र के पत्रकार शंभू मिश्रा व धनंजय पांडेय की लखनऊ से वापस लौटते समय संत कबीरनगर में सड़क हादसा हो गया था जिसमें शंभू मिश्रा व धनंजय पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पत्रकारों के निधन पर पत्रकारिता क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को कप्तानगंज कैंप कार्यालय में तहसील अध्यक्ष अभिषेक कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकारों के आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में संगठन के संरक्षक गोलू मिश्रा, जिला प्रभारी दिनेश यादव, जिला सह प्रभारी बेचू बीए, जिला सहप्रभारी नवजीत सिंह, महामंत्री मनोज कुमार गुप्त, जिला सचिव याग्वेंद्र कुमार मिश्र, ब्रजेश कुमार सिंह, सूचना मंत्री कृष्ण कुमार सिंह, शकील अहमद, पन्नेलाल निगम, शिवेष कुमार तिवारी, अमित यादव सहित दर्जनों पत्रकार बैठक में उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

- सैकड़ों महिलाओं को मिला स्वास्थ्य और जागरूकता का लाभ
- टीबी मरीजों को दी गई पोषण पोटली
- परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति किया गया जागरूक
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सीएचसी मुस्तफाबाद, जरवल के प्रांगण में मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से स्वास्थ्य विभाग और पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण को समर्पित इस मेले में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

मेले में कुल 754 लोगों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 722 महिला व पुरुष तथा 32 किशोर-किशोरियां शामिल रहीं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने 350 मरीजों की इंटरनल मेडिकल ओपीडी तथा 240 सामान्य मेडिकल ओपीडी में जांच की। इसके अलावा 42 किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

स्वास्थ्य मेले में 43 पुरुषों को परिवार नियोजन पर विशेष परामर्श दिया गया, जबकि महिला और पुरुष मिलाकर 50 लाभार्थियों को परिवार नियोजन साधनों के साथ परामर्श उपलब्ध कराया गया। पात्र लाभार्थियों के 33 आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए, ताकि उन्हें जरूरत पड़ने पर निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके।

मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, समूह सखी और स्वास्थ्य सखियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभाव, परिवार नियोजन के महत्व और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने के प्रति जागरूक किया गया। टीबी मरीजों को पोषण सहयोग के लिए पोषण पोटली भी वितरित की गई।

मेले को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि महिला दिवस आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों का प्रतीक है। एक स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की नींव रखती है।

वहीं उपायुक्त (स्वतरू रोजगार) धनंजय सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और आजीविका एक-दूसरे के पूरक हैं और हमारा लक्ष्य महिलाओं को शारीरिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य मेले ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि सभी पात्र परिवारों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनें, ताकि कोई भी गरीब इलाज से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 65 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीएफआई की राज्य प्रतिनिधि शिल्पा नायर, खंड विकास अधिकारी जरवल, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीसीपीएम मो. राशिद, आरकेएसके से राकेश गुप्ता, मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार तथा पीएफआई के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने गैस एजेन्सी स्वामियों के साथ की बैठक

- कालाबाजारी करने पर लाइसेंस रद्द करने की दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कलैक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनपद के सभी गैस एजेन्सी स्वामियों के साथ महत्वपूर्ण आपात बैठक की, बैठक में जिलाधिकारी ने घरेलू गैस की आपूर्ति व्यवस्था और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर कडे दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गैस एजेन्सियों के बाहर आम नागरिकों की लम्बी लाइनें किसी भी आधार पर नही लगनी चाहिए, उपभोक्ताओं को सुचारू और समयबद्ध तरीके से गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराना एजेन्सी मालिकों की जिम्मेदारी है। बैठक में जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास पी0एन0जी0 (पाइप नेचुरल गैस) के कनेक्शन है, उनकी सघन जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए की वह अवैध रूप से एल0पी0जी0 के सिलेण्डर का उपयोग तो नही कर रहे है, यदि ऐसा पाया जाता है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वितरण रजिस्टर से प्रतिदिन रैण्डम आधार पर 50 उपभोक्ताओं से टेलीफोन पर वार्ता की जाए, फीडबैक के जरीए यह पुष्टि की जाएगी की गैस सही व्यक्ति तक पहुंच रहीं है या नही, वितरण में कोई अनियमितता तो नही है।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी की, जिले में गैस की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में स्वीकार नही है, यदि किसी भी गैस एजेन्सी मालिक की, संलिप्तता कालाबाजारी में पाई गयी, तो उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रदद् कर दिया जाएगा, जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराऐं और गैस एजेन्सियों का आकास्मिक निरीक्षण करें, इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा भी उपस्थित रहें।

# हज 2026 की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को उपलब्ध करायी जायेगी स्मार्टवाच

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज-2026 की यात्रा के सम्बन्ध में उ.प्र. राज्य हज समिति द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा तीसरी एवं अन्तिम किश्त के रुप में जमा की जानी वाली धनराशि में कैटरिंग की धनराशि सम्मिलित नहीं होगी। जो हज यात्रियों को बाद में जमा करनी होगी। हज 2026 में मक्के में स्वयं बिल्डिंग में किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है सभी हज यात्रियों को कैटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत खान-पान उपलब्ध करायी जायेगी। जिसके लिए हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई एक कामन फूड का चयन कैटरिंग सेवा हेतु विचार किया जा रहा है।

मो. खालिद ने बताया कि हज 2026 में जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल पर बुकिंग उपरान्त प्रपत्रों के वितरण के समय एक स्मार्टवाच भी उपलब्ध करायी जायेगी। यह स्मार्टवाच डाटा केबिल से रिचार्ज होगी। जिसे हज यात्रा हेतु प्रस्थान करने उपरान्त प्रत्येक हज यात्री को अपनी कलाई पर पहनना आवश्यक होगा। इस स्मार्टवाच में यात्री के यात्रा से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा। स्मार्टवाच इण्डिया में काम नही करेगी सऊदी अरब पहुंचने उपरान्त ही स्वतः एक्टिवेट हो जायेगी।

यह स्मार्टवाच जीपीएस से कनेक्ट होगी जिससे यात्री के बिछड़ जाने अथवा किसी अन्य समस्या होने पर इसमें लगे बटन को यात्री द्वारा दबाते ही सीधे कन्ट्रोल रुम में सिगनल पहुंच जायेगा। जिससे यात्री की सही लोकेशन पत्ता लगाने उपरान्त उसकी समस्या निवारण किया जाना सम्भव हो सकेगा। हज यात्रियों को अपनी स्मार्टवाच की चार्जिंग पूर्ण रखने का सुझाव दिया गया क्योंकि स्मार्ट वाच के डिस्चार्ज होने पर यह कार्य नहीं करेगी जिससे यात्री को आवश्यकता पड़ने पर असुविधा होगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी हज यात्रियों को उड़ान तिथि आवंटित हो चुकी है। यात्रियों को उड़ान तिथि से दो दिवस पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुंचकर अपनी फ्लाइट की बुकिंग कम्फर्म कराना आवश्यक होगा। बुकिंग कर्न्फमेशन हेतु यात्री अपने सगे-सम्बन्धी को भेजकर भी करा सकते हैं परन्तु उड़ान तिथि से 24 घण्टे पूर्ण यात्री को उड़ान स्थल पहुंचना होगा। यात्रा से सम्बन्धित प्रपत्र सम्बन्धित यात्री को उपलब्ध कराये जायेंगे।

हज 2026 हेतु चयनित हज यात्रियों से पासपोर्ट पहले से जमा नहीं कराये गये हैं बुकिंग के समय प्रत्येक हज यात्री को अपना पासपोर्ट लाना आवश्यक होगा।

# ऋतिक के पिता बोले मेरे बेटे को फंसाया गया

- सालों से पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था ऋतिक : क्षेत्राधिकार

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना कटरा क्षेत्र के निवासी एक युवक पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप लगे हैं जिसे गाजियाबाद पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया है अब इस मामले में जेल गए ऋतिक गंगवार के पिता की प्रतिक्रिया सामने आई है ऋतिक गंगवार थाना कटरा क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव का रहने वाला था और जिस पर आरोप है कि एक वर्ष से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले गिरोह में सक्रिय था। गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र के गोवापुर इलाके में गिरोह बनाकर पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे वहां के सोहेल खां और संभल जिले के ट्रक ड्राइवर फैजान की पत्नी इरम खातून के साथ ऋतिक को वहां की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि ऋतिक गंगवार अपने व्हाट्सएप्प नंबरों से संवेदनशील स्थानों के फोटो वीडियो आरोपियों की मदद से पाकिस्तान के आतंकियों को भेजता था जब उसके गांव और पास पड़ोस के लोगों को जानकारी हुई कि ऋतिक पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के मामले में जेल चला गया है तो लोगों ने उसके परिवार वालों से संपर्क किया तो बेहद गंभीर मामले में जेल गए ऋतिक गंगवार के पिता लालता प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने कहा मेरे बेटे को गांव के ही लोगों ने रंजिशन फंसवाया है जासूसी के मामले को उन्होंने फर्जी ठहराया है उधर क्षेत्राधिकार तिलहर ज्योति यादव ने बताया जानकारी में आया है कि ऋतिक गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र में पाक के लिए जासूसी करने वाले वाले गिरोह के सदस्य के रूप में पिछले एक साल से काम कर रहा था।

## बिजली का बिल भरने के बाद भी बिजली काटने पर उपभोक्ताओं ने काटा हंगामा

**टूंडला/फिरोजाबाद** विद्युत वितरण उप खंड अधिकारी नगर टूंडला पर सोमवार सायं को विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जमा होने के बाद भी विद्युत विभाग ने विद्युत बिल दोबारा से उपभोक्ताओं को भेजने पर व लाइट काट देने से उपभोक्ताओं ने बिजली ऑफिस पर आकर हंगामा काटा इस दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे। इस दौरान विद्युत उपभोक्ता डा0 योगेश अग्रवाल प्रवीन कुमार उपाध्याय उत्तम कुमार शर्मा सुरेश चन्द्र आदित्य कुमार, प्रवीन उपाध्याय आदि ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली का बिल भरने के बाद भी उनके घर पर दोबारा से उपभोक्ताओं का बिजली का बिल भेज दिया, और लाइट काट दी जिससे गर्मी के मौसम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने सोमवार सायं विद्युत ऑफिस टूंडला पर आकर जमकर किया और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा काटा। इस दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओ की भीड़ लगी रही वही पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी कर मामला शांत कराया।

# स्मार्ट सिटी की पोल खुली! फुटपाथ पर भूमाफियाओं का कब्जा

- करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट रोड बनाई गई, तो उसकी निगरानी और रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी है ?

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शहर का बहुप्रचारित स्मार्ट रोड, सुभाष तिराहा से एस0एन0 होते हुए तिकोनिया तक एक बार फिर अव्यवस्था और अतिक्रमण का शिकार होती नजर आ रही है। करीब 28.5 करोड़ की लागत से बने इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य आधुनिक सुविधा देने के साथ-साथ पैदल चलने वालों के लिए एक सुव्यवस्थित फुटपाथ देना था, लेकिन आज हालात इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रहे हैं। ताजा स्थिति यह है कि फुटपाथ, जो पैदल चलने वालों के लिए बनाया गया था, अब कब्जाधारियों के उपयोग में आ गया है। जगह-जगह मिट्टी डालकर रास्ता ऊंचा कर दिया गया है और लोहे की जाली व निर्माण सामग्री डालकर तथा अतिक्रमणों के अम्बार लगाकर पैदल मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे आम नागरिकों को मजबूर होकर सड़क पर चलना पड़ रहा है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि यह सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार नगर निगम आंखें मूंदे बैठा है। राहगीरों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट रोड बनाई गई, तो उसकी निगरानी और रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी है ? क्या प्रशासन को यह अवैध कब्जा दिखाई नहीं दे रहा, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है ? शहरवासियों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाकर फुटपाथ को खाली कराया जाए और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अन्यथा यह स्मार्ट रोड केवल नाम की ही ÷स्मार्ट रोड÷ बनकर रह जाएगी।

## नरायनपुर के छात्रों ने अयोध्या मंडल में जीते दो गोल्ड

**भदैंया/सुल्तानपुर।** अयोध्या मंडल में आयोजित राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के भदैया ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है।टेबल टेनिस में बालिका वर्ग से कृतिका शर्मा, रिचा यादव और लवी पाल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, बालक वर्ग में मंजीत और ऋषभ शुक्ला ने भी टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीते। हैंडबॉल प्रतियोगिता में रिचा यादव और तनु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक दिलाया। इन मेधावी छात्रों के विद्यालय लौटने पर परीक्षा के उपरांत एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, मुनेंद्र मिश्रा, इंद्रभान यादव, हरिकेश्वर सिंह, गीता मौर्य और अनुपम यादव शामिल थे। विद्यालय की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने छात्रों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया।

# ओसीएफ मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** ओसीएफ के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति में कुल 251 जोड़ों 211 हिन्दू एवं 40 मुस्लिम का विवाह सम्पन्न कराया गया। उपस्थित समस्त नवयुगलों को उनके नव दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं। अपने सम्बोधन में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि जिन नव जोड़ों का विवाह सम्पन्न हो रहा है, उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता एवं उपहार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक तरीके से सम्पन्न कराना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई-लिखाई तथा विवाह तक की जिम्मेदारी सरकार ने ली है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक कन्या के खाते में 60,000 की एफडी कराई जाती है। इसके अतिरिक्त 25,000 की राशि से विवाह उपयोगी सामग्री जैसे साड़ी, पायल, बिछिया, बर्तन, पंखा, गद्दा आदि प्रदान किए जाते हैं। साथ ही 15,000 की धनराशि का उपयोग विवाह कार्यक्रम की व्यवस्था में किया गया है इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष, ममता यादव, डी0सी0बी0 चेयरमैन डी0पी0एस0 राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत भावलखेडा राजाराम एवं निगोही,पूर्व अध्यक्ष सफाई आयोग सुरेन्द्र बाल्मीकि, छावनी परिषद सभासद अवधेश कुमार दीक्षित, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, नगर निगम, जिला परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी तथा राजेश कुमार शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

## भरत का चरित्र और त्याग सबसे बड़ा आदर्श है

**कादीपुर/सुलतानपुर।** स्थानी बाजार मुस्तफाबाद सरैया मे भव्य संगीतमयी राम कथा के तीसरे दिन सुल्तानपुर से पधारे बाल व्यास संपूर्णानंद जी महाराज ने भरत के चरित्र को विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि भरत का त्याग और प्रेम ही सबसे बड़ा आदर्श है। रामचरितमानस में सबसे बड़ा त्याग कोई किया है तो वह है भरत जी भरत का चरित्र सुनते ही उपस्थित जनता भाव विभोर हो गई। जौनपुर से पधारे बाबा बजरंग दास जी महाराज ने केवट और राम का बहुत ही मार्मिक प्रसंग सुनाया। और अपने भजन के माध्यम से कहा कि जादू बा तोहरी चरणीय में बहुत ही अच्छी भजन के माध्यम से लोग मंत्र मुगध हो गए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद दुबे लालमणि सिंह अमल धारी सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषिकेश ओझा अंकित मिश्रा मनोज पांडे रमेश तिवारी अशोक तिवारी का श्रीराम अग्रहरि हरि पांडे लाल जी पांडे दिवाकर पांडे बबलू पांडे वेद प्रकाश पांडे मनोज पांडे विजय अग्रहरी दिनेश पांडे गंगापुर भुलिया हिमांशु पांडे राम बहादुर चौहान गंगा राम विश्वकर्मा राम जी मिश्रा प्रेम शंकर पांडे कृष्ण कुमार तिवारी मोनू गिरि सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा भुगतान में भारी देरी पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मनरेगा मजदूरों के लंबित भुगतान को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जुलूस निकाल कर विकास भवन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला विकास अधिकारी को सौंपा। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में हुआ। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने केंद्र व राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को पिछले 75 दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, सिर्फ उत्तर प्रदेश में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसके साथ ही योजना को जमीन पर संचालित करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को पिछले 8 महीनों से मानदेय न मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

कांग्रेस ने मनरेगा मजदुरी भुगतान में देरी के कारण गरीब मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे वे होली जैसे त्योहार भी ठीक से नहीं मना सके और अब अन्य त्योहारों पर भी इसका असर पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने मांग की है कि मनरेगा मजदूरों के 75 दिनों के लंबित मजदूरी का भुगतान तत्काल कराया जाए। ग्राम रोजगार सेवकों व संविदा कर्मियों के 8 माह से लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान किया जाए। भुगतान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा प्रदेश में लंबित लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का भुगतान तुरंत जारी किया जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि मजदूरों का हक मारने वाली सरकार जवाब दे, अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। पूर्व प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर गरीबों को संकट में डालने की साजिश अब नहीं चलेगी। वरिष्ठ नेता सलाउद्दीन हाशमी ने कहा कि सरकार मजदूर विरोधी नीति पर चल रही है, कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी। पीसीसी सदस्य हौसला भीम ने कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन कर सरकार को झुकाया जाएगा। अंत में कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सरदार रणजीत सिंह सलूजा, कुमारी निकलेश सरोज,युवा कांग्रेस के मानस तिवारी, शरद श्रीवास्तव, नंद लाल मौर्य, हाजी फिरोज अहमद, हामिद राईनी, मनोज तिवारी प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर जनपद-बिजनौर

दूरभाषः 01342-260073 ई0 मेल-eonppbijnor@gmail.com

पत्रांक सं0 : 392/न0पा0परि0बिज0/2025-26 दिनांक-13/03/2026

### दर आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् बिजनौर द्वारा संचालित कान्हा गौ-आश्रय स्थल स्थित प्रदर्शनी मैदान बिजनौर में संरक्षित गोवंशो के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूसा क्रय करने की इच्छुक है जिसमें अनुमानित 2126 कुन्तल भूसे की आवश्यकता है जिसके लिए ठेकेदार/फर्म अपनी भूसा प्रति कुन्तल दरों की बंद निविदा समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 23/03/2026 व समय प्रातः 11:00 बजे तक पालिका कार्यालय के सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्**
**बिजनौर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर जनपद-बिजनौर

दूरभाषः 01342-260073 ई0 मेल-eonppbijnor@gmail.com

पत्रांक सं0 : 393/न0पा0परि0बिज0/2025-26 दिनांक-13/03/2026

### दर आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् बिजनौर द्वारा संचालित कान्हा गौ-आश्रय स्थल स्थित प्रदर्शनी मैदान बिजनौर में संरक्षित गोवंशो के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में हरा चारा क्रय करने की इच्छुक है जिसमें अनुमानित 14588 कुन्तल हरा-चारे की आवश्यकता है जिसके लिए ठेकेदार/फर्म अपनी हरा चारा प्रति कुन्तल दरों की बंद निविदा समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 23/03/2026 व समय प्रातः 11:00 बजे तक पालिका कार्यालय के सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्**
**बिजनौर**

# आजीवन कारावास भुगत रहे कैदी के एडवांस्ड ओरल कैंसर का सफल ऑपरेशन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस)के चिकित्सकों ने एक बार फिर अपनी चिकित्सीय दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी के एडवांस्ड ओरल मैलिग्नेंसी (कैंसर) का सफल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी प्रदान की है। अत्यंत जटिल मानी जाने वाली इस सर्जरी को ईएनटी विभाग और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार संबंधित कैदी भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। चिकित्सकों ने बिना किसी भेदभाव के मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उसका उपचार किया। ईएनटी विभाग के डॉ.तेजस्वी गुप्ता, डॉ.संजीव यादव, डॉ. वीरेंद्र एवं डॉ.स्वप्निल की टीम ने ऑपरेशन के दौरान सेगमेंटल मैंडिबुलेक्टॉमी और नेक डिसेक्शन की। इसके पश्चात प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ.अतुल और डॉ.भूपेश ने फ्लैप तकनीक से जबड़े का पुनर्निर्माण किया। यह जटिल सर्जरी लगभग 8 घंटे तक चली। ऑपरेशन के बाद मरीज को दो दिन आईसीयू में निगरानी में रखा गया, जिसके बाद उसे ईएनटी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर है और वह धीरे-धीरे सामान्य रूप से भोजन ग्रहण कर रहा है।

डॉ.तेजस्वी गुप्ता ने बताया कि मरीज लंबे समय से निचले जबड़े में बने अल्सर से परेशान था। जांच के दौरान की गई बायोप्सी में ओरल कैंसर की पुष्टि हुई, जिसके बाद विशेषज्ञ टीम ने योजना बनाकर सर्जरी की। उन्होंने इस सफलता के लिए ऑपरेशन थिएटर और वार्ड स्टाफ के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान जेल प्रशासन ने भी उपचार एवं सुरक्षा व्यवस्था में पूरा सहयोग दिया।

यूपीयूएमएस सैफई के कुलपति प्रो.(डॉ.)अजय सिंह ने इस जटिल सर्जरी की सफलता पर ईएनटी और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम को बधाई दी एवं ऐसे कई अन्य जटिल रोगों के उच्चतम श्रेणी के उपचार के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता ज़ाहिर की।

## जिला गंगा समिति में नये सदस्यों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में मांगे गए आवेदन

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि जिला गंगा समिति में दो श्रेणियों में नये सदस्यों को नामित किया जाना है। जिसके लिए जनपद के नागारिक आवेदन कर सकते है। प्रथम श्रेणी में ब्लॉक सांडी के तेरवा पुरसौली, जैतपुर, मंसूरपुर, उमरौली, और नगरा साहसी छोछपुर, कटरी छोछपुर, चंद्रपुर पंसाला, ब्लॉक बिलग्राम में कटरी बिछुईया, कटरी परसोला, कटरी बिलुही (जरैला), कटरी छिबरामऊ, मयौरा(कटरी महदेवा), ब्लाक माधौगंज में कुतुआपुर सिसला, माहिमपुर और मगरहा, ब्लॉक मल्लावां में मंसूरनगर, शाहपुर पंवार पंसाला, शाहपुर पंवार सिसला। द्वितीय श्रेणी में वांच्छनीय अहर्ता जिसमें जिले के समस्त सम्मानित व्यापारीगण जिनके द्वारा नदी संरक्षण, जल संरक्षण, परम्परागत जलस्त्रोतों का संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य किया गया हो। उन्होंने बताया कि उपरोक्त श्रेणियों में आवेदन करने हेतु, विस्तृत बायोडाटा के साथ कार्य आख्या सहित आवेदन कार्यालय प्रभागीय निदेशक/सदस्य संयोजक, जिला गंगा समिति को प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के अंदर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन प्रेषित किया जा सकता है।

# पर्यावरणीय लोक सुनवाई संपन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** एनसीएल बीना क्षेत्र की उत्पादन क्षमता विस्तार से संबंधित पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 17 मार्च 2026 को बीना स्टेडियम, बीना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह लोक सुनवाई उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी), सोनभद्र के रीजनल ऑफिस द्वारा आयोजित की गई।प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत बीना क्षेत्र की उत्पादन क्षमता को 10.50 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 17.50 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने तथा एमएल क्षेत्र को 1790.377 हेक्टेयर से बढ़ाकर 2079.221 हेक्टेयर किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुई इस लोक सुनवाई की अध्यक्षता रमेश चंद्र, अपर कलेक्टर (न्यायिक), सोनभद्र ने की, जबकि संचालन आर. के. सिंह, रीजनल ऑफिसर, यूपीपीसीबी, सोनभद्र द्वारा किया गया। लोक सुनवाई के दौरान परियोजना विस्तार से प्रभावित एवं क्षेत्रीय रहवासियों ने मंच से एवं लिखित माध्यम से अपने सुझाव, विचार एवं टीका-टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर परियोजना से जुड़े सक्षम अधिकारियों ने जनता द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों एवं प्रश्नों पर विस्तृत जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्रदान किया। सुनवाई में उपस्थित नागरिकों ने पर्यावरण, रोजगार, पुनर्वास, स्वास्थ्य एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर अपनी राय दर्ज कराई। प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राप्त सभी सुझावों एवं आपत्तियों को नियमानुसार अभिलेख में दर्ज किया गया।

## माकपा ने रसोई गैस की किल्लत और आलू किसानो की मांगों पर प्रदर्शन किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कचहरी पर प्रदर्शन कर रसोई गैस की सप्लाई सुनिश्चित करने, कालाबाजारी रोकने और मूल्य वृद्वि वापसी तथा आलू की एमएसपी 1650 रू.प्रति कुंतल करने, खरीद की गारंटी, कोल्ड स्टोर के भाडा में रियायत आदि मांगे उठाते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किए। 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने बाली जनआक्रोश रैली में इन मुददों को उठाया जायेगा। ज्यादा से ज्यादा लोगो को पहुंचने की अपील की गयी। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्तमंत्री एवं प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह, माकपा जिलामंत्री नाथूराम यादव, आशा-रसोइया यूनियन के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य, माकपा के वरिष्ठ नेता प्रेमशंकर यादव, किसान सभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य, जिलाध्यक्ष रामबृजेश यादव, कोषाध्यक्ष डा.शौकीन सिंह, नौजवान सभा के जिलामंत्री मोनू यादव, नरेन्द्र सिंह शाक्य, अभिषेक राजपूत, शैलेन्द्र शाक्य एड.ओपी सिंह, शकुंतला, सकट नरायण सविता आदि ने भी विचार व्यक्त किए। माकपा कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए मांगो के समर्थन में नारा लगाते हुए कचहरी पहुंचकर ज्ञापन दिया।

## मस्जिद राईन में हाफिज़ कैफ ने मुकम्मल किया कुरआन-ए-पाक, लोगों ने दी मुबारकबाद



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** मस्जिद राईन साबितगंज में छब्बीस रमजान-उल-मुबारक को कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। कुरआन पाक मुकम्मल होने के बाद मेहफ़िल में हाफिज कैफ रज़ा ने अपने शानदार अंदाज में नात शरीफ सुनाई। हाफिज़ कैफ सहित शहर के उलमाए इकराम व हाफिज़ साहिबान की गुलपोशी कर लोगों ने मुबारकबाद दी। इस ख़ास मौके पर मौलाना जाहिद रजा, मौलाना फुरकान आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कुरआन-ए-पाक मुकम्मल होने पर हाफिज़ हुसैन वारिस वारसी को लोगों ने दी मुबारकबाद



**इटावा (वहाज अली निहाल)** नबी सल्ल.ने फरमाया रमज़ान वो मौसम है जहां तौबा के फूल खिलते हैं और गुनाह मुरझा जाते है। तिलावत, इबादत, रहमतों, बरकतों और गुनाहों से तौबा करने का पाक महीना रमज़ान-उल-मुबारक के तीसरे और आख़री अशरे व छब्बीस रमज़ान मुबारक को रामगंज चौराहे पर स्थित ऊंची मस्जिद में तरावीह की नमाज़ में कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। कुरआन पाक मुकम्मल होने पर दानिश वारसी के बेटे हाफिज़ हुसैन वारिस वारसी को उलमाए इकराम, नमाज़ियों व शहर के काफी संख्या में लोगों ने इस मुबारक मौके पर गुलपोशी की और गले मिलकर मुबारकबाद दी। आख़िर में मस्जिद पंजाबियान के पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने सभी के हक़ में दुआ की और महफ़िल में बैठे लोगों ने कहा आमीन। हाफिज़ वारसी साहब की हौसला अफज़ाई में पहुंचे सभी लोगों का दानिश वारसी ने तहे-दिल से शुक्रिया अदा किया।

## ओटीपी की समस्या से गैस वितरण प्रभावित, होटलों में फिर जलने लगी भट्ठियां

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य होने के बावजूद बुकिंग और ओटीपी की समस्या के कारण गैस वितरण में परेशानी हो रही है। इसके चलते डोर-टू-डोर सिलेंडर वितरण फिलहाल रोक दिया गया है। कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी के संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया कि सप्ताह में एक-दो दिन छोड़कर नियमित रूप से गैस की गाड़ी आ रही है, लेकिन ओटीपी और बुकिंग की दिक्कत के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। फिलहाल एजेंसी से ही सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। उधर गैस की परेशानी के चलते कई होटल संचालकों ने लकड़ी की भट्ठियों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। रेलवे स्टेशन के पास होटल चलाने वाले बाबू गुप्ता ने बताया कि गैस की दिक्कत के बाद उन्होंने फिर से भट्ठी जलानी शुरू कर दी है।

# प्रदेश सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर किया जायेगा मेला/प्रर्दशनी

**प्रर्दशनी में लोगों को लाभप्रद योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी-सान्या छाबड़ा**

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** प्रदेश सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर कल दिनांक-18 मार्च 2026 को गांधी भवन परिसर में आयोजित होने वाले मेले एवं प्रर्दशनी के सम्बन्ध में एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कल गांधी भवन परिसर में स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, मत्स्य, गन्ना, शिक्षा, नेडा, डूडा, जल निगम, जिला पंचायत, पुलिस विभाग आदि द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाये जायेगें और मेले में आने वाले लोगों को विभागीय लाभप्रद योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होने कहा कि मेले में बैनर, होन्डिग, वीडियो व फोटोग्राफी तथा एक एलईडी की व्यवस्था जिला सूचना विभाग द्वारा कराई जायेगी। सीडीओ ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कल प्रातः नौ बजे तक अपने-अपने स्टाल पूरी तरह तैयार करा लें। उन्होने कहा कि इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र आदि प्रदान किये जायेगें। बैठक में डीडी कृषि, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

# मनरेगा मजदूरों के लंबित भुगतानों को लेकर कांग्रेसियों ने किया विकास भवन का घेराव

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** मनरेगा मज़दूरों को 75 दिनों से मजदूरी न मिलने के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस जनों ने विकास भवन का घेराव करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया कि केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ मज़दूर विरोधी बीजेपी सरकार ने उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले लगभग 1 करोड़ मज़दूर परिवारों को पिछले 75 दिनों से उनकी मज़दूरी का भुगतान नहीं किया है। आज की तारीख़ में उत्तर प्रदेश में लगभग 2 हज़ार करोड़ रुपये का मनरेगा का भुगतान लंबित है। इसके साथ ही इस योजना को ज़मीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोज़गार सेवकों सहित लगभग 40, 000 संविदा कर्मियों को भी पिछले 8 महीनों से औसतन उनका मानदेय नहीं दिया है। ऐसी गंभीर परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से मांग करती है कि शीघ्रातिशीघ्र उक्त भुगतानों को कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस पार्टी ग़रीब मनरेगा मज़दूरों के हित में देश एवं प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, करण सिंह राजपूत, प्रशांत तिवारी, अरुण यादव, कुसुम लता उपाध्याय, अमित त्रिपाठी अंबुज आशाराम कठेरिया, विष्णुकान्त मिश्रा, सुनीता कुशवाहा, आसिफ जादरान, अनुराग कर्ण दीक्षा शुक्ला, अंसार अहमद, सुहेल वारसी, रणवीर सिंह यादव, सिद्धनाथ यादव एडवोकेट, सरन ऋषिश्वर, सुरेंद्र सिंह चौहान, अजहरुद्दीन, कान्ती एवं शारदा आदि उपस्थित रहे।

## प्रमुख स्थानों पर लगे वाटर कूलर खराब, राहगीर परेशान



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** गर्मी की शुरुआत के साथ ही कस्बे में राहगीरों के लिए पेयजल की समस्या बढ़ने लगी है। नगर पंचायत द्वारा पिछले वर्ष लगाए गए अधिकांश वाटर कूलर खराब पड़े होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत ने रेलवे स्टेशन, देवगांव चौराहा, थाना चौराहा, नगर पंचायत कार्यालय के सामने तथा रामलीला मैदान सहित कई प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए थे। मंगलवार को रेलवे स्टेशन के बाहर लगा वाटर कूलर खराब पाया गया। स्थानीय निवासी राजकुमार चौरसिया, बाबू गुप्ता, नंगू गुप्ता और दादू गुप्ता ने बताया कि यह वाटर कूलर कई महीनों से खराब पड़ा है और शिकायत के बावजूद इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इसके कारण राहगीरों को पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जल्द ही खराब पड़े वाटर कूलरों को ठीक कराया जाएगा।

## सलफास खाने से युवती की हालत बिगड़ी

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के सिचौली पुरवा मोहल्ले में एक युवती द्वारा सलफास की गोली खा लेने से हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लेकर पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सिचौली पुरवा निवासी खुशबू (21) पुत्री भगवती प्रसाद ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी सलफास की गोली खा ली। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजन उसे तत्काल सीएचसी मौदहा ले गए।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल युवती का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सलफास खाने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

## रमेश जायसवाल को सोनभद्र नगरपालिका में मनोनीत सभासद नियुक्त किया गया



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के अनुमोदन पर नगर पालिका परिषद सोनभद्र के लिए मनोनीत सभासदों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता और समाजसेवी रमेश जायसवाल को मनोनीत सभासद नामित किया गया है। नगर विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, रमेश जायसवाल की यह नियुक्ति उनकी कार्यक्षमता और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए की गई है। राज्यपाल के आदेशानुसार, वे अब नगरपालिका के विकास कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे और जनसमस्याओं के निस्तारण में परिषद का सहयोग करेंगे। रमेश जायसवाल के मनोनयन की खबर मिलते ही जनपद और नगरपालिका क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनके परिषद में आने से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। रमेश जायसवाल ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए सेवा का एक नया माध्यम है। मैं माननीय राज्यपाल और शासन का आभार व्यक्त करता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि सोनभद्र नगरपालिका के विकास और जनहित के मुद्दों को पूरी मजबूती से उठाऊँगा।÷

## जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स का द्वितीय दिवस प्रशिक्षण सम्पन्न

**सोनभद्र।** ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के महामना मदन मोहन मालवीय सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत ÷मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना÷ कार्य हेतु चयनित फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को डिजिटल जनगणना के तकनीकी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के ज़िला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी, प्रियासा सिंह, मास्टर ट्रेनर डॉ. के.एन. उपाध्याय एवं सौरभ सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने एचएलओ मोबाइल ऐप की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया, ऐप को प्रारंभ करने की विधि तथा चरणबद्ध तरीके से उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।

## फरसे से हमला कर किसान को रेलवे पटरी पर फेंका, ग्रामीणों ने बचाई जान

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव में एक किसान पर फरसे और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने किसान को अधमरा कर रेलवे पटरी पर फेंक दिया। ग्राम करहिया निवासी विश्वनाथ पुत्र विश्राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च की रात करीब आठ बजे वह अपने खेत में थे। तभी गांव के ही पप्पू व मोनू पुत्र छोटेलाल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने फरसे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावर उन्हें रेलवे पटरी पर डालकर फरार हो गए। कुछ देर बाद खेतों की ओर जा रहे किसानों ने घायल किसान को देखकर पटरी से हटाया और परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी मौदहा ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के बैनर तले सोमवार की शाम नगर स्थित पृथ्वी बैंक्विट में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर बतौर अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित अजय शेखर ,वर्तमान विधायक सदर भूपेश चौबे, पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने अंग वस्त्र प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के व्यापारियों में अलग ही उत्साह देखने को मिला लोगों ने एक दूसरे को रंग- गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एक दूजे से गले मिलकर अभिवादन करने के साथ ही फागुनी रंग की बयार में मदमस्त भाव से गीत -संगीत के बीच गोते लगाते रहे लोग होली आई रे कन्हाई एवं होली के दिन दिल खिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाते हैं जैसे गीतों पर थिरकता नजर आया पूरा समूह । इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष ने अपने स्वागत भाषण में पदाधिकारीयों को साधुवाद देते हुए कहा कि कर्मठ एवं समर्पित पदाधिकारीयों के कारण ही हमारा संगठन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# एक युग का अंत, मास्टर नजमुद्दीन का निधन

**मंगलवार की रात नम आंखों के साथ सुपुर्द-ए-खाक**

**अवधनामा संवाददाता**




**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला इलाही तालाब निवासी तथा रहमानिया इंटर कॉलेज के पूर्व अंग्रेजी प्रवक्ता मास्टर नजमुद्दीन का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए नगर के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मास्टर नजमुद्दीन ने लगभग पांच दशकों तक विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय की शिक्षा दी। बेहद कम फीस और सादगीपूर्ण जीवन के साथ उन्होंने अंतिम समय तक विद्यार्थियों को पढ़ाने का सिलसिला जारी रखा। उनके पढ़ाए हुए छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं और अपने गुरु को सम्मान के साथ याद कर रहे हैं। छात्रों के बीच उनका मशहूर जुमला "All are taught by me" अक्सर सुनने को मिलता था, जो उनकी शिक्षण शैली और आत्मविश्वास को दर्शाता था। उनके निधन से मौदहा ने शिक्षा जगत की एक प्रतिष्ठित और समर्पित शख्सियत को खो दिया है।

मंगलवार की रात करीब 9 बजे उन्हें नम आंखों के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई देने के लिए नगर के गणमान्य लोग, उनके पूर्व छात्र और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे और सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हमीरपुर महोत्सव 23 से 27 मार्च तक, संस्कृति और विरासत का होगा प्रदर्शन

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जनपद में 23 से 27 मार्च तक चौरा देवी प्रांगण में हमीरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य जिले की संस्कृति और विरासत का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। इस दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल तथा अन्य जनपदों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ड्रोन शो, स्पेस लैबोरेटरी, प्लेनेटोरियम, भजन संध्या, कॉमेडी नाइट्स, यमुना आरती, लोक नृत्य और लोक संगीत जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा किसान, वन एवं पर्यावरण विषयक गोष्ठियां भी आयोजित होंगी।

प्रेस वार्ता में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 66 शिकायतें

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेंशन तथा दो बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेउ्ट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर दिल्ली में संसद घेराव के लिए हमीरपुर से पहुंचे यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में संसद घेराव प्रदर्शन में हिस्सा लिया। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी के साथ हमीरपुर जनपद के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। यूथ कांग्रेस के हमीरपुर जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र ने बताया कि दिल्ली पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने संसद घेराव में भाग लेते हुए एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान किसानों, युवाओं और छोटे कारोबारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए एलपीजी गैस की समस्या का जल्द समाधान किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किल्लत दूर नहीं की गई तो यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश भर में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

# सिंगरौली में 90 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय, मध्य प्रदेश द्वारा दिनांक 17 मार्च 2026 को क्षेत्रीय श्रम संस्थान (RLI) में एक वृहद औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में सिंगरौली,सतना,रीवा सीधी शहडोल एवं अनूपपुर जिलों की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से 90 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगरौली के माननीय कलेक्टर गौरव बेनल द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, मध्य प्रदेश की निदेशक नमिता तिवारी तथा एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी एवं जिला कलेक्टर (सिंगरौली) गौरव बेनल ने किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश की निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा) नमिता तिवारी भी उपस्थित थीं। परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) संजीब कुमार साहा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) और आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने संबोधन में कलेक्टर गौरव बेनल ने सतत औद्योगिक विकास के लिए सुरक्षा मानकों के पालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उद्योगों में कार्यरत कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सड़क सुरक्षा एवं खदान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। नमिता तिवारी ने नवीन व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल परिस्थितियां (OSH) संहिता के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सुरक्षा घटनाओं की पारदर्शी रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने श्री, श्रम स्टार रेटिंग प्रणाली, हर्ट-फ्री डेज एवं आरोह फायर ऑडिट जैसी महत्वपूर्ण नवाचार पहलों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए, जिसमें भावना कस्तूरिया द्वारा एआई आधारित सुरक्षा समाधान, रासायनिक प्रबंधन एवं सीमित स्थान (Confined Space) सुरक्षा पर प्रस्तुति दी गई। रिलायंस सासन, हिंडाल्को महान, अडानी पावर तथा एनटीपीसी विंध्याचल सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया गया, वहीं एम/एस करम द्वारा आधुनिक पीपीई एवं उन्नत सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञान साझा करने एवं औद्योगिक इकाइयों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का एक प्रभावी मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सेफ्टी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## प्रशिक्षण के दूसरे दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खेल आधारित गतिविधियों की दी जानकारी



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बाल विकास परियोजना द्वारा विकासखंड कार्यालय सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सक्रिय खेल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य सेविका कामनी पाल ने बताया कि 16 मार्च से 18 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकत्रियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन बाल विकास परियोजना अधिकारी नम्रता गुप्ता ने आधारशिला पुस्तक के माध्यम से खेल आधारित सीखने की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आयु के अनुसार उपयुक्त खेलों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को मजबूत करने और पहले सिखाए गए खेलों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य सेविका वंदना देवी, आरती सिंह, शशिकांती, ब्लॉक समन्वयक मोहम्मद आमिर सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# हेमवती नन्दन बहुगुणा लोकप्रिय राजनेता एवं कुशल प्रशासक थेः योगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 हेमवती नन्दन बहुगुणा जी की पुण्यतिथि पर आज योजना भवन, लखनऊ में उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय हेमवती नन्दन बहुगुणा जी एक लोकप्रिय राजनेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुशल प्रशासक थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य के जनपद पौड़ी गढ़वाल के एक गांव में हुआ था। उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा गांव में प्राप्त करने के उपरान्त आगे की उच्च शिक्षा के लिए प्रयागराज गये, जहां वे छात्र जीवन से ही स्वतंत्रता आन्दोलन से सक्रिय रूप से जुड़ गए। उन्होंने स्वाधीनता आन्दोलन में सामाजिक जन जागरूकता और राष्ट्रीय चेतना को प्रखर रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद प्रयागराज में वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान एक छात्र नेता के रूप में स्व0 बहुगुणा जी की गिरफ्तारी भी हुई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात स्वतंत्र भारत में उन्होंने प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री, मंत्री तथा केन्द्र सरकार में मंत्री के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश एवं देश के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 हेमवती नन्दन बहुगुणा जी ने उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान की तथा प्रयागराज को विशेष पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्व0 बहुगुणा जी आज हमारे बीच भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, परन्तु उनके द्वारा किये गये कार्य सदैव समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं राष्ट्र की समृद्धि को आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज कुलदीप यादव के रिसेप्शन समारोह में सेंट्रम होटल पहुंचकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

## इलाहाबाद और लखनऊ बेंच पर नई व्यवस्था लागू

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के स्थापना दिवस (17 मार्च, 1866) को एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में चिन्हित करने के उद्देश्य से, अब इस तिथि को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सभी माननीय न्यायालयों (इलाहाबाद और लखनऊ खंडपीठ, दोनों) द्वारा 17 मार्च 2026 से पारित नॉन-ए.एफ. आर. अंतिम निर्णय/आदेशों के हिंदी अनुवाद की शुरुआत की जा रही है। ज्ञात हो कि अब तक कुछ विशिष्ट श्रेणियों के निर्णयों का हिंदी अनुवाद किया जा रहा था। यह अनुवादित निर्णय यायालय की वेबसाइट पर डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगे। न्यायिक कार्यवाही को सुगम बनाने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने घोषणा की है कि वह सभी न्यायालयों द्वारा 17 मार्च 2026 से निर्णित किए जाने वाले तीन पृष्ठों या उससे अधिक के नॉन-ए.एफ.आर. अंतिम निर्णयों/ आदेशों का करेगा।

# मुसलमान को ज्यादा से ज्यादा अफ्तार का एहतमाम करना चाहिए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन राहत फाउंडेशन के अध्यक्ष इमरान खान उपाध्यक्ष जीशान खान, सचिव मो जुनैद अहमद ने तमाम मेहमानों का गुलदस्ता पेश कर खैर मख़दम किया।इस अवसर पर अबुल इरफान मियां फिरंगी महंली काजी शहर लखनऊ ने अपने खिताब में फरमाया कि रोज़ा रखने वाले को इफ्तार कराना बहुत सवाब का काम है। अल्लाह के रसूल ने फरमाया जो कोई रोज़ा रखने वाले को इफ्तार कराएगा, उसे उस रोज़ा रखने वाले के बराबर सवाब मिलेगा, और रोजा रखने वाले के सवाब में कोई कमी भी नहीं होगी।

मुफ्ती अबुल इरफ़ान मियां फिरंगी महली ने फरमाया कि रोज़ा गुनाहों को माफ कराता है, रोज़ा खुलवाने वाले को जन्नत में दाखिला मिलता है, रोज़ा खुलवाने से अल्लाह की रज़ा मिलती है और रोज़ा रखने का सवाब बढ़ता है। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक लोगों को इफ्तार में दावत देने का प्रयास करना चाहिए और नियमित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अल्लाह को राज़ी करना आसान हो और रोज़ा रखने वाले सभी लोगों की दुआएं हासिल हो सकें।इमरान खान अध्यक्षइंडियन राहत फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने बयान में कहा कि प्रत्येक मुसलमान को अपनी क्षमता के अनुसार जनसेवा करनी चाहिए, जिससे उसे इस दुनिया और आखिरत में आसानी पैदा हो। इंडियन राहत फाउंडेशन लगभग तीन वर्षों से जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि इसे अपनी दुआओं में याद रखें ताकि फाउंडेशन और अधिक मिल्ली खिदमात अंजाम दे सके।इफ्तार में विशेष रूप से शामिल होने वालों में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, शाह सबाहत हसन शाह सज्जादा नशीन दरगाह दादा मियां सदर , मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली महासचिव इदारा शरिया फिरंगी महल, अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी, कुवर बासित अली अध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा भाजपा, रवि दास मल्होत्रा विधायक समाजवादी पार्टी, सैय्यद फैजी भाजपा नेता, आमिल शम्सी भाजपा नेता, जुनैद अहमद, एडवोकेट आमिर रसूल, एडवोकेट फैजान फिरंगी महली मौजूद रहे।



इंडियन राहत फाउंडेशन ट्रस्ट के ज़ेरे एहतमाम आज़ाद मोहाल कैंट सदर में रोज़ा इफ्तार का एहतमाम किया गया जिसमें शहर के नाम चिन्ह हस्तियों ने शिरकत की

# ऋषभ पंत, शमी और मोहसिन भी लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़े, की प्रेक्टिस

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने आज इकाना स्टेडियम में जोरदार अभ्यास किया। कप्तान ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी व मोहसिन खान भी सोमवार रात लखनऊ पहुंच कर टीम से जुड़ गए थे।



मंगलवार शाम को ऋषभ पंत के साथ मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, आवेश खान, मयंक यादव और अर्जुन तेंदुलकर ने भी जमकर पसीना बहाया। पंत को गेंदबाजों के खिलाफ थोड़ा खुला रुख अपनाते हुए देखा गया, जो उन्हें अटैकिंग स्ट्रोक खेलने में मदद कर रहा है। यही नहीं मोहसिन और शमी की स्विंग गेंदबाजी ने भी प्रशिक्षकों को काफी प्रभावित किया। अन्य बल्लेबाजों आयुष बडोनी, अक्षत रघुवंशी, हिम्मत सिंह, अब्दुल समद ने भी काफी देर तक अभ्यास किया। इस बीच, टीम के ग्लोबल क्रिकेट डायरेक्टर टॉम मुडी, मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर भी मौजूद थे और खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी प्रदान करते रहे। लखनऊ सुपर जायंट्स का पहला मैच 1 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इकाना स्टेडियम में होगा। कप्तान ऋषभ पंत का मंगलवार को एलएसजी ब्रिगेड के सदस्यों ने ताज होटल के प्रांगण में फूलों की बौछार करके स्वागत किया। ऋषभ पंत ने कई फैन्स को फोटो व सेल्फी भी दी। ऋषभ को अपने बीच देखकर फैन्स की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# बीएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (200 बेड) का भव्य उद्घाटन आज बीएन कॉम्प्लेक्स, बक्शी का तालाब, लखनऊ में संपन्न हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के. एन. सिंह पटेल उपस्थित रहें और उद्घाटन किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन महेश सिंह पटेल द्वारा की गई।

अतिथियों का स्वागत करते हुए वाईस चेयरमैन रजत पटेल ने बताया की बी एन हॉस्पिटल क्षेत्र की जनता के लिए बहुत ही उपयोगी होगा तत्काल इलाज मिल सके इसके लिए एम्बुलेंस का पूरा नेटवर्क तैयार किया गया हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस हॉस्पिटल में मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, ऑर्थोपेडिक्स, जनरल सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ईएनटी, न्यूरो साइंसेज, यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एनेस्थीसिया, प्लास्टिक सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा सहित कई विभागों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

साथ ही आईसीयू, पीआईसीयू और क्रिटिकल केयर जैसी सुविधाएं भी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। इस अवसर पर उद्यमी राकेश सिंह,संदीप चौहान, डॉ के के सिंह, विजय प्रताप सिंह, प्रताप सिंह वर्मा, डॉ रमेश सिंह, आर्किटेक्ट सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया , जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया।

## खनन विभाग द्वारा राजस्व प्रबंधन एवं कार्मिक क्षमता विकास के लिए किये जा रहे प्रयास

**लखनऊ (अवधनाम ब्यूरो)** सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव ने बताया कि खनन विभाग द्वारा राजस्व प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर पहल की जा रही है, इस हेतु उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को व्यापक दिशा निर्देश दिये हैं। शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाले राजस्व के देयता विश्लेषण हेतु माला श्रीवास्तव द्वारा निदेशालय स्तर पर मदवार नोडल अधिकारियों को नामित किये गये हैं, साथ ही प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले जनपदों में राजस्व प्राप्ति की गहन समीक्षा के लिए भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। अन्य राज्यों से प्रदेश में आने वाले खनिजों के संबंध में कहा गया है कि किया गया है कि संबंधित राज्य के परिवहन प्रपत्र जारी होने के समय ही उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आईएसटीपी की धनराशि जमा करायी जाये।

## चांद देखने की अपील

**लखनऊ।** चांद कमेटियों ने माहे मुबारक रमजान की 29 तारीख गुरुवार को मुसलमानों से इस्लामी महीने शव्वाल का चांद देखने की अपील की है। शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने लोगों से 19 मार्च को शव्वाल का चांद देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि चांद की तस्दीक होने और चांद की जानकारी के लिए रात 8 बजे के बाद मोबाइल नम्बर 9839097407, 9415784680, 9651623004, 7905912573 तथा 9621168 661 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# 'महदवी समाज' क्लासों का सफल समापन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मरकज़-ए-तालीम-ओ-तरबियत ट्रस्ट की देखरेख में शहर भर में चल रही एक महीने की खास 'महदवी समाज' क्लासें खुदा के फज़्ल (कृपा) से सफलतापूर्वक पूरी हो गई हैं। इन क्लासों में छात्र-छात्राओं और मोमिनों (श्रद्धालुओं) की बड़ी तादाद ने न सिर्फ हिस्सा लिया, बल्कि अपने ज्ञान और तरबियत (संस्कार) में बहुत इज़ाफ़ा (बढ़ोतरी) भी किया।

इस सिलसिले में मौलाना सैयद मोहम्मद मियां आबिदी साहब ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमने रमज़ान के इस बरकत वाले महीने में अपने आका और मौला इमाम-ए-ज़माना (अ.स.) के लिए वक़्त निकाला और उनकी कृपा हासिल की। याद रहे कि यह काम सिर्फ एक महीने के लिए नहीं है, बल्कि यह एक महीना तो सिर्फ एक प्रैक्टिस (अभ्यास) है, ताकि हम पूरे साल, हर पल अपने वक़्त के इमाम से जुड़े रह सकें और अल्लाह की बारगाह में उनके ज़रिए अपने सभी कामों में बेहतरी ला सकें।

मौलाना ने आगे कहा कि ये क्लासें आज के वक़्त की बड़ी ज़रूरत हैं और लोगों की तरफ से मिलने वाला उत्साह इस बात की निशानी है कि आने वाले वक़्त में भी यह जोश और जज़्बा बना रहेगा। बताते चलें कि ये क्लासें लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में 18 से 19 सेंटर्स पर कामयाबी के साथ आयोजित की गई इम्तिहान (परीक्षा) की जानकारी क्लासों में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं का लिखित इम्तिहान 18 मार्च को उनके अपने-अपने सेंटर्स पर होगा। मैनेजमेंट के मुताबिक

**कर्बला दियानत-उद-दौला** यहाँ इसके आस-पास के सभी सेंटर्स के स्टूडेंट्स का इम्तिहान लिया जाएगा। छोटा इमामबाड़ा- यहाँ आस-पास के सेंटर्स का एक साथ (कंबाइंड) इम्तिहान होगा।




# रमज़ान इंसानियत, सब्र और मोहब्बत का असली रास्ताः अरमान

- अरमान खान के इफ्तार में उमड़ा जनसैलाब,दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक
- रोज़ा इफ्तार बना सामाजिक सौहार्द का प्रतीक,लोगों ने की अमन शांति और खुशहाली की दुआ



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पाक माह-ए-रमज़ान की रौनक और बरकतों के बीच लखनऊ पश्चिम क्षेत्र में एक भव्य रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। चौपटिया पावर हाउस पार्क के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों रोज़ेदारों और स्थानीय नागरिकों ने एक साथ बैठकर रोज़ा खोला। आयोजन लखनऊ पश्चिम के लोकप्रिय विधायक अरमान खान की ओर से किया गया, जिसमें आपसी भाईचारे, मोहब्बत और गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली।

इफ्तार के दौरान रोज़ेदारों के लिए खजूर, ताज़े फल, शरबत, जूस और अन्य लजीज़ व्यंजनों का विशेष इंतज़ाम किया गया था। जैसे ही मग़रिब की अज़ान हुई, सभी रोज़ेदारों ने सामूहिक रूप से रोज़ा खोला और अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिकता और सौहार्द से सराबोर नजर आया।

विधायक अरमान खान ने अपने संबोधन में कहा कि रमज़ान का पाक महीना हमें सब्र, रहमत, मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करते हैं तथा लोगों के दिलों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि रमज़ान हमें यह भी सिखाता है कि हमें समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए और इंसानियत के रास्ते पर चलना चाहिए।

इफ्तार के बाद देश की अखंडता, अमन-चैन, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने के लिए विशेष दुआ की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली की कामना की।

रोज़ा इफ्तार सामाजिक एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब की एक शानदार और प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आया।

## रोज़ेदारों के लिए रोज़ा खोलने के लिए घर घर वितरण कराया पैकेट

**काकोरी।** लखनऊ में मंगलवार को रमजान माह के अंतिम चरण में रोजा रखने वाले रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के द्वारा एक स्थान पर इफ्तार पार्टी न करके घर की महिला रोजेदारों के लिए खजूर , जूस व फल को पैक कराकर मीडिया प्रभारी राजेश रावत द्वारा अपने पैतृक गांव ग्राम पंचायत मंडौली में घर घर वितरण कराया गया। पैकेट लेने के बाद माता बहनों ने कहा कि इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार और स्थानीय लोग शामिल होते हैं लेकिन हम महिलाओं को पहली बार ध्यान में रखकर रोजा इफ्तार करने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) द्वारा पैकेट पहुंचाए गए हैं जो अपने आप सराहनीय कदम उठाया गया है। मंगलवार को इफ्तार का समय होते ही रोजेदारों ने सुन्नत के अनुसार पैकेट से खजूर और जूस से अपना रोजा खोला। इस तरह के आयोजन करने के लिए पार्टी संस्थापक स्वश राम विलास से प्रेरणा मिली है जिसको पार्टी के वर्तमान नेता चिराग पासवान भी भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश



देते हुए सोमवार को पटना में पार्टी कार्यालय पर रोजा इफ्तार पार्टी कार्यक्रम को देखने को मिला। वितरण करने के लिए पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष कमाल अमहद, सफीक अहमद उर्फ पप्पू नेता, सलमान, आइहा ,प्रेम चन्द्र, सफीजान सहित अन्य कई गणमान्य मौजूद रहे, उपस्थित अन्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी के नेता राम विलास की विचारधारा पर चलती हुई पार्टी की परम्परा को आज भी जिंदा किये हैं।

